Initiative for Moral and Cultural Training Foundation [IMCTF]

Personality Development

(Hindi)

IMCTF PATRON

Pujya Swami Dayananda Saraswati
Founder, Arsha Vidya Gurukulam

IMCTF ADVISORY COMMITTEE

Chairperson

Sri. S. Gurumurthy, FCA
Original Thinker, Well-known writer, Corporate Advisor,
Visiting faculty IIT, Bombay, Distinguished Professor, SASTRA University.

Vice Chairpersons

Dr. Selvi Padma Subrahmanyam
Scholar & Artiste

Dr. Sri. T.K. Parthasarathy
Pro-Chancellor, SRMC University,
President, Bharateeya Vidya Bhavan,

Members

Dr. Smt. Y.G.Parthasarathy
Dean, Padma Seshadri Group of Schools

Dr. Sri. Vaidhyasubramaniam
Vice Chancellor, SASTRA University

Dr. Sri. M.D.Srinivas,
Director, Centre for Policy Studies

Sri. Kailashmull Dugar,
President, Sri Jain Medical society

N.C. Sridharan,
Correspondent, R.M.Jain Vidyashram, Thiruvallur

Sri. Gopal Srinivasan
Managing Director, TVS Group

Dr. Smt. Jaya Venugopal
Educationist

Dr. Sri. S.Muthukumaran,
Former Vice Chancellor, Bharati Dasan University

Dr. Sri. A. Kanakaraj,
Founder Chairman, Jaya Group of Educational Institutions

Prof. K.Varadarajan,
Economist, Director, Centre for Civilisation Studies

Sri. Jayadev
General Secretary, Tamilnadu Arya Samaj Educational Society

Sri. P. Haridas
Senior Advocate

IMCTF TRUSTEES

Chairman

Sri. Rajesh Malhotra
Business, Secretary, Punjab Association Group of Schools

Managing Trustee

Smt. R. Rajalakshmi
Business, Trustee, Hindu Spiritual Service Foundation

Secretary

Sri. K. Prabhakar, FCA

Trustees

Dr. Smt. Thangam Meganathan
Chairperson, Rajalakshmi Educational Institutions

Sri. T. Chakravarthy
Secretary, Vivekananda Educational Society, President, Vidya Bharathi

Dr. Sri. Nandakumar R Dave
Sanskrit Scholar & Educationist

Sri. S.Varadarajan
Correspondent & Secretary, Dayananda Anglo Vedic Schools

Smt. Arthi Ganesh
Pro Chancellor, Vels University

Sri. M.Namasivayam
Senior Principal, Maharishi Group of Schools

Sri. S. Viswanathan
Secretary, Sankara Eye Hospital, Pammal

Sri. P. Ganapathy
Business

Initiative for Moral and Cultural Training [IMCTF]

Personality Development

(Hindi)

Details

Book Name	:	Personality Development (Hindi)
Edition	:	2015
Pages	:	160
Size	:	Demmy 1/8
Published by	:	**Initiative for Moral and Cultural Training Foundation (IMCTF)** *Head Office :* 4th Floor, Ganesh Towers, 152, Luz Church Road, Mylapore, Chennai - 600 004. *Admin Office :* 2nd Floor, "Gargi", New No.6, (Old No.20) Balaiah Avenue, Luz, Mylapore, Chennai - 600 004. Email : imcthq@gmail.com, Website : www.imct.org.in

This book is available on

Website	:	www.imct.org.in
Printed by	:	Enthrall Communications Pvt. Ltd., Chennai - 30

© Copy Rights to IMCTF

Personality Development - Hindi

Index

Class 1

1. तुक (Rhyme) 13
2. भाषण विषयक (Oratorical Topics) 14
3. कविताएं (Poems) 14
4. कहानियाँ (Stories) 16
5. प्रहसन विषय (Skit Topics) 27
6. पारिवारिक संबंध (Family relations) 27
7. महीनों के नाम (Months) 28
8. वार - Days 29

Class 2

2. भाषण विषयक (Oratorical Topics) 30
3. कविताएं (Poems) 32
4. कहानियाँ (Stories) 36
5. प्रहसन विषय (Skit Topics) 41
6. पौधों के नाम - Plants Name 42
7. फूलों के नाम - Flowers Name 42
8. पक्षियों के नाम (Birds names) 43

Class 3

1. तुक (Rhyme) 45
2. भाषण विषयक (Oratorical Topics) 47
3. कविताएं (Poems) 48
4. कहानियाँ (Stories) 51
5. प्रहसन विषय (Skit Topics) 56
6. जानवरों के नाम (Animals Names) 56
7. पेड़ों के नाम (Trees Name) 57

Class 4

1. तुक (Rhyme) 59
2. भाषण विषयक (Oratorical Topics) 61

3. कविताएं (Poems) 61
4. कहानियाँ (Stories) 66
5. प्रहसन विषय (Skit Topics) 70
6. ऋतु - Season 71
7. नवग्रह (Nine Planets) 71
8. पांच भूता (The five prime elements of nature) 71

Class 5

1. तुक (Rhyme) 72
2. भाषण विषयक (Oratorical Topics) 72
3. कविताएं (Poems) 73
4. कहानियाँ (Stories) 75
5. प्रहसन विषय (Skit Topics) 88
6. भारत की प्राचीन आदर्श नारियाँ 88
7. इतिहास में अमिट रहेंगी पांच पत्नियां 88
8. क्रांतिकारी महिलाए 90

Class 6

1. तुक (Rhyme) 91
2. देशभक्ति के गीत (Patriotic Songs) 92
3. भाषण विषयक (Oratorical Topics) 94
4. कविताएं (Poems) 94
5. कहानियाँ (Stories) 97
6. प्रहसन विषय (Skit Topics) 101
7. परमवीर चक्र हासिल करनेवाले वीरों की सूची 101
8. भारत के राष्ट्रीय चिन्ह 102

Class 7

1. भाषण विषयक (Oratorical Topics) 103
2. कविताएं (Poems) 103
3. निबंध लेखन विषय (Essay Writing Topics) 107
4. नाटक विषय (Drama Topics) 107
5. सामूहिक चर्चा विषय (Group Discussion Topics) 107
6. कहानी लिखना (Story Writing) 107
7. कविता लिखना (Poem Writing) 107

Class 8

1. भाषण विषयक (Oratorical Topics) 108
2. कविताएं (Poems) 108
3. निबंध लेखन विषय (Essay Writing Topics) 114
4. नाटक विषय (Drama Topics) 114
5. सामूहिक चर्चा विषय (Group Discussion Topics) 114
6. कहानी लिखना (Story Writing) 114
7. कविता लिखना (Poem Writing) 114

Class 9

1. भाषण विषयक (Oratorical Topics) 115
2. कविताएं (Poems) 115
3. निबंध लेखन विषय (Essay Writing Topics) 119
4. नाटक विषय (Drama Topics) 119
5. सामूहिक चर्चा विषय (Group Discussion Topics) 120
6. कहानी लिखना (Story Writing) 120
7. कविता लिखना (Poem Writing) 120

Class 10

1. भाषण विषयक (Oratorical Topics) 121
2. कविताएं (Poems) 121
3. निबंध लेखन विषय (Essay Writing Topics) 130
4. नाटक विषय (Drama Topics) 131
5. सामूहिक चर्चा विषय (Group Discussion Topics) 131
6. कहानी लिखना (Story Writing) 131
7. कविता लिखना (Poem Writing) 131

Class 11

1. भाषण विषयक (Oratorical Topics) 132
2. कविताएं (Poems) 132
3. निबंध लेखन विषय (Essay Writing Topics) 136
4. नाटक विषय (Drama Topics) 136
5. सामूहिक चर्चा विषय (Group Discussion Topics) 136
6. कहानी लिखना (Story Writing) 136
7. कविता लिखना (Poem Writing) 136

Class 12

1. देशभक्ति के गीत (Patriotic Songs) 137
2. भाषण विषयक (Oratorical Topics) 141
3. कविताएं (Poems) 141
4. निबंध लेखन विषय (Essay Writing Topics) 146
5. नाटक विषय (Drama Topics) 146
6. सामूहिक चर्चा विषय (Group Discussion Topics) 146
7. कहानी लिखना (Story Writing) 146
8. कविता लिखना (Poem Writing) 146

पहेलीयां (Puzzles) 147
मुहावरे (Proverbs) 153

Acknowledgement

Initiative for Moral and Cultural Training Foundation [IMCTF] is grateful to the dedicated team of Trustees, members of Organising Committee and eminent scholars from diverse fields for their totally voluntary work and support for compiling the ten volumes magnum opus from the various ancient texts for competitions and games based on the six themes of the IMCTF, namely --

i. Conserve Forest and Protect Wildlife
ii. Preserve Ecology
iii. Sustain Environment
iv. Inculcate Family and Human Values
v. Foster Women's Honour
vi. Instil Patriotism

In addition, the revised set of the above mentioned six themes' compilation have been completed by the IMCTF.

The west-centric modernity has belittled all the values and virtues in the young minds. IMCTF's endeavour is to retrieve, revive and re-instate these magnificent assets back to Bharat maata's children who can guide the world at cross roads. With this stimuli, various assosciates of IMCTF came forward voluntarily to contributed their might.

In order to promote reverence to the aforesaid six values through competitions, the IMCTF sought the contribution of the Trustees, Organising Committee members,teachersand various eminent scholars to work for building literature base drawn from our ancient literatures and traditional lifestyle.

The volumes totalling to several hundred pages are the output of tireless efforts by the team of scholars, artists and teachers who have toiled hard to study, identify and select relevant materials from hundreds of ancient scriptures and literary works by various saints and seers.

A large corpus of literature on

1. Devotion – i. Tamizh
   ii. Hindi
   iii. Sanskrit

2. Personality Development – i. Tamizh

ii. Hindi

iii. Sanskrit

iv. English

3. Arts and Crafts - English

4. Culture and Fine arts - Tamizh and English

5. Traditional Games [Indian Native Games] – English and Tamil

has been compiled for the use of students in the competitions to be conducted for lakhs of students.

has been compiled for the use of students in the competitions to be conducted for lakhs of students.

We express our gratitude to the teachers and the educational institutions who deputed them for helping and accomplishing this herculean task.

1. L.Kalavathy, Smt. Kasturba Nimchand Shah P.Muthyalu Chetty Vivekananda Vidyalaya Junior College, Perambur
2. Umadevi, Smt. Kasturba Nimchand Shah P.Muthyalu Chetty Vivekananda Vidyalaya Junior College, Perambur
3. Smt.K.Sindu, Sri Ram Dayal Khemka Vivekananda Vidyalaya Junior College, Thiruvottiyur
4. K. Suganya, Smt. Narbada Devi J. Agarwal Vivekananda Vidyalaya Junior College, Vyasarpadi
5. Smt.N.Krishnakumari, Smt. Narbada Devi J. Agarwal Vivekananda Vidyalaya Junior College, Vyasarpadi

We express our happiness for the persistent assistance received from the following volunteers working at Gargi, the office of IMCTF.

1. Mrs. Lakshmi Harish

We appreciate the innovative inputs by the designers Mr. Prem kumar, Sri. Sivakumar and Bhaskar, Enthrall Communications.

Thematic Personality development

There is a misconception that manners and character are identical. Manners are external behavioural norms. But Character is internalised virtue. Westernisation obliterated the distinction between the two and emphasised the external which masked the internal — with the result the acceptable externals concealed the unacceptable internals. The external appearance became so dominant that it was perverted as the manifestation of the internalised virtues. There is a world of difference between the two

Manners defines how person should dress, move, eat, walk, and talk and behave externally, It is defined by external behaviour of a person — dress manners, table manners, taking manners etc. The difference between character and manner is as wide as the difference between the external appearance of a persons body or body language and the evolved mind within. The difference is as much between a good person and a person who appears a good person.

Many great saints, seers, siddha purushas and other evolved souls will externally look odd and even abnormal. Their externals — dress, movements, eating, walking or talking may not be acceptable to thew well-mannered people. But no one can deny that they are tall men and taller than those who have very loveable manners. On the contrary many well mannered look so attractive that many would tend to accept them and even follow their manners. But externals do not depict the internal character of a person. While manners depends on appearance, character depends on values. Samskarams [mental training] alone will ingrain and implant values in a person. It is a process — long and continuous. There is no short cut to it like learning of dressing or table manners. This is not to say that manners or externals are unnecessary. But they are not adequate. One should not stop with acquiring good manners without building value systems. Manners without built in values [character building] is only theatrical. That is why imparting samskarams [moral and cultural training] is needed so that there is no gap between a person's acceptable behaviour externally and internalised values.

But unfortunately by mixing up the two — and mistaking the external appearance for the internal evolution — there huge confusion particularly in the field of education where character building is very essential. Character or value building is actually the personality development which makes a student a good son or daughter, good brother and father, good sister and mother, good friend and neighbour. The pressure to build good manners to make the students behave acceptably outside is so overemphasised, that the real value building has taken back seat in the shaping of a student in the architecture and ecology of today's educational institutions. Good external behaviour is replacing good internal character. This is not a good development. When a student evolves internally, his external manners also become acceptable. But the vice versa is not true as the value building needs good samskarams but the acquiring manners is comparatively easy as even peer pressure is adequate to build manners. This overemphasis on manners has underemphasised value building and moulding character - which is the very essence of personality development.

For imparting and inculcating values in students which makes them transcend as just individuals but as emotionally and sentimentally part of the larger humanity and even the infinite idea of creation the IMCTF has, after extensive study and research, designed six themes or value systems. The themes or values are imparted and implanted by samskarams by use of symbols. For example, the value of forest conservation is imparted through the samskaram of Reverence for plants and wild animals through worship of trees [Vriksha Vandanam] and snakes [Naga Vandanam] by using the trees as symbol of forests and snakes as symbols of wild animals. The six themes, samskarams and symbols are:

S. No.	Theme	Samskaram	Symbols
1	Conserve Forest and Protect Wild life	Reverence for Plants & Wild Animals	Vruksha Vandanam Naaga Vandanam
2	Preserve Ecology	Reverence for all Plant Kingdom and Animal Kingdom	Go Vandanam Gaja Vandanam Tulasi Vandanam
3	Sustain Environment	Reverence for Mother Earth, Rivers and Nature	Bhoomi Vandanam Ganga Vandanam
4	Inculcate Family & Human Values	Reverence for Parents, Teachers and Elders	Maathru-Pitru Vandanam Aacharya Vandanam Aditi Vandanam
5	Foster Women's Honour	Reverence for Girl Children and Motherhood	Kanya Vandanam Suvaasini Vandanam
6	Instill Patriotism	Reverence for Nation and National War Heroes	Bhaarat Maata Vandanam Param Veer Vandanam

These six values are contemporary need, in fact a compulsion. But to develop these values the mind has to melt and evolve. It cannot be acquired by reading books or listening to lectures. Samskarams or mental training which melts the mind is needed to ingrain these values. Mere intellectual appreciation will not penetrate the deeper consciousness, subconscious, of a person which is necessary to influence and shape one's conduct and lifestyle. For that a deeply penetrating training is needed. This is called as samskarams in our traditions.

How this deep consciousness is created? If a person worships tree as divine through the samskarams and symbolism of tree, he subconsciously realises and establishes emotional like and relation with the tree and the forest and makes one see the tree as part of one's own life. Destroying a tree becomes a huge sin in his mind. This puts a restraint on human propensities to see trees and forests as just resources for consumption and conserves forests and wild life

which laws are unable to do. This makes a person intensely feel that growing trees is a sacred puny and destroying a tree is a grave sin. At that level of consciousness, one ceases to see trees as just trees but as divinity in tree form.

Likewise, whether it is cow or Tulasi, snake or elephant, ganga or bhumi, father mother teacher or any elder, kanya girls or women who have attained motherhood, it is mother land or those who have laid down their lives for the mother land, revering and worshipping them all ingrains the values each of them symbolises.

All these traditional values are imperatives for the contemporary world. It connects the modern world with the traditions of the Indian society — while in rest of the world of today there is huge conflict between tradition and modernity. Here tradition and modernity converge. But modern thoughts cannot promote these traditional values. Modern models of communication cannot penetrate the deeper consciousness of a person. These values are embedded in our ancient literature and in our way and style of life which shows the way to navigate through the conflict between modernity and tradition in our country. This volume comprises the pearls of emotional, sentimental and intellectual wisdom contained in multifarious sacred texts of India, particularly Tamizh Nadu. This has been compiled from the texts listed here:

1) Ramayana - Valmiki
2) Padma Purana
3) Srimad Bhagavad-Gita
4) Panchatantra - Vishnu Sharma

This compilation will enable the students to acquire the value systems by practising the samskarams which are explained and celebrated in the literature compiled here. There is no doubt for the sincere seeker who wants to acquire higher wisdom and character this volume will be an escalator.

S. Gurumurthy
Chairman, Advisory Committee

Class - I

तुक (Rhyme)

1. प्रार्थना

हे! भगवान तुझे प्रणाम,
तेरे बच्चे हम हो सच्चे,
पढ़ लिखेंगे योग्य बनेंगे,
काम करेंगे नहीं डरेंगे,
नित्य बढ़ेंगे बढे चलेंगे,
दो वरदान हे! भगवान....|
Hey! Bhagwaan Tujhe Pranaam,
Tere Bachchey Hum Ho Sachchey,
Padh Likhenge Yogya Banenge,
Kaam Karenge Nahin Darenge,
Nitya Badhenge Badhe Chalenge,
Do Vardaan Hey! Bhagwaan....

Reference: http://hindiquotes.org/kids-rhymes-poems-songs/

2. झूठ बोलना पाप है

झूठ बोलना पाप है,
तेरे गले में साँप है,
काली माई आएगी,
तुझको उठा ले जाएगी....
Jhooth Bolna Paap Hai,
Tere Gale Mein Saanp Hai,
Kaali Maayi Aaegi,
Tujhko Utha Le Jaaegi....

भाषण विषयक (Oratorical)

3. विषय (Topics)

1. माता पिता का आदर करना
2. क्यों महत्व है गुरुदक्षिणा
3. आदर्श अध्यापक
4. आदर्श बालक
5. मेरी माँ

कविताएं (Poems)

1. माता-पिता — सोनलपंवार

माता-पिता ,
ईश्वर की वो सौगात है ,
जो हमारे जीवन की अमृतधार है !
आपसे ही हमारी एक पहचान है ,
वरना हम तो इस दुनिया से अनजान थे !
आपके आदर्शों पर चलकर ही ,
हर मुश्किल का डटकर सामना करना सीखा है हमने !
आपने ही तो इस जीवन की दहलीज़ पर हमें ,
अंगुली थामे चलना और आगे बढ़ना सिखाया है ,
वरना एक कदम भी न चल पाने से हम हैरान थे !

2. क्या होता जो न होती माँ

इतनी भोली इतनी निश्छल ,
भोर सी पावन , फूल - सी कोमल ।
स्नेह के झरने - सी दो आँखें ।
स्नेह का सागर उस का मन ।
बच्चों के संग बच्ची है वह ,
कितना लम्बा उसका बचपन ।
तरह - तरह के खेल खिलाती ,

साँझ - ढले लोरी वह गाती ।
सारी - सारी रात जाग कर ,
नन्हें - मुन्ने को सहलाती ।
कही न होता कोई अपना ,
न होती जीवन में करूणा ,
क्या होता न होती माँ ।

3. मेरी माँ — नीशी अग्रवाल

'माँ' जिसकी कोई परिभाषा नहीं,
जिसकी कोई सीमा नहीं,
जो मेरे लिए भगवान से भी बढ़कर है
जो मेरे दुख से दुखी हो जाती है
और मेरी खुशी को अपना सबसे बड़ा सुख समझती है
जिसकी छाया में मैं अपने आप को महफ़ूज़
समझती हूँ, जो मेरा आदर्श है।

Reference: http://hindi.webdunia.com/mothers-day-2009/मेरी-माँ-109050900034_1.htm

4. गुरु वंदना — अभिनव कुमार

हे गुरुवर ! आपके चरणों में
हम शत-शत शीश झुकाते हैं !
अब याचक बन कर हे गुरुवर !
'कुंदन' तेरे दर आया है
तुझसे विद्या धन पाने को
खाली झोली फैलाया है
जिसने भी पाया ज्ञान तेरा
सर्वत्र वो पूजे जाते हैं
हे गुरुवर ! आपकी चरणों में
हम शत-शत शीश झुकाते हैं !

Reference: http://kundan1992.jagranjunction.com/2013/09/05/गुरु-वंदना/

5. गुरुवर तुझसे है वंदना — नृपेश शाह

ऐ मेरे गुरुवर मेरी तुझसे है वंदना,
करता रहूँ चरणों में तेरे सदा वंदना,
जय-जय गुरु संघना, जय-जय संत संघना
ऐसी शक्ति मुझको देना, करता रहूँ मै भक्ति प्रभु ना,
चूक करूँ कोई ना, यही तुझसे है वंदना
जय-जय गुरु संघना, जय-जय संत संघना

Reference: http://www.poemocean.com/recording/5328/

कहानियाँ (Stories)

1. श्री गणेश जी की कथा — पद्मपुराण

पूर्वकाल में पार्वती देवी को देवताओं ने अमृत से तैयार किया हुआ एक दिव्य मोदक दिया। मोदक देखकर दोनों बालक (कार्तिकेय तथा गणेश) माता से माँगने लगे।

तब माता ने मोदक के महत्व का वर्णन करते हुए कहा कि तुममें से जो धर्माचरण के द्वारा श्रेष्ठता प्राप्त करके सर्वप्रथम सभी तीर्थों का भ्रमण कर आएगा, उसी को मैं यह मोदक दूँगी।

माता की ऐसी बात सुनकर कार्तिकेय ने मयूर पर आरूढ़ होकर मुहूर्तभर में ही सब तीर्थों का स्नान कर लिया। इधर गणेश जी का वाहन मूषक होने के कारण वे तीर्थ भ्रमण में असमर्थ थे। तब गणेशजी श्रद्धापूर्वक माता-पिता की परिक्रमा करके पिताजी के सम्मुख खड़े हो गए।

यह देख माता पार्वतीजी ने कहा कि समस्त तीर्थों में किया हुआ स्नान, सम्पूर्ण देवताओं को किया हुआ नमस्कार, सब यज्ञों का अनुष्ठान तथा सब प्रकार के व्रत, मन्त्र, योग और संयम का पालन- ये सभी साधन माता-पिता के पूजन के सोलहवें अंश के बराबर भी नहीं हो सकते।

इसलिए यह गणेश सैकड़ों पुत्रों और सैकड़ों गणों से भी बढ़कर है। अतः यह मोदक मैं गणेश को ही अर्पण करती हूँ। माता-पिता की भक्ति के कारण ही इसकी प्रत्येक यज्ञ में सबसे पहले पूजा होगी।

2. श्रवण कुमार की कथा रामायण: अयोध्याकाण्ड

जो व्यक्ति अपने माता-पिता को प्रेम कर पाए, उसे ही मैं मनुष्य कहता हूं। गुरजिएफ नामक विद्वान का यह विचार यदि संपूर्णत: आचरण में आ जाए तो धरती को स्वर्ग बनते देर नहीं लगेगी। इस संदर्भ में श्रवणकुमार की पौराणिक कथा उल्लेखनीय है।

श्रवणकुमार के माता-पिता अंधे थे। श्रवणकुमार अत्यंत श्रद्धापूर्वक उनकी सेवा करते थे। एक बार उनके माता-पिता की इच्छा तीर्थयात्रा करने की हुई। श्रवणकुमार ने कांवर बनाई और उसमें दोनों को बिठाकर कंधे पर उठाए हुए यात्रा करने लगे। एक दिन वे अयोध्या के समीप वन में पहुँचे ।

वहाँ रात्रि के समय माता-पिता को प्यास लगी। श्रवणकुमार पानी के लिए अपना तुंबा लेकर सरयू तट पर गए। उसी समय महाराज दशरथ भी वहाँ आखेट के लिए आए हुए थे। श्रवणकुमार ने जब पानी में अपना तुंबा डुबोया, दशरथ ने समझा कोई हिरन जल पी रहा है। उन्होंने शब्दभेदी बाण छोड़ दिया। बाण श्रवणकुमार को लगा।

दशरथ को दुखी देख मरते हुए श्रवणकुमार ने कहा- मुझे अपनी मृत्यु का दुख नहीं, किंतु माता-पिता के लिए बहुत दुख है। आप उन्हें जाकर मेरी मृत्यु का समाचार सुना दें और जल पिलाकर उनकी प्यास शांत करें। दशरथ ने देखा कि श्रवण दिव्य रूप धारण कर विमान में बैठ स्वर्ग को जा रहे हैं। पुत्र का अग्नि संस्कार कर माता-पिता ने भी उसी चिता में अग्नि समाधि ली और उत्तम लोक को प्राप्त हुए।

सार यह है कि माता-पिता की सेवा अपार पुण्य का सृजन करती है। इसलिए अपनी व्यस्त दिनचर्या में से कुछ समय माता-पिता के लिए अवश्य निकालें, जो अपना संपूर्ण जीवन हमारी खुशियों के लिए होम कर देते हैं।

3. जब श्रीकृष्ण को देनी पड़ी गुरुदक्षिणा

द्वापर युग में जब भगवान श्रीकृष्ण अवतरित हुए और कंस का विनाश हो चुका, तब श्रीकृष्ण शास्त्रोक्त विधि से हाथ में समिधा लेकर और इन्द्रियों को वश में रखकर गुरूवर सांदीपनी के आश्रम गए। वहाँ वे भक्तिपूर्वक गुरू की सेवा करने लगे। गुरू आश्रम में सेवा करते हुए, गुरू सांदीपनी से भगवान श्रीकृष्ण ने वेद-वेदांग, उपनिषद, मीमांसादि षड्दर्शन, अस्त्र-शस्त्रविद्या, धर्मशास्त्र और राजनीति आदि

की शिक्षा प्राप्त की. प्रखर बुद्धि के कारण उन्होंने गुरू के एक बार कहने मात्र से ही सब सीख लिया। विष्णुपुराण के मत से 64 दिन में ही श्रीकृष्ण ने सभी 64 कलाएँ सीख लीं। जब अध्ययन पूर्ण हुआ, तब श्रीकृष्ण ने गुरू से दक्षिणा के लिए प्रार्थना की।

"गुरूदेव ! आज्ञा कीजिए, मैं आपकी क्या सेवा करूँ ?"

गुरूः "कोई आवश्यकता नहीं है। "

श्रीकृष्णः"आपको तो कुछ नहीं चाहिए, किंतु हमें दिए बिना चैन नहीं पड़ेगा. कुछ तो आज्ञा करें।"

गुरूः "अच्छा....जाओ, अपनी माता से पूछ लो। "

श्रीकृष्ण गुरूपत्नी के पास गये और बोलेः "माँ ! कोई सेवा हो तो बताइये।"

गुरूपत्नी जानती थीं कि श्रीकृष्ण कोई साधारण मानव नहीं बल्कि स्वयं भगवान हैं, अतः वे बोलीः "मेरा पुत्र प्रभास क्षेत्र में मर गया है। उसे लाकर दे दो, ताकि मैं उसे पयः पान करा सकूँ। "

श्रीकृष्णः "जो आज्ञा।"

श्रीकृष्ण रथ पर सवार होकर प्रभास क्षेत्र पहुँचे और वहाँ समुद्र तट पर कुछ देर ठहरे। समुद्र ने उन्हें परमेश्वर जानकर उनकी यथायोग्य पूजा की।

श्रीकृष्ण बोलेः "तुमने अपनी बड़ी-बड़ी लहरों से हमारे गुरूपुत्र को हर लिया था। अब उसे शीघ्र लौटा दो।"

समुद्रः "मैंने बालक को नहीं हरा है। मेरे भीतर पंचजन नामक एक बड़ा दैत्य शंखरूप से रहता है, निःसंदेह उसी ने आपके गुरूपुत्र का हरण किया है।"

श्रीकृष्ण ने तत्काल जल के भीतर घुसकर उस दैत्य को मार डाला, पर उसके पेट में गुरूपुत्र नहीं मिला. तब उसके शरीर का पांचजन्य शंख लेकर श्रीकृष्ण जल से बाहर आये और यमराज की संयमनीपुरी चले गये। वहाँ भगवान ने उस शंख को बजाया. कहते हैं कि उस ध्वनि को सुनकर नारकीय जीवों के पाप नष्ट हो जाने से वे सब बैकुंठ पहुँच गये. यमराज ने बड़ी भक्ति के साथ श्रीकृष्ण की पूजा की और प्रार्थना करते हुए कहाः "हे लीलापुरूषोत्तम ! मैं आपकी क्या सेवा करूँ ?"

श्रीकृष्णः "तुम तो नहीं, पर तुम्हारे दूत कर्मबंधन के अनुसार हमारे गुरूपुत्र को यहाँ ले आए हैं। उसे मेरी आज्ञा से वापस दे दो।"

'जो आज्ञा' कहकर यमराज उस बालक को ले आए.

श्रीकृष्ण ने गुरूपुत्र को, जैसा वह मरा था, वैसा ही उसका शरीर बनाकर, समुद्र से लाए हुए रत्नादि के साथ गुरूचरणों में अर्पित करके कहाः "गुरूदेव ! और जो कुछ भी आप चाहें, आज्ञा करें।"

गुरूदेवः "वत्स! तुमने गुरूदक्षिणा भली प्रकार से संपन्न कर दी। तुम्हारे जैसे शिष्य से गुरू की कौन-सी कामना अवशेष रह सकती है ? वीर! अब तुम अपने घर जाओ। तुम्हारी कीर्ति श्रोताओं को पवित्र करे और तुम्हारी पढ़ी हुई विद्या नित्य उपस्थित और नित्य नवीन बनी रहकर इस लोक तथा परलोक में तुम्हारे अभीष्ट फल को देने में समर्थ हों।"

4. एकलव्य की गुरुभक्ति महाभारत (1.123.10-39)

आचार्य द्रोण राजकुमारों को धनुर्विद्या की विधिवत शिक्षा प्रदान करने लगे। उन राजकुमारों में अर्जुन के अत्यन्त प्रतिभावन तथा गुरुभक्त होने के कारण वे द्रोणाचार्य के प्रिय शिष्य थे। द्रोणाचार्य का अपने पुत्र अश्वत्थामा पर भी विशेष अनुराग था इसलिये धनुर्विद्या में वे भी सभी राजकुमारों में अग्रणी थे, किन्तु अर्जुन अश्वत्थामा से भी अधिक प्रतिभावान थे। एक रात्रि को गुरु के आश्रम में जब सभी शिष्य भोजन कर रहे थे तभी अकस्मात् हवा के झौंके से दीपक बुझ गया। अर्जुन ने देखा अन्धकार हो जाने पर भी भोजन के कौर को हाथ मुँह तक ले जाता है। इस घटना से उन्हें यह समझ में आया कि निशाना लगाने के लिये प्रकाश से अधिक अभ्यास की आवश्यकता है और वे रात्रि के अन्धकार में निशाना लगाने का अभ्यास करना आरम्भ कर दिया। गुरु द्रोण उनके इस प्रकार के अभ्यास से अत्यन्त प्रसन्न हुये। उन्होंने अर्जुन को धनुर्विद्या के साथ ही साथ गदा, तोमर, तलवार आदि शस्त्रों के प्रयोग में निपुण कर दिया।

उन्हीं दिनों हिरण्य धनु नामक निषाद का पुत्र एकलव्य भी धनुर्विद्या सीखने के उद्देश्य से द्रोणाचार्य के आश्रम में आया किन्तु निम्न वर्ण का होने के कारण द्रोणाचार्य ने उसे अपना शिष्य बनाना स्वीकार नहीं किया। निराश हो कर एकलव्य वन में चला गया। उसने द्रोणाचार्य की एक मूर्ति बनाई और उस मूर्ति को गुरु मान कर धनुर्विद्या का

अभ्यास करने लगा। एकाग्रचित्त से साधना करते हुए अल्पकाल में ही वह धनुर्विद्या में अत्यन्त निपुण हो गया।

एक दिन सारे राजकुमार गुरु द्रोण के साथ आखेट के लिये उसी वन में गये जहाँ पर एकलव्य आश्रम बना कर धनुर्विद्या का अभ्यास कर रहा था। राजकुमारों का कुत्ता भटक कर एकलव्य के आश्रम में जा पहुँचा। एकलव्य को देख कर वह भौंकने लगा। इससे क्रोधित हो कर एकलव्य ने उस कुत्ते अपना बाण चला-चला कर उसके मुँह को बाणों से से भर दिया। एकलव्य ने इस कौशल से बाण चलाये थे कि कुत्ते को किसी प्रकार की चोट नहीं लगी किन्तु बाणों से बिंध जाने के कारण उसका भौंकना बन्द हो गया।

कुत्ते के लौटने पर जब अर्जुन ने धनुर्विद्या के उस कौशल को देखा तो वे द्रोणाचार्य से बोले, "हे गुरुदेव! इस कुत्ते के मुँह में जिस कौशल से बाण चलाये गये हैं उससे तो प्रतीत होता है कि यहाँ पर कोई मुझसे भी बड़ा धनुर्धर रहता है।" अपने सभी शिष्यों को ले कर द्रोणाचार्य एकलव्य के पास पहुँचे और पूछे, "हे वत्स! क्या ये बाण तुम्हीं ने चलाये है?" एकलव्य के स्वीकार करने पर उन्होंने पुनः प्रश्न किया, "तुम्हें धनुर्विद्या की शिक्षा देने वाले कौन हैं?" एकलव्य ने उत्तर दिया, "गुरुदेव! मैंने तो आपको ही गुरु स्वीकार करके धनुर्विद्या सीखी है।" इतना कह कर उसने द्रोणाचार्य की उनकी मूर्ति के समक्ष ले जा कर खड़ा कर दिया।

द्रोणाचार्य नहीं चाहते थे कि कोई अर्जुन से बड़ा धनुर्धारी बन पाये। वे एकलव्य से बोले, "यदि मैं तुम्हारा गुरु हूँ तो तुम्हें मुझको गुरुदक्षिणा देनी होगी।" एकलव्य बोला, "गुरुदेव! गुरुदक्षिणा के रूप में आप जो भी माँगेंगे मैं देने के लिये तैयार हूँ।" इस पर द्रोणाचार्य ने एकलव्य से गुरुदक्षिणा के रूप में उसके दाहिने हाथ के अँगूठे की माँग की। एकलव्य ने सहर्ष अपना अँगूठा दे दिया। इस प्रकार एकलव्य अपने हाथ से धनुष चलाने में असमर्थ हो गया तो अपने पैरों से धनुष चलाने का अभ्यास करना आरम्भ कर दिया।

5. संत पुंडलिक की मातृ-पितृ भक्ति

संत पुंडलिक माता-पिता के परम भक्त थे। एक दिन पुंडलिक अपने माता-पिता के पैर दबा रहे थे कि श्रीकृष्ण रुक्मिणी के साथ वहां प्रकट हो गए, लेकिन पुंडलिक पैर दबाने में इतने लीन थे कि उनका अपने इष्टदेव की ओर ध्यान ही नहीं गया।

तब प्रभु ने ही स्नेह से पुकारा, 'पुंडलिक, हम तुम्हारा आतिथ्य ग्रहण करने आए हैं।'

पुंडलिक ने जब उस तरफ दृष्टि फेरी, तो रुक्मिणी समेत सुदर्शन चक्रधारी को मुस्कुराता पाया।

उन्होंने पास ही पड़ी ईंटें फेंककर कहा, 'भगवन! कृपया इन पर खड़े रहकर प्रतीक्षा कीजिए। पिताजी शयन कर रहे हैं, उनकी निद्रा में मैं बाधा नहीं लाना चाहता। कुछ ही देर में मैं आपके पास आ रहा हूं।' वे पुनः पैर दबाने में लीन हो गए।

पुंडलिक की सेवा और शुद्ध भाव देख भगवान इतने प्रसन्न हो गए कि कमर पर दोनों हाथ धरे तथा पांवों को जोड़कर वे ईंटों पर खड़े हो गए। किंतु उनके माता-पिता को निद्रा आ ही नहीं रही थी। उन्होंने तुरंत आंखें खोल दीं। पुंडलिक ने जब यह देखा तो भगवान से कह दिया, 'आप दोनों ऐसे ही खड़े रहे' और वे पुनः पैर दबाने में मग्न हो गए।

भगवान ने सोचा कि जब पुंडलिक ने बड़े प्रेम से उनकी इस प्रकार व्यवस्था की है, तो इस स्थान को क्यों त्यागा जाए? और उन्होंने वहां से न हटने का निश्चय किया।

पुंडलिक माता-पिता के साथ उसी दिन भगवत्‌धाम चले गए, किंतु श्रीविग्रह के रूप में ईंट पर खड़े होने के कारण भगवान 'विट्ठल' कहलाए और जिस स्थान पर उन्होंने अपने भक्त को दर्शन दिए थे, वह 'पुंडलिकपुर' कहलाया। इसी का अपभ्रंश वर्तमान में प्रचलित 'पंढरपुर' है।

Reference : http://hindi.webdunia.com/religious-stories/संत-पुंडलिक-की-मातृ-पितृ-भक्ति-114062300051_1.html

6. गुरु का स्थान - पंचतन्त्र

एक राजा था। उसे पढने लिखने का बहुत शौक था। एक बार उसने मंत्री-परिषद् के माध्यम से अपने लिए एक शिक्षक की Raja aur Mahatmaव्यवस्था की। शिक्षक राजा को पढ़ाने के लिए आने लगा। राजा को शिक्षा ग्रहण करते हुए कई महीने बीत गए, मगर राजा को कोई लाभ नहीं हुआ। गुरु तो रोज खूब मेहनत करता थे परन्तु राजा को उस शिक्षा का कोई फ़ायदा नहीं हो रहा था। राजा बड़ा परेशान, गुरु की प्रतिभा और योग्यता पर सवाल उठाना भी गलत था क्योंकि वो एक बहुत ही प्रसिध और योग्य गुरु थे। आखिर में एक दिन रानी

ने राजा को सलाह दी कि राजन आप इस सवाल का जवाब गुरु जी से ही पूछ कर देखिये।

राजा ने एक दिन हिम्मत करके गुरूजी के सामने अपनी जिज्ञासा रखी, " हे गुरुवर , क्षमा कीजियेगा , मैं कई महीनो से आपसे शिक्षा ग्रहण कर रहा हूँ पर मुझे इसका कोई लाभ नहीं हो रहा है. ऐसा क्यों है ?"

गुरु जी ने बड़े ही शांत स्वर में जवाब दिया, "राजन इसका कारण बहुत ही सीधा सा है..."

"गुरुवर कृपा कर के आप शीघ्र इस प्रश्न का उत्तर दीजिये", राजा ने विनती की।

गुरूजी ने कहा, "राजन बात बहुत छोटी है परन्तु आप अपने 'बड़े' होने के अहंकार के कारण इसे समझ नहीं पा रहे हैं और परेशान और दुखी हैं। माना कि आप एक बहुत बड़े राजा हैं। आप हर दृष्टि से मुझ से पद और प्रतिष्ठा में बड़े हैं परन्तु यहाँ पर आप का और मेरा रिश्ता एक गुरु और शिष्य का है। गुरु होने के नाते मेरा स्थान आपसे उच्च होना चाहिए, परन्तु आप स्वंय ऊँचे सिंहासन पर बैठते हैं और मुझे अपने से नीचे के आसन पर बिठाते हैं। बस यही एक कारण है जिससे आपको न तो कोई शिक्षा प्राप्त हो रही है और न ही कोई ज्ञान मिल रहा है। आपके राजा होने के कारण मैं आप से यह बात नहीं कह पा रहा था।

कल से अगर आप मुझे ऊँचे आसन पर बिठाए और स्वंय नीचे बैठें तो कोई कारण नहीं कि आप शिक्षा प्राप्त न कर पायें।"राजा की समझ में सारी बात आ गई और उसने तुरंत अपनी गलती को स्वीकारा और गुरुवर से उच्च शिक्षा प्राप्त की।

मित्रों, इस छोटी सी कहानी का सार यह है कि हम रिश्ते-नाते, पद या धन वैभव किसी में भी कितने ही बड़े क्यों न हों हम अगर अपने गुरु को उसका उचित स्थान नहीं देते तो हमारा भला होना मुश्किल है. और यहाँ स्थान का अर्थ सिर्फ ऊँचा या नीचे बैठने से नहीं है, इसका सही अर्थ है कि हम अपने मन में गुरु को क्या स्थान दे रहे हैं। क्या हम सही मायने में उनको सम्मान दे रहे हैं या स्वयं के ही श्रेष्ठ होने का घमंड कर रहे हैं ? अगर हम अपने गुरु या शिक्षक के प्रति हेय भावना रखेंगे तो हमें उनकी योग्यताओं एवं अच्छाइयों का कोई लाभ नहीं मिलने वाला और अगर हम उनका आदर करेंगे, उन्हें महत्व देंगे तो उनका आशीर्वाद हमें सहज ही प्राप्त होगा।

Reference : http://www.achhikhabar.com/2013/10/10/panchtantra-kii-kahani-panchtantra-stories-in-hindi/

7. आरूणि: गुरूभक्ति की एक मिसाल

प्राचीन काल में भी गुरू को जो सम्मान और स्थान दिया गया, उनके अद्भुत उदाहरण आज भी सर्वव्याप्त है, जो आज के परिवेश में कहीं देखने को नहीं मिलता। उस समय के गुरूभक्ति के हीस्से आज भी आदर्श कहानी के रूप में नई पीढ़ी को सुनाए जाते हैं। इन्हीं में एक है आरूणि की अपने गुरू के प्रति श्रद्धा और भक्ति की कहानी जो आज भी शिक्षा जगत में गर्व के साथ सुनाई जाती है।

आरूणि, धौम्य ऋषि का शिष्य था। उसके गुरू धौम्य ऋषि महान विद्वान और अनेक विद्याओं में कुशल थे। उनके आश्रम में कई शिष्य रह कर उनसे शिक्षा प्राप्त करते थे, जिनमें आरूणि भी एक था।

एक बार जब क्षेत्र में मूसलाधार वर्षा होने लगी, तो आश्रम के चारों ओर जलजमाव होने लगा। आसपास के खेत भी डूबने लगे, जिसे देखकर धौम्य ऋषि को चिंता होने लगी। फसल के नष्ट होने से चिंतित धौम्य ऋषि ने आरूणि और अन्य शिष्यों को मेढ़ की निगरानी के लिए खेतों में भेजा, और मेढ़ के टूटने पर उसे बंद करने के लिए कहा।

गुरू की आज्ञा पाकर आरूणि और सभी शिष्य मेढ़ पर जाकर देखते हैं कि वह टूट गई है, और उसे जोड़ने का प्रयास करते हैं। परंतु जल के अत्यधिक वेग के कारण मेढ़ से पानी बाहर बने लगता है। तब आरूणि उस बहाव को रोकने के लिए स्वयं वहां लेट जाता है, जिससे जल का बहाव रूक जाता है।

इसके बाद धीरे-धीरे वर्षा कम हो जाती है, परंतु आरूणि वहीं पर लेटा रहता है। तब सभी शिष्य मिलकर आरूणि को ढूँढ़ते हैं और ऋषि धौम्य भी उसे ढूँढ़ते हुए वहाँ पहुंचते है। धौम्य ऋषि आरूणि को इस प्रकार से अपनी आज्ञा का पालन करने के लिए बिना कुछ सोचे समझे किए गए प्रयास से गदगद हो गए। उन्होंने कीचड़ में लेटे हुए आरूणि को उठाकर अपने हृदय से लगा लिया और कहने लगे -

आज तुमने गुरु भक्ति का एक अपूर्व उदाहरण प्रस्तुत किया है। तुम्हारी यह तपस्या और त्याग युगों-युगों तक याद किया जाएगा। तुम एक आदर्श शिष्य के रूप में सदा याद किए जाओगे तथा अन्य छात्र तुम्हारा अनुकरण करेंगे। मेरा आशीर्वाद है कि तुम एक दिव्य बुद्धि प्राप्त करोगे तथा सभी शास्त्र तुम्हें प्राप्त हो जाएंगे। तुम्हें

उनके लिए प्रयास नहीं करना पड़ेगा। आज से तुम्हारा नाम उद्दालक के रूप में प्रसिद्ध होगा अर्थात जो जल से निकला या उत्पन्न हुआ। तभी से आरूणि उद्दालक के नाम से प्रसिद्ध हुआ और सारी विद्याएं उन्हें बिना पढ़े, स्वयं ही प्राप्त हो गई।

आदर्श शिष्य की इस कहानी से यह शिक्षा मिलती है, कि शिक्षक की आज्ञा का मन से पालन करने वाला शिष्य को बिन मांगे और बिना प्रयत्न के ही सब कुछ प्राप्त हो जाता है।

Reference: http://hindi.webdunia.com/teachers-day-special/teachers-day story-115090200109_1.html

8. सूरदास

सूरदास एक जिज्ञासु विद्यार्थी थे। वे अध्यात्म के बारे में जानना चाहते थे। वे एक गुरु से मिले, जिन्होंने उनका शिष्य के तौर पर स्वीकार किया। गुरूजी ने देखा कि सूरदास बड़ी आसानी से गुस्सा हो जाता है और यह अवगुण उसे कुछ भी सिखने में बाधक बनता है। इसलिए उन्होंने तय किया कि कुछ भी करके पहले सूरदास का गुस्सा भगाना है।

गुरुजी ने सूरदास को एक महीने के लिए कोई भी काम करते वक्त भगवान का नाम जपने को कहा। और एक महीने के बाद उनसे मिलने के लिए कहा।

सूरदास ने गुरूजी के आदेश का पालन किया और एक महीने के बाद उनसे मिलने गए। रास्ते में वह एक गली में से गुज़र रहे थे। वहाँ एक झाड़ूवाला झाड़ू लगा रहा था। गलती से थोड़ा कचरा उनके कपड़ों पर गिरा।

सूरदास गुस्सा हो गए और उस झाड़ूवाले को बहुत डाँटा। वे वापस घर गए और कपड़े बदलकर फिर से अपने गुरूजी से मिलने गए।

लेकिन गुरूजी को अभी भी उनकी पात्रता नज़र नहीं आई इसलिए उन्होंने सूरदास को फिर से एक महीने के लिए कोई भी काम करते वक्त भगवान का नाम जपते रहने को कहा। सूरदास दुःखी होकर वापस आए।

उन्होंने दूसरा महीना भी गुरूजी के कहे अनुसार गुजारा। एक महीने के बाद बड़ी उत्सुकता से वे गुरूजी के आश्रम गए। लेकिन रास्ते में फिर से पहले जैसी घटना हुई। सूरदास बहुत ही गुस्सा हो गए और झाड़ूवाले को डाँट दिया। और फिर से वे नहाकर अपने गुरूजी के पास पहुँचे। लेकिन गुरुजी ने सूरदास को फिर से एक महीने तक भगवान का नाम जपने के लिए कहा।

तीसरा महीना पूरा होने के बाद जब सूरदास गुरूजी से मिलने जाते हैं, तब रास्ते में फिर से वही घटना घटती है। लेकिन इस बार सूरदास को ज़रा भी गुस्सा नहीं आया। उन्होंने शांति से झाड़ूवाले से कहा, "आपका बहुत बहुत आभार। आप मेरे गुरु है। आपने मेरे गुस्से पर विजय पाने में मेरी मदद की है।"

ऐसा केहकर वे अपने रास्ते चलने लगे। जैसे ही वे आश्रम के नज़दीक पहुँचे कि वहाँ उन्होंने अपने गुरुजी को द्वार पर उनका स्वागत करने के लिए खड़े हुए देखा।

गुरूजी ने सूरदास को आशीर्वाद देते हुए कहा, अब आप ज्ञान प्राप्त करने योग्य बन गए है। गुरूजी ने उनके साथ एक जैसा ही व्यवहार जो बार बार किया था उसका रहस्य अब उन्हें समझ में आया।

1) गुरु को अपने शिष्य में रहे गुण-अवगुण की परख होती है। और शिष्य को उसकी गलतियों में से किस तरह बाहर निकाला जाए उसके सभी तरीके भी उनके पास होते हैं।

2) गुरु आज्ञा का निष्ठापूर्वक पालन करना चाहिए।

Reference: http://kids.dadabhagwan.org/magic-box/stories/mythological-stories/surdas-in-hindi/

9. राजा मेघरथ

भगवान शांतिनाथ पूर्व जन्म में राजा मेघरथ थे, जो महाविदेह क्षेत्र में आई हुई पुंडरीकगिरी नगरी के राजा धनरथ के पुत्र थे। राजा धनरथ ने अपना राज्य अपने पुत्र को सौंपकर सन्यास ग्रहण कर लिया था।

मेघरथ एक धर्मप्रिय राजा थे। वे बहुत ही दयालु और सभी जीवों की रक्षा करते थे। एक क्षत्रिय योद्धा होने की वजह से उनके अंदर इतना विनय और विवेक था कि किसी को भी तकलीफ से बचाने के लिए वे अपना सबकुछ बलिदान कर देते थे।

एक समय की बात है, जब वे एक तरफा स्वैच्छिक परित्याग व्रत का पालन कर रहे थे और तीर्थंकरों द्वारा दिए हुए धर्म के प्रचार के हेतु से व्याख्यान शुरू करनेवाले थे। तब अचानक भय से काँपता हुआ एक कबूतर उनकी गोद में आ पड़ा और दबे हुए मनुष्य की आवाज़ में बोला। "हे राजन ! मुझे बचाइए, मुझे अपनी शरण में लीजिए, मेरी रक्षा कीजिए!" दयालु राजाने पक्षी को पास लेकर अपने शरण में लिया।

उस कबूतर का पीछा करते हुए एक बाज़ पक्षी वहाँ आ गया। कबूतर को राजा की निश्रा में देखकर वह भी मनुष्य की आवाज़ में बोला, "हे राजन! यह कबूतर मेरा भोजन है। आप उसे छोड़ दीजिए।" राजा ने कहा, "अभी वह मेरी शरण में है इसलिए मैं उसकी रक्षा करने के लिए कर्तव्यबद्ध हूँ। मैं तुम्हें जैसा चाहो वैसा भोजन करवाऊँगा, तुम अपना पेट भरने के लिए एक जीव की हत्या क्यों करना चाहते हो?"

बाज़ ने आग्रह किया, "अगर आप उसे नहीं छोड़ेंगे तो मैं भूख से मर जाऊँगा। मैं एक मांसाहारी हूँ। अगर मैं मर जाऊँगा तो उसके ज़िम्मेदार आप होंगे और आपको पाप लगेगा।

बाज़ के नहीं मानने पर अंत में मेघरथ ने कहा, "हे बाज़! जब तक मैं जिंदा हूँ, मैं तुम्हें इस कबूतर को मारने नहीं दूँगा। उसके बदले मैं तुम्हें अपने शरीर में से इस कबूतर के वज़न जितना मांस काटकर देता हूँ। उससे तू अपना पेट भर ले लेकिन किसी भी हालत में मैं तुम्हें मेरी शरण में आए हुए पक्षी को मारने नहीं दूँगा।"

बाज़ ने इस प्रस्ताव को मंज़ूरी दी। राजा ने कबूतर को तराज़ू के एक पलड़े में रखा और दूसरे पलड़े में अपने शरीर से मांस के टुकड़े काटकर रखना शुरू किया। वहाँ उपस्थित सभी लोग इस दृश्य को देखकर दंग रह गए। सभी की आँखें आँसू से भीग गई।

लेकिन यह क्या? कबूतर का वज़न बढ़ता ही जा रहा था। राजा ने अपने शरीर से मांस काटकर पलड़े में रखना चालू ही रखा। रानियों और सभासदों के लिए यह दृश्य देखना असह्य हो गया। उन्होंने राजा से विनती की, "हे राजन, आप अपना अमूल्य जीवन एक साधारण कबूतर के लिए बलिदान मत कीजिए।" लेकिन राजा नहीं माने।अंत में बाज़ ने भी सहानुभूति से दरख्वास्त की लेकिन राजा ने मना कर दिया।

राजा ने अपने शरीर से मांस काटकर तराजू के दूसरे पलड़े में रखना चालू रखा। अंत में जब मांस के टुकड़े कम पड़ गए तब राजा अपनी जगह से उठकर तराजू के दूसरे पलड़े में बैठ गए। यह देखकर वहाँ उपस्थित सभी चौंक उठे।

अचानक वहाँ एक दिव्य प्रकाश हुआ और एक देव वहाँ उपस्थित हुए। कबूतर और बाज़ वहाँ से अद्रश्य हो गए। देव ने राजा को संबोधित करते हुए कहा, "महाराज! देवराज ने अपनी सभा में आपकी दया और साहस की प्रसंशा की थी। मैं खुद पर काबू नहीं रख पाया और आपको परखने के लिए खुद ही यहाँ आ पहुँचा। ये सारा मेरा ही निर्माण किया हुआ था। आप इसमें से सफलतापूर्वक पार उतर गए हैं। देवराज ने आपकी जो प्रशंसा की थी उसके आप हकदार हैं। मुझे क्षमा कर दीजिए।" देव ने मेघरथ के घाव तुरंत ही भर दिए और अदृश्य हो गए।

आज भी जब दिन-दुःखियों की सहाय करने जैसे उदार सिद्धांतवाले व्यवहार और दया की बात होती है, तब राजा मेघरथ का नाम सम्मान से लिया जाता है। राजा मेघरथ की असामान्य पवित्रता और निश्चय ने देव को भी उनके सामने पूज्यभाव से झुका दिया था।

इसलिए दोस्तों, देखा आपने पवित्रता, दया और वचन पालन के लिए समर्पणभाव का क्या परिणाम आता है? अहिंसा एक बहुत बड़ा धर्म है उसे खास ध्यान में रखना।

Reference: http://kids.dadabhagwan.org/magic-box/stories/mythological-stories/king-meghrath-in-hindi/

प्रहसन (Skit)

विषय (Topics)

1. माता-पिता
2. गुरु
3. रक्षाबन्धन

पारिवारिक संबंध (Family relations)

1. पिता - Father
2. माता - Mother
3. बेटी - Daughter

4. बेटा - Son
5. बहन - Sister
6. भाई - Brother
7. चाची, ताई - Aunt
8. जीजा जी - Brother In Law
9. पुत्र - वधू - Daughter In Law
10. ससुर - Father In Law
11. दादा, नाना - Grandfather
12. दादी, नानी - Grandmother
13. पति - Husband
14. मामी - Maternal Aunt
15. मामा - Maternal Uncle
16. सास, सासू माँ - Mother In Law
17. भतीजा, भांजा - Nephew
18. भतीजी, भांजी - Niece
19. साली - Sister-In-Law
20. दामाद - Son In Law
21. सौतेला भाई - Step Brother
22. सौतेला पिता - Step Father
23. सौतेली माँ - Step Mother
24. सौतेली बहन - Step Sister
25. चाचा, ताऊ - Uncle

महीनों के नाम (Months)

1. चैत्र
2. वैशाख
3. ज्येष्ठ
4. आषाढ़
5. श्रावण
6. भाद्रपद
7. अश्विन
8. कार्तिक
9. मार्गशीर्ष
10. पौष
11. माघ
12. फाल्गुन

एक सप्ताह (हफ्ता) में सात दिन होते हैं: (There are 7 days in a Week)

वार - Days

1. सोमवार - Sunday
2. मंगलवार - Monday
3. बुधवार - Tuesday
4. गुरुवार - Wednesday
5. शुक्रवार - Thursday
6. शनिवार -Friday
7. रविवार - Saturday

Class - II

तुक (Rhyme)

1. हाथी

धम्मक धम्मक आता हाथी, धम्मक धम्मक जाता हाथी
ऐसे सूँड हिलाता हाथी, पानी में नहाता हाथी
धम्मक धम्मक आता हाथी, धम्मक धम्मक जाता हाथी
कितने केले खाता हाथी, ये तो नहीं बताता हाथी
धम्मक धम्मक आता हाथी, धम्मक धम्मक जाता हाथी।
Dhammak dhammak aata hathi, Dhammak dhammak jata hathi.
Aise soont hilata hathi, Pani mein nahatha hathi,
Kitne kele khata hathi, Yeh to nahin batata hathi.
Dhammak dhammak aata hathi, Dhammak dhammak jata hathi,

2. मेरी प्यारी गैया

मेरी गैया आती है,
मुझको दूध पिलाती है,
गोरे रंग सी दिखती है,
सबसे प्यार से मिलती है,
उसका एक बच्चा है,
उछल कूद में पक्का है..|
Meri Gaiyaa Aati Hai,
Mujhko Dudh Pilati Hai,
Gore Rang Si Dikhti Hai,
Sabse Pyaar Se Milti Hai,
Uska Ek Bachcha Hai,
Uchhal Kud Mein Pakka Hai..

Reference: http://hindiquotes.org/kids-rhymes-poems-songs/

3. तितली उडी

तितली उडी उड़ न सकी,
बस में चढ़ी सिट न मिली,
सीट ना मिली रोने लगी,
कंडक्टर बोला आ जा मेरे पास,
तितली बोली चल बदमाश,
चल बदमाश मेरा घर पास.....
Titli Udi Ud Na Saki,
Bas Mein Chadi Sit Na Mili,
Sit Na Mili Rone Lagi,
Kandaktar Bola Aaja Mere Paas,
Titli Boli Chal Badmaash,
Chal Badmaash Mera Ghar Paas....

Reference: http://hindiquotes.org/titli-udi-hindi-kids-poem/

4. मछली जल की रानी है

मछली जल की रानी है,
जीवन उसका पानी है..
हाथ लगाओ डर जाएगी,
बाहर निकालो मर जाएगी..
Machli Jal Ki Rani Hai,
Jeevan Uska Paani Hai..
Haath Lagaao Dar Jaaegi,
Baahar Nikaalo Mar Jaaegi..

Reference: http://hindiquotes.org/titli-udi-hindi-kids-poem/

5. चुहिया रानी

चुहिया रानी चुहिया रानी,
लगती हो तुम बड़ी सयानी..
जैसे हो इस घर की रानी,
तभी तो करती हो मन मानी..
कुतर कुतर सब खा जाती हो ,
आहट सुन झट छुप जाती हो ..
जब भी बिल्ली मौसी आती,
दूम दबा बिल में घुस जाती..|

Chuhiya Rani Chuhiya Rani,
Lagti Ho Tum Badi Sayaani..
Jaise Ho Is Ghar Ki Rani,
Tabhi To Karti Ho Mann Maani..
Kutar Kutar Sab Khuch Kha Jaati,
Aahat Sun Jhat Se Chup Jaati..
Jab Bhi Billi Mousi Aati,
Dum Dabaa Bil Mein Ghus Jaati..

Reference: http://hindiquotes.org/titli-udi-hindi-kids-poem/

भाषण विषयक (Oratorical)

विषय (Topics)

1. पारितंत्र
2. हाथी
3. गाय

कविताएं (Poems)

1. शिशिर न फिर गिरि वन में — मैथिलीशरण गुप्त

शिशिर न फिर गिरि वन में
जितना माँगे पतझड़ दूँगी मैं इस निज नंदन में
कितना कंपन तुझे चाहिए ले मेरे इस तन में
सखी कह रही पांडुरता का क्या अभाव आनन में
वीर जमा दे नयन नीर यदि तू मानस भाजन में
तो मोती-सा मैं अकिंचना रखूँ उसको मन में
हँसी गई रो भी न रखूँ मैं अपने इस जीवन में
तो उत्कंठा है देखूँ फिर क्या हो भाव भुवन में।

Reference: http://www.anubhuti-hindi.org/gauravgram/msg/shishir.htm

2. अगर पेड भी चलते होते — दिविक रमेश

अगर पेड भी चलते होते
कितने मजे हमारे होते
बांध तने में उसके रस्सी
चाहे जहाँ कहीं ले जाते
जहाँ कहीं भी धूप सताती
उसके नीचे झट सुस्ताते
जहाँ कहीं वर्षा हो जाती
उसके नीचे हम छिप जाते
लगती भूख यदि अचानक
तोड मधुर फल उसके खाते
आती कीचड-बाढ क़हीं तो
झट उसके ऊपर चढ ज़ाते
अगर पेड भी चलते होते
कितने मजे हमारे होते

Reference: http://www.hindinest.com/bachpan/02110.htm

3. मेरी माँ — नीशी अग्रवाल

'माँ' जिसकी कोई परिभाषा नहीं,
जिसकी कोई सीमा नहीं,
जो मेरे लिए भगवान से भी बढ़कर है
जो मेरे दुख से दुखी हो जाती है
और मेरी खुशी को अपना सबसे बड़ा सुख समझती है
जिसकी छाया में मैं अपने आप को महफ़ूज़
समझती हूँ, जो मेरा आदर्श है

Reference: http://hindi.webdunia.com/mothers-day-2009/मेरी-माँ-109050900034_1.htm

3. गाय

चौराहे पर बैठी घुमाती नज़रे इधर-उधर
आने-जाने वाले पर ललचाई नज़रो से देखती

चारे की आशा मे लोग आते है
देखते है बतियाते है
और आगे निकल जाते है
कोई भी चारा नही डालता
सूर्य की डूबती किरणो के साथ ही
भूखी-प्यासी गाय की आँखो से गायब होती
आशा की किरण
इतने मे ही कोई दयावान आता है
चारा डालता है और
गाय को दुह कर ले जाता है
और गाय शान्त मन से उठ जाती है
अगले दिन फिर से
चौराहे पर आके बैठने के लिए
ताकि कल फिर कोई दयावान आए
उसे दुह कर ले जाए
और उसके भूखे बच्चो के
चारे का प्रबन्ध कर जाए

Reference: http://creative.sulekha.com/gaay-a-hindi-poem_64723_blog

4. गाय हमारी माता — डॉ. परशुराम शुक्ला

भारतवासी कहें गर्व से,
गाय हमारी माता है.
सभ्य हुआ जैसे ही मानव,
गौमाता को अपनाया.
साथ लिए घुमा जंगल में,
दूध दही मक्खन खाया.

साथ आज भी गौमाता का,
सबको बहुत सुहाता है.
गाय...
गाय पालती है माता सा,
अपना नेह लुटाती है.
खाकर रूखा सूखा चारा,
मीठा दूध पिलाती है.
कामधेनु बन पूरी करती,
जग की सब अभिलाषा है.
गाय...

5. पर्यावरण का पाठ **लालबहादुर श्रीवास्तव**

आओ, आंगन-आंगन अपने
चम्पा-जूही-गुलाब-पलास लगाएं
सौंधी-सौंधी खूशबू से अपना
चमन चंदन-सा चमकाएं
हरियाली फैलाकर
ऑक्सीजन बढ़ाएं
फैले प्रदूषित वातावरण को मिटाएं
आओ, हम सब नन्हे-मुन्नो
घर-घर अलख जगाएं
पर्यावरण का पाठ
जगभर को पढ़ाएं।

Reference: http://hindi.webdunia.com/kids-poems

कहानियाँ (Stories)

1. तुलसीमाता की कहानी

कार्तिक के महीने में रोज तुलसीजी की पूजा करनी चाहिये दिया जलना चाहिये । एक डोकरी भी रोज तुलसीजी सींचती (पानी डालना) थी ओर मांगने की आदत से लाचार थी रोज तुलसी माता को कहती मुझे संदर वस्त्र दे । मीठा मीड़ा भोजन दे । वैकुंठ का वास देना , चटकदार चाल देना , पटक से मौत देना , चंदन की काढ देना ,ग्यारस की मोल देना ,श्री-किसन का कंधा देना । यह रोज का डोकरी की मांग सुनकर तुलसी माता तो सुखने लगी ।

भगवान ने पूछा तुलसी माता सुखने क्यों लगे आपकी तो अभी रोज पूजा होती है । तुलसीजी बोली एक बुढिया रोज एकलोटा पानी डालकर इतना मांग लेती है मैं सब दे दूँगी परंतु श्रीकिसनजी का कंधा कहां से लाऊगी । भगवान ने कहा चिंता मत करे । तुलीसीजी सब हो जायेगा । "कई दिनों बाद वह डोकरी मर गई । पूरा गांव इक्कठा हो गया उसको उठाने की तैयारी हो गई जैसे ही लोग उठाने लगे तो इतनी भारी इतनी जड हो गई की उठी ही नहीं । इधर भगवान बालक का भेष बनाकर आये पूछने लगे भीड किस बात की है । लोग कहने लगे यह डोकरी मर गई पर किसी से उठ नहीं रही है । बालक बोला मुझे उठाने दो सब हंसने लगे हमारे से तो कुछ हो ही नहीं रहा है । और ये बालक क्या करने वाला है । तब भीड़ में किसी ने कहा अरे इसको भी अपने मन की करने दो । बालक डोकरी के पास गया ओर कान में बोला - डोकरी तेरे मन की सब इच्छा पूरी हो गई है । श्रीकिशन की कांधा देने आया हूँ , जैसे ही बालक ने हाथ लगाया तो डोकरी झट उठ गई । सब देखते ही रह गये और डोकरी वैकुण्ड् वैकुंठ पहुँच गई । भगवान ने डोकरी को दर्शन दिये ।

2. श्री गणेश और तुलसी जी की कहानी

भगवान गणेश की पूजा के बिना दुनिया का कोई भी कार्य पूरा नहीं होता। श्री गणेश का पूर्ण जीवन ही रोचक घटनाओं से भरा है और इसी में से एक है कि आखिर क्यूं श्री गणेश जी की पूजा पर तुलसी अर्पित नहीं की जाती।

प्राय: पूजा-अर्चना में भगवान को तुलसी चढ़ाना बहुत पवित्र माना जाता है। व्यावहारिक दृष्टि से भी तुलसी को औषधीय गुणों वाला पौधा माना जाता है। किंतु भगवान गणेश की पूजा में पवित्र तुलसी

का प्रयोग निषेध माना गया है। इस संबंध में एक पौराणिक कथा है -

एक बार श्री गणेश गंगा किनारे तप कर रहे थे। तभी विवाह की इच्छा से तीर्थ यात्रा पर निकली देवी तुलसी वहाँ पहुँची। वह श्री गणेश के रुप पर मोहित हो गई। तुलसी ने विवाह की इच्छा से उनका ध्यान भंग किया। तब भगवान श्री गणेश ने तुलसी द्वारा तप भंग करने को अशुभ बताया और तुलसी की मंशा जानकर स्वयं को ब्रह्मचारी बताकर उसके विवाह प्रस्ताव को नकार दिया।

इस बात से दु:खी तुलसी ने श्री गणेश के दो विवाह होने का शाप दिया। इस श्री गणेश ने भी तुलसी को शाप दे दिया कि तुम्हारी संतान असुर होगी। एक राक्षस की मां होने का शाप सुनकर तुलसी ने श्री गणेश से माफी मांगी। तब श्री गणेश ने तुलसी से कहा कि तुम्हारी संतान शंखचूर्ण राक्षस होगा। किंतु फिर तुम भगवान विष्णु और श्रीकृष्ण को प्रिय होने के साथ ही कलियुग में जगत के लिए जीवन और मोक्ष देने वाली होगी। पर मेरी पूजा में तुलसी चढ़ाना शुभ नहीं माना जाएगा।

तब से ही भगवान श्री गणेश जी की पूजा में तुलसी वर्जित मानी जाती है।

3. कामधेनु

बड़े होने पर परशुराम ने शिवाराधन किया। उस नियम का पालन करते हुए उन्होंने शिव को प्रसन्न कर लिया। शिव ने उन्हें दैत्यों का हनन करने की आज्ञा दी। परशुराम ने शत्रुओं से युद्ध किया तथा उनका वध किया। किंतु इस प्रक्रिया में परशुराम का शरीर क्षत-विक्षत हो गया। शिव ने प्रसन्न होकर कहा कि शरीर पर जितने प्रहार हुए हैं, उतना ही अधिक देवदत्व उन्हें प्राप्त होगा। वे मानवेतर होते जायेंगे। तदुपरान्त शिव ने परशुराम को अनेक दिव्यास्त्र प्रदान किये, जिनमें से परशुराम ने कर्ण पर प्रसन्न होकर उसे दिव्य धनुर्वेद प्रदान किया।

जमदग्नि ऋषि ने रेणुका के गर्भ से अनेक पुत्र प्राप्त किए। उनमें सबसे छोटे परशुराम थे। उन दिनों हैहयवंश का अधिपति अर्जुन था। उसने विष्णु के अंशावतार दत्तात्रेय के वरदान से एक सहस्र भुजाएँ प्राप्त की थीं। एक बार नर्मदा में स्नान करते हुए मदोन्मत्त हैहयराज ने अपनी बाँहों से नदी का वेग रोक लिया, फलतः उसकी धारा उल्टी बहने लगी, जिससे रावण का शिविर पानी में डूबने लगा। दशानन ने अर्जुन के पास जाकर उसे भला-बुरा कहा तो उसने रावण

को पकड़कर कैद कर लिया। पुलस्त्य के कहने पर उसने रावण को मुक्त कर दिया। एक बार वह वन में जमदग्नि के आश्रम पर पहुँचा। जमदग्नि के पास कामधेनु थी। अतः वे अपरिमित वैभव क भोक्ता थे। ऐसा देखकर हैहयराज सहस्र बाहु अर्जुन ने कामधेनु का अपहरण कर लिया। परशुराम ने फरसा उठाकर उसका पीछा किया तथा युद्ध में उसकी समस्त भुजाएँ तथा सिर काट डाले। उसके दस हज़ार पुत्र भयभीत होकर भाग गये। कामधेनु सहित आश्रम लौटने पर पिता ने उन्हें तीर्थाटन कर अपने पाप धोने के लिए आज्ञा दी क्योंकि उनकी मति में ब्राह्मण का धर्म क्षमादान है। परशुराम ने वैसा ही किया।

दिलीप अंशुमान के पुत्र और अयोध्या के राजा थे। दिलीप बड़े पराक्रमी थे यहाँ तक के देवराज इन्द्र की भी सहायता करने जाते थे। इन्होंने देवासुर संग्राम में भाग लिया था। वहाँ से विजयोल्लास से भरे राजा लौट रहे थे। रास्ते में कामधेनु खड़ी मिली लेकिन उसे दिलीप ने प्रणाम नहीं किया तब कामधेनु ने श्राप दे दिया कि तुम पुत्रहीन रहोगे। यदि मेरी सन्तान तुम्हारे ऊपर कृपा कर देगी तो भले ही सन्तान हो सकती है। श्री वसिष्ठ जी की कृपा से उन्होंने नन्दिनी गौ की सेवा करके पुत्र श्री रघु जी को प्राप्त किया।

महर्षि वसिष्ठ क्षमा की प्रतिमूर्ति थे। एक बार श्री विश्वामित्र उनके अतिथि हुए। महर्षि वसिष्ठ ने कामधेनु के सहयोग से उनका राजोचित सत्कार किया। कामधेनु की अलौकिक क्षमता को देखकर विश्वामित्र के मन में लोभ उत्पन्न हो गया। उन्होंने इस गौ को वसिष्ठ से लेने की इच्छा प्रकट की। कामधेनु वसिष्ठ जी के लिये आवश्यक आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु महत्त्वपूर्ण साधन थी, अत: इन्होंने उसे देने में असमर्थता व्यक्त की। विश्वामित्र ने कामधेनु को बलपूर्व ले जाना चाहा। वसिष्ठ जी के संकेत पर कामधेनु ने अपार सेना की सृष्टि कर दी। विश्वामित्र को अपनी सेना के साथ भाग जाने पर विवश होना पड़ा। द्वेष-भावना से प्रेरित होकर विश्वामित्र ने भगवान शंकर की तपस्या की और उनसे दिव्यास्त्र प्राप्त करके उन्होंने महर्षि वसिष्ठ पर पुन: आक्रमण कर दिया, किन्तु महर्षि वसिष्ठ के ब्रह्मदण्ड के सामने उनके सारे दिव्यास्त्र विफल हो गये और उन्हें क्षत्रिय बल को धिक्कार कर ब्राह्मणत्व लाभी के लिये तपस्या हेतु वन जाना पड़ा।

4. गजेन्द्र मोक्ष की कथा

गजेन्द्र मोक्ष की पौराणिक कथा महर्षि वेद व्यास द्वारा रचित रचित भगवत पुराण के तीसरे अध्याय में मिलती है। जिसे सुख सागर के नाम से जाना जाता है। इसे सुखसागर के नाम से भी जाना जाता है। पौराणिक मत के अनुसार अष्टम मान व्येंत्र में हु हु नाम का एक ग्रह मानसरोवर के जल में रहता था। जो अत्यन्त बल शाली था। मानसरोवर में हाथिओं के राजा गजेन्द्र जो अपने बल और विवेक के लिए प्रसिद्ध था। संध्या के समय परिवार के साथ जन आना हो गया गज अपनी पत्नी के साथ मानसरोवर में नित्य प्रति जल क्रीडा करता था। तथा अपने बचों के साथ भी खेलता था। एक लंबे समय के बाद सरोवर में रह रहे हु हु नाम के ग्रह से गज का बैर हो गया।

एक दिन जब गज अपने परिवार के साथ जल क्रीडा करने हेतु मानसरोवर गया हुआ था। जल क्रीडा के समय ग्रह ने उसका पैर पकड़ लिया। फलस्वरूप दोनों में युद्ध शुरू हो गया। गज अपने पैर को छुडाने के लिए भरपूर बल का प्रयोग करने लगा लेकिन जल के अंदर ग्रह का बल अधिक होने के कारण वो गज को खीनता ही चला गया। यह युद्ध लगातार 6 महीने चलता रहा। गज का बल दिन प्रतिदिन कम होता गया। ग्रह का बल बढता गया। एक दिन निराश मन से उस गज को उसकी पत्नी और बच्चों ने भी छोड़ दिया। परिणाम स्वरुप गज निसहाय और अकेला हो गया। तब उस गज नें अपना बंधन छुडाने के लिए सांसारिक देवताओं को जिन की वो नित्य प्रति आराधना करता था याद किया। लेकिन गज को भंवर में पड़ा देख कोई भी पास नहीं आया इस पर दुखी हो गज नें सृष्टि के रचयिता ब्रह्मा को अपनी सहायता के लिए पुकारा। लेकिन गज को भंवर में पड़ा देख ब्रहमा भी पास नहीं आए। जिस के वश दुखी हो गज नें अपनी मृत्यु के बारे में बार बार विचार करने लगा। जब वह तन मन दोनों से टूट रहा था उस्सी समय उसे अपने पूर्व जनम की स्मृति हुई। तथा पूर्व जनम में गाया जाने वाला स्त्रोत्र भी याद आया। क्यूँ की हाथी के शरीर में मैथुनिक कर्म की प्रबलता अधिक होने के कारण आध्यात्मिक ज्ञान कमजोर होता है। इसलिए गज पूर्वजन्म की स्मृति होने पर इश्वर की अराधना करता है। जिसमे वह जल में न डूब कर मरने की बात कहता है। शास्त्रों के अनुसार आठ प्रकार की मृत्यु अकाल मृत्यु कही जाती है। जो इस प्रकार हैं। आत्म दाह करनें,ज़हर खाकर मरनें ,अग्नि में जलने, जल में डूब कर मरने,सर्प या किसी त्रियक जानवर के डसने से प्राप्त होने वाली

मृत्यु ,राजा के राजदंड से प्राप्त मृत्यु, किसी ब्राह्मण -मुनि के श्राप से प्राप्त मृत्यु ,पिशाच मृत्यु। यह आठों प्रकार की मृत्यु अकाल और अशुभ मृत्यु कहलाती हैं। इअलिये गज जब प्रभु से प्रार्थना करता है तो अपने अमर होने की बात नहीं कहता हैं। केवल वह अपने स्त्रोत्र में यही निवेदन करता है। की उसकी मृत्यु इस ग्रह के कारण जल में डूब कर न हो। ऐसी कृपा प्रभु उस पर करें और इसे इस भावः सागर से उबार लें। कुछ मर्मज्ञों का मत है की जब गज प्रभु शरणागत हुआ उस समय वह पूर्ण रूप से डूब चुका था। मात्र उसकी जौ के बराबर सूँड रही थी। स्त्रोत्र के साथ ही उसने पाया की भगवान् श्री हरि जो सम्पुरण जीवों की आत्मन है। सन्निकट होने के कारण सरोवर पर प्रकट हो गए तथा अपने वाहन गरुड़ को भी छोड़ दिया प्रभु को आया देख गज जल में बह कर जाने वाले कमल के पुष्प से उनका अभिवादन करना चाहता था। लेकिन उसी समय जल में उत्पन्न लहर के कारण वह भी उस से दूर चला गया। परिणाम स्वरुप अपनी यह दशा देख आये हुए सर्व शक्तिमान परमात्मा के सामने गज रोने लगा। गज नें उस समय यह भी देखा की प्रारम्भ में उस ने जिन देवताओं को पुकारा था। और जो नहीं आए थे प्रभु के आते ही सभी एकत्रित हो गए। इन सभी देवताओं के देखते देखते भगवान श्री हरि नें गज की सूँड को पकड़ कर गज को बाहर निकाला और अपने सुदर्शन चक्र से ग्रह का शीश काट दिया। प्रभु ग्रह ओर गज दोनों को गति दे कर अंतर्ध्यान हो गए। यही कथा का मर्म है।गज के द्वारा किया गया स्त्रोत्र ग्जेंद्र्स्त्रोत्र के नाम से विख्यात हुआ। यह घटना गजेन्द्र मोक्ष के नाम से जाने जानी लगी।इस स्त्रोत्र ओर कथा के कहने सुन ने से प्रभु कृपा प्राप्त होती है। बिन प्रयास ही भावः बंधन कट ते हैं।

Reference: http://vedicastrologyandvaastu.blogspot.in/2009/06/blog-post_08.html

5. हर जीव का मोल

एक राजा था, उन्होंने आज्ञा दी कि संसार में इस बात की खोज की जाए कि कौन से जीव-जंतुओं का उपयोग नहीं है।

बहुत खोजबीन करने के बाद उन्हें जानकारी मिली कि संसार में दो जीव 'जंगली मक्खी' और 'मकड़ी' बिल्कुल बेकार हैं।

राजा ने सोचा- क्यों न जंगली मक्खियों और मकड़ियों को खत्म

कर दिया जाए। इसी बीच राजा पर एक अन्य शक्तिशाली राजा ने आक्रमण कर दिया। युद्ध में राजा की हार हुई और जान बचाने के लिए उन्हें राजपाट छोड़कर जंगल में जाना पड़ा।

शत्रु के सैनिक उनका पीछा करने लगे। काफी दौड़भाग के बाद राजा ने अपनी जान बचाई और थक कर एक पेड़ के नीचे सो गए। तभी एक जंगली मक्खी ने उनकी नाक पर डंक मारा जिससे राजा की नींद खुल गई।

उन्हें ख्याल आया कि खुले में ऐसे सोना सुरक्षित नहीं है और वे एक गुफा में जा छिपे। राजा के गुफा में जाने के बाद मकड़ियों ने गुफा के द्वार पर जाला बुन दिया।

शत्रु के सैनिक उन्हें यहाँ-वहाँ ढूँढ़ते हुए गुफा के नजदीक पहुँचे। द्वार पर घना जाला देखकर आपस में कहने लगे, 'अरे चलो आगे, इस गुफा में राजा आया होता तो द्वार पर बना यह जाला क्या नष्ट न हो जाता।'

भगवान की बनाई दुनिया में हर जीव का मोल है, कब कहाँ किसकी जरूरत पड़ जाए।

गुफा में छिपा बैठा राजा ये बातें सुन रहा था। शत्रु के सैनिक आगे निकल गए।

उस समय राजा की समझ में यह बात आई कि संसार में कोई भी प्राणी या चीज बेकार नहीं। अगर जंगली मक्खी और मकड़ी न होती तो उसकी जान न बच पाती।

Reference: http://hindi.webdunia.com/article/kids-stories/बाल-कहानी-हर-जीव-का-मोल-112072700031_1.htm

प्रहसन (Skit)

विषय (Topics)

1. हाथी
2. गाय
3. पारिस्थिति

पौधों के नाम - Plants Name

1. प्रकाश - Nalal
2. घृत कुमारी - Aloe vera
3. फ्लैग संयंत्र - Iris
4. गुलाब - Rose plant
5. संयंत्र के रूप में - Mint plant
6. बैंगन के पौधे - Eggplant plant
7. हिबिस्कुस - Hibiscus
8. तुलसी - Tulsi
9. करेला - Bitter Gourd
10. चिली प्लांट - Chili Plant
11. ऐमारैंथ - Amaranth
12. भिंडी प्लांट - Ladyfinger Plant
13. टमाटर के पौधे - Tomato plant
14. चमेली - Jasmine Plant
15. सूरजमुखी - Sunflower plant

फूलों के नाम - Flowers Name

1. कनेर - Oleander
2. बैचलर बटन - Bachelor's Buttons
3. गुलाब - Rose
4. कुमुदिनी - Lily
5. गुढ़ल - Hibiscus
6. सहयोगी - Ally
7. गेंदा, गेंदे का फूल - Marigold
8. चमेली - Jasmine
9. स्कारलेट मैलो - Scarlet Mallow
10. रजनीगंधा - Tuberose
11. गुढ़ल - Hibiscus
12. बिना - Kantal
13. चम्पा - Frangipani, Magnolia
14. सूरजमुखी - Sunflower
15. सदाबहार - Periwinkle

16. कुमुदT - Water Lily
17. नाग चम्पा - Cobra Saffron
18. छूईमूई - Touch-Me-Not
19. गुल मेहँदी - Balsam
20. गुलदाउदी - Chrysanthemum
21. गुलबहार - Daisy
22. पारिजात - Night-flowering Jasmine
23. देवदार, सनोबर - Fir
24. माधवी पुष्प - Hiptage
25. कमल - Lotus
26. मोतिया - Motia
27. कामिनी - Murraya
28. नर्गिस - Narcissus
29. केतकी - Pandanus
30. धतूरा - Stramonium

पक्षियों के नाम (Birds names)

1.	Cock	मुर्गा
2.	Crane	सारस
3.	Crow	कौवा
4.	Cuckoo	कोयल
5.	Dove	फाख्ता
6.	Duck	बत्तख
7.	Eagle	चील
8.	Hen	मुर्गी
9.	Kingfisher	राम चिरैया
10.	Kite	चील
11.	Mynah	मैना
12.	Ostrich	शुतुरमुर्ग
13.	Owl	उल्लु
14.	Parrot	तोता
15.	Peacoc	मोर
16.	Skylark	चकता, अबाबील
17.	Sparrow	गौरेया
18.	Swan	हंस

19.	Nightingale	बुलबुल
20.	Woodpecker	कठफोडवा
21.	Pigeon	कबूतर
22.	Skylark	चकता, अबाबील
23.	Swan	हंस
24.	Drake	नर बत्तक
25.	Vulture	गीद्‌ध
26.	Falcon, Hawk, Fowl	बाज़
27.	Goose	हंस, कलहंस
28.	Lark	भारव्दाज़ पक्षी
29.	Macaw	एक प्रकार का तोता
30.	Rook	कौआ
31.	Weaver Bird	बयापक्षी
32.	Peahen	मोरनी
33.	Quail	बटेर
34.	Partridge, Pheasant	तीतर
35.	Raven	काला कौआ

Class - III

तुक (Rhyme)

1. कुकड़ू कु

कुकड़ू कु भई कुकड़ू कु,
कहे मुर्गा कुकड़ू कु,
उठो बच्चों आलस क्यूँ,
कुकड़ू कु भई कुकड़ू कु,
मुर्गा बोले कुकड़ू कु....|
Kukdu Ku Bhayi Kukdu Ku,
Kahe Murga Kukdu Ku,
Utho Bachchon Aalas Kyun,
Kukdu Ku Bhayi Kukdu Ku,
Murga Bole Kukdu Ku...

Reference: http://hindiquotes.org/kukdu-ku-kids-rhymes/

2. बिल्ली चूहा

बिल्ली चूहा भाई बन्दर,
बैठे थे एक कमरे के अन्दर,
बिल्ली बोली म्याऊं,
चूहा बोला बिल में जाऊं,
इतने में आया एक भालू,
बोला मैं तुम सबको खालूं,
लेकिन तीनों थे चालाक,
पकड़ी भालू की झट से नाक,
नाक पकड़ कर खूब घुमाया,
भालू ने फिर नहीं सताया....|
Billi Chuha Bhai Bandar,
Baithe The Ek Kamre Ke Andar,
Billi Boli Miaaun,

Chuha Bola Bil Mein Jaaun,
Itne Mein Aaya Ek Bhalu,
Bola Main Tum Sabko Khalun,
Lekin Teeno The Chaalaak,
Pakdi Bhalu Ki Jhat Se Naak,
Naak Pakad Kar Khub Ghumaya,
Bhalu Ne Phir Nahin Sataya...

Reference: http://hindiquotes.org/billi-chuha-funny-kids-rhymes/

3. कोयल

कोयल कोयल बोल रही है,
डाल डाल पर डोल रही है,
कुंहू कुंहू के गीत सुनाती,
कभी नहीं मेरे घर आती,
आमों की डाल पर गाती,
बच्चों के दिल को खूब बहलाती,
कुंहू कुंहू कर किसे बुलाती,
क्या नानी की याद सताती..?
Koyal Koyal Bol Rahi Hai,
Daal Daal Par Dol Rahi Hai,
Kunhu Kunhu Ke Geet Sunaati,
Kabhi Nahin Mere Ghar Aati,
Aamon Ki Daal Par Gaati,
Bachcho Ke Dil Ko Khub Behlaati,
Kunhu Kunhu Kar Kise Bulati,
Kya Naani Ki Yaad Satati..?

Reference: http://hindiquotes.org/koyal-a-bird-poem/

4. बन्दर आया

बन्दर आया बन्दर आया,
पूँछ हिलाता बन्दर आया,
उचलता कूदता बन्दर आया,
झूम झूम कर बन्दर आया,
सबको हसाने बन्दर आया....
Bandar Aaya Bandar Aaya,

Punch Hilata Bandar Aaya,
Uchalta Kudta Bandar Aaya,
Jhum Jhum Kar Bandar Aaya,
Sabko Hasaane Bandar Aaya...

Reference: http://hindiquotes.org/bandar-aaya-kids-poem/

5. मोर

नाच मोर का सबको भाता,
जब वह पंखों को फैलाता ,
कुहूँ कुहूँ का शोर मचाता,
घूमे घूमे कर नाच दिखाता.....
Naach Mor Ka Sabko Bhaata,
Jab Vehe Pankhon Ko Failata..
Kuhun Kuhun Ka Shor Machaata,
Ghum Ghum Kar Naach Dikhata.

Reference: http://hindiquotes.org/mor-ka-naach-poem-on-peacock/

6. चिड़िया

चीन चीन चुन चुन करती चिड़िया,
फुर फुर उडती जाती चिड़िया,
फुदक फुदक कर गाना गाती,
रोज़ सवेरे मुझे जगाती |
Chin Chin Chun Chun Karti Chidiya,
Fur Fur Udti Jaati Chidiya..
Phudak Phudak Kar Gaana Gaati,
Roj Sawere Mujhe Jagaati..

Reference: http://hindiquotes.org/chidiya-poem-on-bird/

भाषण विषयक (Oratorical)

विषय (Topics)

1. पेड़ लगाओ
2. वन संरक्षण
3. वन्य जीव संरक्षण
4. बाघों का पुनर्वास

कवितायेँ (Poems)

1. पेड़ लगाओ - मुकेश जोशी

पेड़ लगाओ, पेड़ लगाओ,
अपना जीवन स्वस्थ बनाओ ।
घर उपवन में पेंड लगाओ,
वायु प्रदूषण को दूर भगाओ ।
ये देतें हैं फल और फूल,
इन्हें लगाना नहीं है भूल ।
इन्ही से मिलती हमें हवा,
इन्ही से मिलती हमें दवा ।
पेड़ लगाओ, पेड़ लगाओ,
अपना जीवन स्वस्थ बनाओ ।

2. पेड़ बड़ा उपकारी है - रमावध राम

प्रकृति की सारी चीज़ों से,
होती भलाई हमारी है ।
इन सब में देखा जाये तो,
पेड़ बड़ा उपकारी है ।
प्रदूषण को शोषित कर,
शुद्ध बनाये ऑक्सीजन ।
जिसमें हम साँसें लेकर,
जीते हैं सुरक्षित जीवन ।
पंछी इस पर करें बसेरा,
कितना ही सुख पाते हैं ।
प्रातः सबसे पहले उठकर,

गीत खुशी के गाते हैं ।
मिट्‌टी के कटाव को रोके,
चाहूं ओर सुगंध फैलाते हैं ।
अपनी सुंदरता से ये,
धरती को स्वर्ग बनाते हैं ।
गर्मी में इसकी छाया,
तन को देती शीतलता ।
स्वयं न अपना फल ये खाए,
औरों के लिए फलता ।

3. धरा की पुकार - शिव प्रकाश मीणा

धरती माँ कर रही है पुकार ।
पेड़ लगाओ यहाँ भरमार ।।
वर्षा के होयेंगे तब अरमान ।
अन्न पैदा होगा भरमार ।।
खुशहाली आयेगी देश में ।
किसान हल चलायेगा खेत में ।।
वृक्ष लगाओ वृक्ष बचाओ ।
हरियाली लाओ देश में ।।
सभी अपने-अपने दिल में सोच लो ।
सभी दस-दस वृक्ष खेत में रोप दो ।।
बारिस होगी फिर तेज ।
मरू प्रदेश का फिर बदलेगा वेश ।।
रेत के धोरे मिट जायेंगे ।
हरियाली राजस्थान मे दिखायेंगे ।।
दुनियां देख करेगी विचार ।
राजस्थान पानी से होगा रिचार्ज ।।

Reference:
http://www.hindisahitya.org/38001

4. अगर पेड़ न होते तो - मैहर जोषी

किसान खेत में थक जाए तो,
छाँव देने वाला पेड़
स्वच्छ हवा में साँस जो ली,
उस साँस को देने वाला पेड़
मीठे-मीठे फल जो दे,
कौन है वो, है वो पेड़
ठंड लगी तो आग जलाई,
उस लकड़ी को देने वाला पेड़
चिड़िया चूँ-चूँ अंडे दे,
शाखा किसकी? है वो पेड़
शेर, हाथी, जंगल में रहते,
जंगल जो बनाए, वो हैं पेड़
किताब उठाई, की पढ़ाई
उस किताब को देने वाला पेड़
पेंसिल रबड़, कुर्सी, मेज़
इन सब को देने वाला पेड़
मिट्टी का कटाव जो रोके
'ग्लोबल वार्मिंग' से बचाने वाला पेड़!

Reference: http://meher-joshi.blogspot.in/2011/07/blog-post.html

5. पेड़ - सतीश सिंह

फूलों को मत तोड़ो
छिन जायेगी मेरी ममता
हरियाली को मत हरो
हो जायेंगे मेरे चेहरे स्याह

मेरी बाहों को मत काटो
बन जाऊँगा मैं अपंग
कहने दो बाबा को
नीम तले कथा-कहानी
झूलने दो अमराई में
बच्चों को झूला
मत छांटो मेरे सपने
मेरी खुशियाँ लुट जायेंगी।

Reference: http://www.pravakta.com/five-poems-on-environment

कहानियाँ (Stories)

1. क्यों की जाती है पीपल की पूजा?

एक पौराणिक कथा के अनुसार लक्ष्मी और उसकी छोटी बहन दरिद्रा विष्णु के पास गई और प्रार्थना करने लगी कि हे प्रभो! हम कहां रहें? इस पर विष्णु भगवान ने दरिद्रा और लक्ष्मी को पीपल के वृक्ष पर रहने की अनुमति प्रदान कर दी। इस तरह वे दोनों पीपल के वृक्ष में रहने लगीं।

विष्णु भगवान की ओर से उन्हें यह वरदान मिला कि जो व्यक्ति शनिवार को पीपल की पूजा करेगा, उसे शनि ग्रह के प्रभाव से मुक्ति मिलेगी। उस पर लक्ष्मी की अपार कृपा रहेगी।

शनि के कोप से ही घर का ऐश्वर्य नष्ट होता है, मगर शनिवार को पीपल के पेड़ की पूजा करने वाले पर लक्ष्मी और शनि की कृपा हमेशा बनी रहेगी।

इसी लोक विश्वास के आधार पर लोग पीपल के वृक्ष को काटने से आज भी डरते हैं, लेकिन यह भी बताया गया है कि यदि पीपल के वृक्ष को काटना बहुत जरूरी हो तो उसे रविवार को ही काटा जा सकता है।

Reference: http://hindi.webdunia.com/religious-stories/क्यों-की-जाती-है-पीपल-की-पूजा-113121900021_1.html

2. क्यों की जाती है वट सावित्री की पूजा

वट अमावस्या के पूजन की प्रचलित कहानी के अनुसार सावित्री अश्वपति की कन्या थी। उसने सत्यवान को पति रूप में स्वीकार किया था। सत्यवान लकड़ियाँ काटने के लिए जंगल में जाया करता था। सावित्री अपने अंधे सास-ससुर की सेवा करके सत्यवान के पीछे जंगल में चली जाती थी।

एक दिन सत्यवान को लकड़ियाँ काटते समय चक्कर आ गया और वह पेड़ से उतरकर नीचे बैठ गया। उसी समय भैंसे पर सवार होकर यमराज सत्यवान के प्राण लेने आए। सावित्री ने उन्हें पहचाना और सावित्री ने कहा कि आप मेरे सत्यवान के प्राण न लें।

यम ने मना किया, मगर वह वापस नहीं लौटी। सावित्री के पतिव्रत धर्म से प्रसन्न होकर यमराज ने वर रूप में अंधे सास-ससुर की आंखें दीं और सावित्री को सौ पुत्र होने का आशीर्वाद दिया और सत्यवान को छोड़ दिया।

वट पूजा से जुड़ी इस धार्मिक मान्यता के अनुसार ही तभी से महिलाएं इस दिन को वट अमावस्या के रूप में पूजती हैं।

Reference: http://hindi.webdunia.com/article/other-festivals/क्यों-की-जाती-है-वट-सावित्री-की-पूजा-112051800014_1.htm

3. नागपंचमी की पौराणिक कथा

प्राचीन काल में एक सेठजी के सात पुत्र थे। सातों के विवाह हो चुके थे। सबसे छोटे पुत्र की पत्नी श्रेष्ठ चरित्र की विदूषी और सुशील थी, परंतु उसके भाई नहीं था।

एक दिन बड़ी बहू ने घर लीपने को पीली मिट्‌टी लाने के लिए सभी बहुओं को साथ चलने को कहा तो सभी धलिया और खुरपी लेकर मिट्‌टी खोदने लगी। तभी वहाँ एक सर्प निकला, जिसे बड़ी बहू खुरपी से मारने लगी। यह देखकर छोटी बहू ने उसे रोकते हुए कहा- 'मत मारो इसे? यह बेचारा निरपराध है।'

यह सुनकर बड़ी बहू ने उसे नहीं मारा तब सर्प एक ओर जा बैठा। तब छोटी बहू ने उससे कहा-'हम अभी लौट कर आती हैं तुम यहाँ से जाना मत। यह कहकर वह सबके साथ मिट्‌टी लेकर घर चली गई और वहाँ कामकाज में फँसकर सर्प से जो वादा किया था उसे भूल गई।

उसे दूसरे दिन वह बात याद आई तो सब को साथ लेकर वहाँ पहुँची और सर्प को उस स्थान पर बैठा देखकर बोली- सर्प भैया नमस्कार! सर्प ने कहा- 'तू भैया कह चुकी है, इसलिए तुझे छोड़ देता हूं, नहीं तो झूठी बात कहने के कारण तुझे अभी डस लेता।

वह बोली- भैया मुझसे भूल हो गई, उसकी क्षमा माँगती हूँ । तब सर्प बोला- अच्छा, तू आज से मेरी बहिन हुई और मैं तेरा भाई हुआ। तुझे जो माँगना हो, माँग ले। वह बोली- भैया! मेरा कोई नहीं है, अच्छा हुआ जो तू मेरा भाई बन गया।

कुछ दिन व्यतीत होने पर वह सर्प मनुष्य का रूप रखकर उसके घर आया और बोला कि 'मेरी बहिन को भेज दो।' सबने कहा कि 'इसके तो कोई भाई नहीं था, तो वह बोला- मैं दूर के रिश्ते में इसका भाई हूँ, बचपन में ही बाहर चला गया था।

उसके विश्वास दिलाने पर घर के लोगों ने छोटी को उसके साथ भेज दिया। उसने मार्ग में बताया कि 'मैं वहीं सर्प हूँ, इसलिए तू डरना नहीं और जहाँ चलने में कठिनाई हो वहाँ मेरी पूछ पकड़ लेना। उसने कहे अनुसार ही किया और इस प्रकार वह उसके घर पहुँच गई। वहाँ के धन-ऐश्वर्य को देखकर वह चकित हो गई।

एक दिन सर्प की माता ने उससे कहा- 'मैं एक काम से बाहर जा रही हूँ, तू अपने भाई को ठंडा दूध पिला देना। उसे यह बात ध्यान न रही और उसने गरम दूध पिला दिया, जिसमें उसका मुख बेतरह जल गया। यह देखकर सर्प की माता बहुत क्रोधित हुई।

परंतु सर्प के समझाने पर चुप हो गई। तब सर्प ने कहा कि बहिन को अब उसके घर भेज देना चाहिए। तब सर्प और उसके पिता ने उसे बहुत सा सोना, चाँदी, जवाहरात, वस्त्र-भूषण आदि देकर उसके घर पहुँचा दिया।

तना ढेर सारा धन देखकर बड़ी बहू ने ईर्ष्या से कहा- भाई तो बड़ा धनवान है, तुझे तो उससे और भी धन लाना चाहिए। सर्प ने यह वचन सुना तो सब वस्तुएं सोने की लाकर दे दीं। यह देखकर बड़ी बहू ने कहा- 'इन्हें झाड़ने की झाड़ भी सोने की होनी चाहिए'। तब सर्प ने झाडू भी सोने की लाकर रख दी। सर्प ने छोटी बहू को हीरा-मणियों का एक अद्‌भुत हार दिया था। उसकी प्रशंसा उस देश की रानी ने भी सुनी और वह राजा से बोली कि- सेठ की छोटी बहू का हार यहाँ आना चाहिए।'

राजा ने मंत्री को हुकुम दिया कि उससे वह हार लेकर शीघ्र उपस्थित हो। मंत्री ने सेठजी से जाकर कहा कि 'महारानीजी छोटी बहू का हार पहनेंगी, वह उससे लेकर मुझे दे दो'। सेठजी ने डर के कारण छोटी बहू से हार मँगाकर दे दिया।

छोटी बहू को यह बात बहुत बुरी लगी, उसने अपने सर्प भाई को याद किया और आने पर प्रार्थना की- भैया ! रानी ने हार छीन लिया है, तुम कुछ ऐसा करो कि जब वह हार उसके गले में रहे, तब तक के लिए सर्प बन जाए और जब वह मुझे लौटा दे तब हीरों और मणियों का हो जाए। सर्प ने ठीक वैसा ही किया। जैसे ही रानी ने हार पहना, वैसे ही वह सर्प बन गया। यह देखकर रानी चीख पड़ी और रोने लगी। यह देख कर राजा ने सेठ के पास खबर भेजी कि छोटी बहू को तुरंत भेजो। सेठजी डर गए कि राजा न जाने क्या करेगा? वे स्वयं छोटी बहू को साथ लेकर उपस्थित हुए।

राजा ने छोटी बहू से पूछा- तूने क्या जादू किया है, मैं तुझे दंड दूँगा। छोटी बहू बोली- राजन ! धृष्टता क्षमा कीजिए, यह हार ही ऐसा है कि मेरे गले में हीरों और मणियों का रहता है और दूसरे के गले में सर्प बन जाता है। यह सुनकर राजा ने वह सर्प बना हार उसे देकर कहा- अभी पहनकर दिखाओ। छोटी बहू ने जैसे ही उसे पहना वैसे ही हीरों-मणियों का हो गया।

यह देखकर राजा को उसकी बात का विश्वास हो गया और उसने प्रसन्न होकर उसे बहुत सी मुद्राएं भी पुरस्कार में दीं। छोटी बहू अपने हार और धन सहित घर लौट आई। उसके धन को देखकर बड़ी बहू ने ईर्ष्या के कारण उसके पति को सिखाया कि छोटी बहू के पास कहीं से धन आया है। यह सुनकर उसके पति ने अपनी पत्नी को बुलाकर कहा- ठीक-ठीक बता कि यह धन तुझे कौन देता है? तब वह सर्प को याद करने लगी।

तब उसी समय सर्प ने प्रकट होकर कहा- यदि मेरी धर्म बहिन के आचरण पर संदेह प्रकट करेगा तो मैं उसे खा लूँगा। यह सुनकर छोटी बहू का पति बहुत प्रसन्न हुआ और उसने सर्प देवता का बड़ा सत्कार किया। उसी दिन से नागपंचमी का त्योहार मनाया जाता है और स्त्रियां सर्प को भाई मानकर उसकी पूजा करती हैं।

Reference: http://hindi.webdunia.com/nagpanchami/नागपंचमी-की-पौराणिक-कथा-113080800078_6.html

4. भीम नागलोक में

पाँचों पाण्डव - युधिष्ठिर, भीम, अर्जुन, नकुल और सहदेव - पितामह भीष्म तथा विदुर की छत्रछाया में बड़े होने लगे। उन पाँचों में भीम सर्वाधिक शक्तिशाली थे। वे दस-बीस बालकों को सहज में ही गिरा देते थे। दुर्योधन वैसे तो पाँचों पाण्डवों ईर्ष्या करता था किन्तु भीम के इस बल को देख कर उससे बहुत अधिक जलता था। वह भीमसेन को किसी प्रकार मार डालने का उपाय सोचने लगा। इसके लिये उसने एक दिन युधिष्ठिर के समक्ष गंगा तट पर स्नान, भोजन तथा क्रीड़ा करने का प्रस्ताव रखा जिसे युधिष्ठिर ने सहर्ष स्वीकार कर लिया।

गंगा के तट पर दुर्योधन ने विविध प्रकार के व्यंजन तैयार करवाये। स्नानादि के पश्चात् जब सभी ने भोजन किया तो अवसर पाकर दुर्योधन ने भीम को विषयुक्त भोजन खिला दिया। भोजन के पश्चात् सब बालक वहीं सो गये। भीम को विष के प्रभाव से मूर्छा आ गई। मूर्छित हुये भीम को दुर्योधन ने गंगा में डुबा दिया। मूर्छित अवस्था में ही भीम डूबते-उतराते नागलोक में पहुँच गये। वहाँ पर उन्हें भयंकर विषधर नाग डसने लगे तथा विषधरों के विष के प्रभाव से भीम के शरीर के भीतर का विष नष्ट हो गया और वे सचेतावस्था में आ गये। चेतना लौट आने पर उन्हों ने नागों को मारना आरम्भ कर दिया और एक के पश्चात् एक नाग मरने लगे।

भीम के इस विनाश लीला को देख कर कुछ नाग भागकर अपने राजा वासुकी के पास पहुँचे और उन्हें समस्त घटना से अवगत कराया। नागराज वासुकि अपने मन्त्री आर्यक के साथ भीम के पास आये। आर्यक नाग ने भीम को पहचान लिया और उनका परिचय राजा वासुकी को दिया। वासुकि नाग ने भीम को अपना अतिथि बना लिया। नागलोक में आठ ऐसे कुण्ड थे जिनके जल को पीने से मनुष्य के शरीर में हजारों हाथियों का बल प्राप्त हो जाता था। नागराज वासुकी ने भीम को उपहार में उन आठों कुण्डों का जल पिला दिया। कुण्डो के जल पी लेने के बाद भीम गहन निद्रा में चले गये। आठवें दिन जब उनकी निद्रा टूटी तो उनके शरीर में हजारों हाथियों का बल आ चुका था। भीम के विदा माँगने पर नागराज वासुकी ने उन्हें उनकी वाटिका में पहुँचा दिया।

उधर सो कर उठने के बाद जब पाण्डवों ने भीम को नहीं देखा तो उनकी खोज करने लगे और उनके न मिलने पर राजमहल में लौट गये। भीम के इस प्रकार गायब होने से माता कुन्ती अत्यन्त व्याकुल

हुईं। वे विदुर से बोलीं, “हे आर्य! दुर्योधन मेरे पुत्रों से और विशेषतः भीम से अत्यन्त ईर्ष्या करता है। कहीं ऐसा तो नहीं है कि उसने भीम को मृत्युलोक में पहुँचा दिया?” उत्तर में विदुर ने कहा, “हे देवि! आप चिन्तित मत होईएँ भीम की जन्मकुण्डली के अनुसार वह दीर्घायु है तथा उसे अल्पायु में कोई भी नहीं मार सकता। वह अवश्य लौट कर आयेगा।” इस प्रकार हजारों हाथियों का बल प्राप्त कर के भीम लौट आये।

Reference: http://nathjimaharajmahabharat.blogspot.in/2010/01/blog-post_8244.html

प्रहसन (Skit)

विषय (Topics)

1. पेड़ लगाओ
2. वन संरक्षण
3. वन्य जीव संरक्षण

जानवरों के नाम (Animals Names)

1. गाय - Cow
2. कुत्ता - Dog
3. भेड़ - Sheep
4. बकरी - Goat
5. सुअर - Pig
6. बिल्ली - Cat
7. गधा - Donkey
8. भैंस - Buffalo
9. घोडा - Horse
10. ऊँट - Camel
11. हिरन् - Deer
12. चीता - Tiger
13. मगरमच्छ - Crocodile
14. हाथी - Elephant
15. खरगोश् - Rabbit
16. सिंह् , शेर - Lion
17. भेड़िया - Wolf

18. ज़ेबरा - Zebra
19. कछुआ - Turtle
20. जिराफ़ - Giraffe
21. भालू - Bear
22. बन्दर - Monkey
23. हिप्पो - Hippo
24. लोमड़ी - Fox
25. नेवला - Mongoose
26. चीता - Cheetah
27. बैल - Ox
28. गिलहरी - Squirrel
29. गैंडा - Rhinoceros
30. बंदर - Ape

पेड़ों के नाम (Trees Name)

1. पीपल - Peepal
2. बरगद, वट - Banyan
3. अंजीर - Fig
4. आम - Mango
5. नागफनी - Cactus
6. खोपरा, नारियल गोला - Coconut
7. इमली - Tamarind
8. बबूल, कीकर - Acacia
9. बांस - Bamboo
10. सुपारी के पेड़ - Betel nut tree
11. सनौबर, भोजपत्र - Birch
12. सनौबर, भोजपत्र - Cypress
13. कटहल - Jackfruit tree
14. आँवला - Gooseberry
15. काजू के पेड़ - Cashew Tree
16. बेंत, सरकंडा - Cane
17. देवदार - Cedar
18. पपीता - Papaya

19. नीम - Neem
20. शंकुवृक्ष, कोनिफर - Conifer
21. सहजन के पेड़ - Drumstick Tree
22. खजूर - Date palm
23. आबनूस - Ebony
24. चन्दन - Sandalwood
25. केला - Banana Tree
26. अंगूर की बेल - Grape vine
27. बलूत - Oak
28. चीड़ - Pine
29. चीकू - sapota Tree
30. अशोक - Polyalthia
31. नारंगी, संतरा - Orange Tree
32. अमरूद् - Guava tree
33. सागौन, सागवान -Teak

Class - IV

तुक (Rhyme)

1. नाव हमारी

जल्दी जल्दी दौडे आओ,
रंग बिरंगे कागज़ लाओ,
सुन्दर सी एक नाव बनाकर,
मिलजुल कर उसको तैराओ,
खूब तेज चलती ये नाव,
कभी न थकती अपनी नाव,
आगे आगे बढती जाती,
कभी न थकती अपनी नाव....
Jaldi Jaldi Doudey Aao,
Rang Birange Kaagaz Laao,
Sundar Si Ek Naav Banaakar,
Miljul Kar Usko Tairaao,
Khub Tej Chalti Ye Naav,
Kabhi Na Thakti Apni Naav,
Aage Aage Badhti Jaati,
Kabhi Na Thakti Apni Naav....

Reference: http://hindiquotes.org/naav-hamaari-kids-rhymes/

2. बादल राजा

बादल राजा बादल राजा,
जल्दी से तू पानी बरसा जा,
नन्हे बच्चे झुलस रहे हैं,
जल्दी से तू पानी बरसा जा,
धरती की तू प्यास बुझा जा,
बादल राजा बादल राजा,
जल्दी आजा जल्दी आजा....
Baadal Raja Baadal Raja,

Jaldi Se Tu Paani Barsaa Ja,
Nanhe Bachche Jhulas Rahe Hain,
Jaldi Se Tu Paani Barsaa Ja,
Dharti Ki Tu Pyaas Bujhaa Ja,
Baadal Raja Baadal Raja,
Jaldi Aaja Jaldi Aaja....

Reference: http://hindiquotes.org/baadal-raja-poem-on-clouds/

3. चंदा मामा आओ ना

चंदा मामा आओ ना,
दूध बताशा खाओ ना,
मीठी लोरी गाओ ना,
बिस्तर में सो जाओ ना,
मीठी नींद सुलाओ ना....
Chandaa Mama Aao Na,
Dudh Bataashaa Khao Na,
Meethi Lori Gaao Na,
Bistar Mein So Jaao Na,
Meethi Neend Sulaao Na...

Reference: http://hindiquotes.org/chanda-mama-aao-na-a-moon-poem/

4. चंदा मामा

चंदा मामा दूर के,
पुए पकाए बूर के,
आप खाएं थाली में,
मुन्ने को दें प्याली में,
प्याली गई टूट,
मुन्ना गया रूठ,
नयी प्याली लायेंगे,
मुन्ने को हसायेंगे,
तालियाँ बजाएँगे..|
Chandaa Mama Dur Ke,
Pue Pakaae Bur Ke..
Aap Khaayein Thaali Mein,
Munne Ko Dein Pyaali Mein..

Pyaali Gayi Tut,
Munna Gaya Ruth..
Nayi Pyaali Laaenge,
Munne Ko Hasaaenge..
Taaliyaan Bajaaenge...

Reference: http://hindiquotes.org/chanda-mama-poem-on-moon/

भाषण विषयक (Oratorical)

विषय (Topics)

1. पर्यावरण संरक्षण
2. गंगा प्रदूषण
3. गर्मी का मौसम
4. हिमालय पर्वत
5. जल
6. नदी

कवितायेँ (Poems)

1. पर्यावरण का पाठ - लालबहादुर श्रीवास्तव

आओ आंगन-आंगन अपने
चम्पा-जूही-गुलाब-पलास लगाएँ
सौंधी-सौंधी खूशबू से अपना
चमन चंदन-सा चमकाएँ
हरियाली फैलाकर
ऑक्सीजन बढ़ाएँ
फैले प्रदूषित वातावरण को मिटाएँ
आओ, हम सब नन्हे-मुन्नो
घर-घर अलख जगाएँ
पर्यावरण का पाठ
जगभर को पढ़ांएँ।

Reference: http://4yashoda.blogspot.in/2014/06/blog-post_5.html

2. तारे चमको - सोहनलाल द्विवेदी

प्यारे-प्यारे तारे चमको,
नीचे चमको, ऊपर चमको
नभ पर चमको, भू पर चमको,
नदी और नहरों में चमको।
तुम लहरों-लहरों में चमको,
दूर करो दुनिया के तम को
प्यारे-प्यारे तारे चमको।।
चमको चमक लिये तुम ऐसे।
हीरे जैसे मोती जैसे।
चमको ऐसे नील गगन में।
जैसे फूल खिले हों वन में।
अपनी चमक लुटाओं हमको।
प्यारे-प्यारे तारे चमको।।

Reference: http://hindi.indiawaterportal.org/node/46780

3. हम शीश झुकाते - द्वारिका प्रसाद माहेश्वरी

जिसने धरती गगन बनाया।
जिसने तारों को चमकाया।
जिसने फूलों को महकाया।
जिसने सर-सर हवा चलाई।
जिसने जल की नदी बहाई।
उस प्रभु को हम शीश नवाते।
उस प्रभु को हम शीश झुकाते।।

Reference:
http://hindi.indiawaterportal.org/node/46780

4. नमामि गंगे!

चलो ! आज एक क़सम उठायें ,
गंगा -पूजन की एक रस्म बनायें .
नमामि गंगे !की जयकार कर ,
अपने दिन की शुरुआत करें .
विश्व में गूंजे गंगा- महिमा का गान ,
इस प्रकार हर भारतीय गुणगान करें.
मईया की पवित्रता व् निर्मलता हेतु ,
इसकी स्वच्छता का प्रयास करें .
सच्चाई और प्रतिबद्धता की है यह मूरत ,
क्यों न इसे ही छू करआज सौगंध खाएं .
स्वर्ग से उतरी इस पुण्य-दायिनी देवी को ,
पाप-मोचनी , मुक्ति दायिनी कहकार बुलाएँ.
इसकी आरती उतार कर , श्रद्धा के पुष्पों से ,
नमन-पूजन कर इसके प्रति कृतज्ञता दर्शायें .
नमामि गंगे! नमामि गंगे जयकार कर ,
अपने जीवन को सफल व आदर्श बनायें

Reference: http://www.hindisahitya.org/hindipoems/hindi-poems

5. सरिता के निर्मल जल - गोपाल सिंह नेपाली

यह लघु सरिता का बहता जल।
हिमगिरि के हिम से निकल-निकल।
यह विमल दूध सा हिम का जल।
रखता है तन में इतना बल।।
यह लघु सरिता का बहता जल।

Reference: http://hindi.indiawaterportal.org/node/46780

6. पर्यावरण - धर्मेन्द्र कुमार

पर्यावरण हो रहा है बहुत प्रदूषित,
है मौक़ा अभी मत करो दूषित ......
पेड़-पौधों से तुम जोड़ो नाता ,
जो हम सबके कम है आता ......
बड़ी-बड़ी ये फैक्ट्रियों को करो बंद,
पर्यावरण को अपने तुम रखो स्वच्छंद.....
पेड़-पौधे है हमको खूब लगाना,
इस धरती से है प्रदूषण भगाना.....
सडको पर ये दौड़ती हैं गाड़ियाँ,
हैं फैलाती प्रदूषण, भर के सवारियाँ.....
मेरा सबसे बस यही है कहना ,
पर्यावरण न तुम प्रदूषित रखना.....

Reference: http://balsajag.blogspot.in/2011/10/blog-post_24.html

7. नदियाँ - सतीश सिंह

हजार-हजार
दु:ख उठाकर
जन्म लिया है मैंने
फिर भी औरों की तरह
मेरी सांसों की डोर भी
कच्चे महीन धागे से बंधी है
लेकिन
इसे कौन समझाए इंसान को
जिसने बना दिया है
मुझे एक कूड़ादान।

Reference: http://www.pravakta.com/five-poems-on-environment

8. हवा - सतीश सिंह

मैं थी अल्हड़-अलमस्त
विचरती थी स्वछंद
फिरती थी कभी वन-उपवन में
तो कभी लताकुंज में मेरे स्पर्श से
नाचते थे मोर विहंसते थे खेत-खलिहान
किन्तु इन मानवों ने
कर दिया कलुषित मुझे
अब नहीं आते वसंत-बहार
खो गई है मौसम की खुशबू भी।

Reference: http://www.pravakta.com/five-poems-on-environment

9. पहाड़ - सतीश सिंह

चाहता था
मैं भी जीना स्वछंद
थी महत्वाकांक्षाएँ मेरी भी
पर अचानक!
किसी ने कर दिया
मुझे निर्वस्त्र
तो किसी ने खल्वाट
तब से चल रहा है
सिलसिला यह अनवरत
और इस तरह
होते जा रहे हैं
मेरे जीवन के रंग, बदरंग

Reference: http://www.pravakta.com/five-poems-on-environment

10. प्रकृति - डी. के. निवतियाँ

सुन्दर रूप इस धरा का,
आँचल जिसका नीला आकाश,
पर्वत जिसका ऊँचा मस्तक,
उस पर चाँद सूरज की बिंदियों का ताज
नदियों-झरनो से छलकता यौवन
सतरंगी पुष्प-लताओं ने किया श्रृंगार
खेत-खलिहानों में लहलाती फसले
बिखराती मंद-मंद मुस्कान
हाँ, यही तो हैं,......
इस प्रकृति का स्वछंद स्वरुप
प्रफुल्लित जीवन का निष्छल सार ॥

Reference: http://www.hindisahitya.org/39790

कहानियाँ (Stories)

1. भागीरथ और गंगा का धरती पर आगमन

सूर्यवंशी राजा दिलीप के पुत्र भागीरथ हिमालय पर तपस्या कर रहे थे । वे गंगा को धरती पर लाना चाहते थे । उनके पूर्वज कपिल मुनि के शाप से भस्म हो गये । गंगा ही उनका उद्धार कर सकती थी । भागीरथ अन्न जल छोड़कर तपस्या कर रहे थे ।

गंगा उनकी कठोर तपस्या से प्रसन्न हो गई । भागीरथ ने धीरे स्वर में गंगा की आवाज सुनी । महाराज मैं आपकी इच्छानुसार धरती पर आने के लिये तैयार हूँ, लेकिन मेरी तेज धारा को धरती पर रोकेगा कौन । अगर वह रोकी न गई तो धरती के स्तरों को तोड़ती हुई पाताल लोक में चली जायेगी ।

भागीरथ ने उपाय पूछा तो गंगा ने कहा, महाराज भागीरथ, मेरी प्रचन्ड धारा को सिर्फ शिव रोक सकते है । यदि वे अपने सिर पर मेरी धारा को रोकने के लिये मान जाये तो मैं पृथ्वी पर आ सकती हूँ ।

भागीरथ शिव की आराधना में लग गये। तपस्या से प्रसन्न हुए शिव गंगा की धारा को सिर पर रोकने के लिये तैयार हो गये।

ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष के दशहरे के दिन जटा खोलकर, कमर पर हाथ रख कर खड़े हुए शिव अपलक नेत्रों से ऊपर आकाश की ओर देखने लगे। गंगा की धार हर हर करती हुई स्वर्ग से शिव के मस्तक पर गिरने लगी। जल की एक भी बूँद पृथ्वी पर नहीं गिर रही थी। सारा पानी जटाओं में समा रहा था।

भागीरथ के प्रार्थना करने पर शिव ने एक जटा निचोड़ कर गंगा के जल को धरती पर गिराया। शिव की जटाओं से निकलने के कारण गंगा का नाम जटाशंकरी पड़ गया।

गंगा के मार्ग में जह्नु ऋषि की कुटिया आयी तो धारा ने उसे बहा दिया। क्रोधित हुए मुनि ने योग शक्ति से धारा को रोक दिया। भागीरथ ने प्रार्थना की तो ऋषि ने गंगा को मुक्त कर दिया। अब गंगा का नाम जाह्नवी हो गया।

कपिल मुनि के आश्रम में पहुँचकर गंगा ने भागीरथ के महाराज सगर आदि पूर्वजों का उद्धार किया। वहाँ से गंगा बंगाल कि खाड़ी में समाविष्ट हुई, उसे आज गंगासागर कहते है।

अतः ये कहानी हमें ये सीखाती है की सच्चे मन, लगन और एक लक्ष्य के साथ किया गया कार्य हर बाधाओं को तोड़कर सफल होता है एवं हमें हमेशा आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है।

Reference: http://www.hindisahityadarpan.in/2012/06/hindu-mythological-stories.html?showComment=1382936773274

2. समुद्र मंथन कथा

एक बार की बात है शिवजी के दर्शनों के लिए दुर्वासा ऋषि अपने शिष्यों के साथ कैलाश जा रहे थे। मार्ग में उन्हें देवराज इन्द्र मिले। इन्द्र ने दुर्वासा ऋषि और उनके शिष्यों को भक्तिपूर्वक प्रणाम किया। तब दुर्वासा ने इन्द्र को आशीर्वाद देकर विष्णु भगवान का पारिजात पुष्प प्रदान किया। इन्द्रासन के गर्व में चूर इन्द्र ने उस पुष्प को अपने ऐरावत हाथी के मस्तक पर रख दिया। उस पुष्प का स्पर्श होते ही ऐरावत सहसा विष्णु भगवान के समान तेजस्वी हो गया। उसने इन्द्र का परित्याग कर दिया और उस दिव्य पुष्प को कुचलते हुए वन की ओर चला गया।

इन्द्र द्वारा भगवान विष्णु के पुष्प का तिरस्कार होते देखकर दुर्वासा ऋषि के क्रोध की सीमा न रही। उन्होंने देवराज इन्द्र को 'श्री' (लक्ष्मी) से हीन हो जाने का शाप दे दिया। दुर्वासा मुनि के शाप के फलस्वरूप लक्ष्मी उसी क्षण स्वर्गलोक को छोड़कर अदृश्य हो गईं। लक्ष्मी के चले जाने से इन्द्र आदि देवता निर्बल और श्रीहीन हो गए। उनका वैभव लुप्त हो गया। इन्द्र को बलहीन जानकर दैत्यों ने स्वर्ग पर आक्रमण कर दिया और देवगण को पराजित करके स्वर्ग के राज्य पर अपनी परचम फहरा दिया। तब इन्द्र देवगुरु बृहस्पति और अन्य देवताओं के साथ ब्रह्माजी की सभा में उपस्थित हुए। तब ब्रह्माजी बोले –"देवेन्द्र ! भगवान विष्णु के भोगरूपी पुष्प का अपमान करने के कारण रुष्ट होकर भगवती लक्ष्मी तुम्हारे पास से चली गयी हैं। उन्हें पुनः प्रसन्न करने के लिए तुम भगवान नारायण की कृपा-दृष्टि प्राप्त करो। उनके आशीर्वाद से तुम्हें खोया वैभव पुनः मिल जाएगा।"

इस प्रकार ब्रह्माजी ने इन्द्र को आस्वस्त किया और उन्हें लेकर भगवान विष्णु की शरण में पहुँचे। वहाँ परब्रह्म भगवान विष्णु भगवती लक्ष्मी के साथ विराजमान थे। देवगण भगवान विष्णु की स्तुति करते हुए बोले–"भगवान् ! आपके श्रीचरणों में हमारा बारम्बार प्रणाम। भगवान् ! हम सब जिस उद्देश्य से आपकी शरण में आए हैं, कृपा करके आप उसे पूरा कीजिए। दुर्वासा ऋषि के शाप के कारण माता लक्ष्मी हमसे रूठ गई हैं और दैत्यों ने हमें पराजित कर स्वर्ग पर अधिकार कर लिया है। अब हम आपकी शरण में हैं, हमारी रक्षा कीजिए।"

भगवान विष्णु त्रिकालदर्शी हैं। वे पल भर में ही देवताओं के मन की बात जान गए। तब वे देवगण से बोले–"देवगण ! मेरी बात ध्यानपूर्वक सुनें, क्योंकि केवल यही तुम्हारे कल्याण का उपाय है। दैत्यों पर इस समय काल की विशेष कृपा है इसलिए जब तक तुम्हारे उत्कर्ष और दैत्यों के पतन का समय नहीं आता, तब तक तुम उनसे संधि कर लो। क्षीरसागर के गर्भ में अनेक दिव्य पदार्थों के साथ-साथ अमृत भी छिपा है। उसे पीने वाले के सामने मृत्यु भी पराजित हो जाती है। इसके लिए तुम्हें समुद्र मंथन करना होगा। यह कार्य अत्यंत दुष्कर है, अतः इस कार्य में दैत्यों से सहायता लो। कूटनीति भी यही कहती है कि आवश्यकता पड़ने पर शत्रुओं को भी मित्र बना लेना चाहिए। तत्पश्चात अमृत पीकर अमर हो जाओ। तब दुष्ट दैत्य भी तुम्हारा अहित नहीं कर सकेंगे। देवगण ! वे जो शर्त रखें, उसे स्वीकार कर लें। यह बात याद रखें कि शांति से सभी कार्य बन

जाते हैं, क्रोध करने से कुछ नहीं होता।" भगवान विष्णु के परामर्श के अनुसार इन्द्रादि देवगण दैत्यराज बलि के पास संधि का प्रस्ताव लेकर गए और उन्हें अमृत के बारे में बताकर समुद्र मंथन के लिए तैयार कर लिया।

समुद्र मंथन के लिए समुद्र में मंदराचल को स्थापित कर वासुकि नाग को रस्सी बनाया गया। तत्पश्चात दोनों पक्ष अमृत-प्राप्ति के लिए समुद्र मंथन करने लगे। अमृत पाने की इच्छा से सभी बड़े जोश और वेग से मंथन कर रहे थे। सहसा तभी समुद्र में से कालकूट नामक भयंकर विष निकला। उस विष की अग्नि से दसों दिशाएँ जलने लगीं। समस्त प्राणियों में हाहाकार मच गया।

Reference: http://kathapuran.blogspot.in/2012/10/blog-post_7234.html

3. श्री कृष्ण बाल लीला

एक दिन साँवले सलोने बालश्रीकृष्ण रत्नों से जड़ित पालने पर शयन कर रहे थे। उनके मुख पर लोगों के मन को मोहने वाली मंद हास्य की छटा स्पष्ट झलक रही थी। कुटिल दृष्टि न लग जाए इसलिए उनके ललाट पर काजल का चिह्न शोभायमान हो रहा था। कमल के सदृश उनके दोनों सुंदर नेत्रों में काजल विद्यमान था।

अपने मनमोहक पुत्र को यशोदा ने अपनी गोद में ले लिया। उस समय वे अपने पैर का अंगूठा चूस रहे थे। उनका स्वभाव पूर्णतः चपल था। घुंघराले केशों के कारण उनकी अंगछटा अत्यंत अद्भुत दिखाई पड़ रही थी। वक्षस्थल पर श्रीवत्सचिह्न, बाजूबंद और चमकीला अर्द्धचंद्र उनकी देहयष्टि पर शोभायमान हो रहा था।

ऐसे अपने पुत्र श्रीकृष्ण को लाड़-प्यार करती हुई यशोदा आनंद का अनुभव कर रही थीं। बालक कृष्ण दूध पी चुके थे। उन्हें जम्हाई आ रही थी। सहसा माता की दृष्टि उनके मुख के अंदर पड़ी। उनके मुख में पृथिव्यादि पाँच तत्वों सहित संपूर्ण विराट् तथा इंद्र प्रभृति श्रेष्ठ देवता दृष्टिगोचर हुए।

बच्चे के मुख में संपूर्ण विश्व को अकस्मात् देखकर वह कंपायमान हो गईं और उनके मन में त्रास छा गया। अतः उन्होंने अपनी आंखें बंद कर लीं, उनकी माया के प्रभाव से यशोदा की स्मृति टिक न सकी। अतः अपने बालक पर पुनः वात्सल्य पूर्ण दयाभाव, प्रेम उत्पन्न हो गया।

Reference: http://kathapuran.blogspot.in/2012/10/blog-post_579.html

4. शनि का जन्म

पुराणों और शास्त्रानुसार कश्यप मुनि के वंशज भगवान सूर्यनारायण की पत्नी स्वर्णा (छाया) की कठोर तपस्या से ज्येष्ठ मास की अमावस्या को सौराष्ट्र के शिंगणापुर में शनि का जन्म हुआ। माता ने शंकर जी की कठोर तपस्या की। तेज गर्मी व धूप के कारण माता के गर्भ में स्थित शनि का वर्ण काला हो गया। पर इस तप ने बालक शनि को अद्‌भुत व अपार शक्ति से युक्त कर दिया।

एक बार जब भगवान सूर्य पत्नी छाया से मिलने गए तब शनि ने उनके तेज के कारण अपने नेत्र बंद कर लिए। सूर्य ने अपनी दिव्य दृष्टि से इसे देखा व पाया कि उनका पुत्र तो काला है जो उनका नहीं हो सकता।

सूर्य ने छाया से अपना यह संदेह व्यक्त भी कर दिया। इस कारण शनि के मन में माता के प्रति भक्ति, पिता से विरक्त हो गए। शनि के जन्म के बाद पिता ने कभी उनके साथ पुत्रवत प्रेम प्रदर्शित नहीं किया। अपने पिता के प्रति शत्रुता भाव पैदा हुआ। इस पर शनि ने भगवान शिव की कठोर तपस्या कर उन्हें प्रसन्न किया।

जब भगवान शिव ने उनसे वरदान मांगने को कहा तो शनि ने कहा कि पिता सूर्य ने मेरी माता का अनादर कर उसे प्रताड़त किया है। मेरी माता हमेशा अपमानित व पराजित होती रही। इसलिए आप मुझे सूर्य से अधिक शक्तिशाली व पूज्य होने का वरदान दें। तब भगवान आशुतोष ने वर दिया कि तुम नौ ग्रहों में श्रेष्ठ स्थान पाने के साथ ही सर्वोच्च न्यायाधीश व दंडाधिकारी रहोगे। साधारण मानव तो क्या देवता, असुर, सिद्‌ध, विद्‌याधर, गंधर्व व नाग सभी तुम्हारे नाम से भयभीत होंगे।

Reference: http://kathapuran.blogspot.in/2012/10/blog-post_2436.html

प्रहसन (Skit)

विषय (Topics)

1. जल संरक्षण
2. पर्यावरण संरक्षण

ऋतु - Season

1. वसन्त - Spring
2. ग्रीष्म - Summer
3. वर्षा - Rainy
4. शरद् - Autumn
5. हेमन्त - pre-winter
6. शिशिर - Winter

नवग्रह (Nine Planets)

1. सूर्य - Surya - Sun
2. चंद्र - Chandra - Moon
3. मंगल - Mangala - Mars
4. बुध - Budha - Mercury
5. बृहस्पति - Brihaspati(Guru) - Jupiter
6. शुक्र - Shukra - Venus
7. शनि - Shani - Saturn
8. राहु - Rahu - North lunar nodes
9. केतु - Ketu - South lunar nodes

पांच भूता (The five prime elements of nature)

1. पृथ्वी - Earth
2. जल - Water
3. अग्नि - Fire
4. वायु - Air
5. आकाश - Aether (Sky)

Class - V

तुक (Rhyme)

1. माँ

माँ तू कितनी अच्छी है
मेरा सब कुछ करती है ।
जब मैं गंदा होता हूँ
रोज मुझे नहलाती है ।
जब मैं रोने लगता हूँ
चुप तू मुझे कराती है ।
माँ मेरे मित्रों में सबसे
पहले तू ही आती है ।

Maa Tu Kitni Acchi Hai, Mera Sab Kuch Karti Hai.
Bhookh Mujhe Jab Lagti Hai, Khana Mujhe Khilati Hai.
Jab Main Ganda Hota Hun, Roz Mujhe Nahlati Hai.
Jab Main Rone Lagta Hun, Chup Tu Mujhe Karati Hai.
Maa Mere Mitron Main Sabse, Pahile Tu he Aati Hai.

2. नारी

सृष्टि की जननी
प्रेम रूप धारिणी
शक्ति सहारिणी
सबल कार्यकारिणी
अन्नपूर्णा अर्पिता.

भाषण विषयक (Oratorical)

विषय (Topics)

1. नारी का सम्मान
2. नारी शिक्षा
3. धर्मग्रंथों में नारी
4. देश की तरक्की में साक्षर नारी का योगदान

कवितायेँ (Poems)

1. नर से बड़ा नारी का दर्जा

विश्व के हर क्षेत्र में अग्रसर है नारी ।।
महिलायें क्यों पीछे रहतीं, कैसी है यह लाचारी ।
नर से बड़ा नारी का दर्जा, आदिशक्ति भी नारी ।।
सृष्टि रचयिता आदिशक्ति, जिनकी है दुनिया सारी ।
जिस धरती पर जनम लिया, वो भारत माता नारी ।।
मिलता है आहार जहाँ से धरती माता नारी ।
भारत की पावन धरती पर गंगा जमुना नारी ।।
नारी का कोई मरम न जाना, नारी द्रौपदी की सारी ।
लाखों रोग को हरने वाली, लक्ष्मी जी भी नारी ।।
जिनकी कृपा से शब्द निकलता, सरस्वती भी नारी ।
नारी ही दुर्गा, काली, जो असुरों का संहार किया ।।
जब - जब देश पर संकट आया रणचण्डी का अवतार लिया ।
जिसने हमको जनम दिया, वो भी भारत की नारी ।।

2. स्त्री शिक्षा

एक महिला को शिक्षित करने के लिए, एक राष्ट्र को शिक्षित करने के लिए
शिक्षित से महिला की वंचित न करें
उसे वह उल्लेख करने के लिए क्या है पता हे
वह देश भर में जहां भी जाता है
उसके आकलन में कौशल का उपयोग करें
उसका असली है क्या सीखते हैं ; नहीं माया
उसे उस अभिवादन कि प्रास करने के लिए एक मौका दीजिए
जो पुरुषों कि शिक्षा के लिए मिलता है
ज्यादा शिक्षा है कि एक औरत

उसके बच्चों को प्रेरणा सिखाना होगा
वह राष्ट्र का समर्थन करने के लिए उन्हें प्राशिक्षित करेंगे
वे हमेशा इरादे का सबसे अच्छा होगा
नोलेज हर संस्था में आवश्यक है

3. परिवार को भी शिक्षा की जरूरत है

परिवार को भी शिक्षा की जरूरत है
औरत का स्वयं का उल्लेख करने के लिए अधिक है
शिक्षित महिलाओं राष्ट्र को बचाने के
एक औरत शिक्षा के क्षेत्र में जब
उस औरत तो एक हवेली का निर्माण कर सकते हैं
एक अचल संपति नहीं कल्पना
सभी योग्य शिक्षा की वजह से
साथी महिलाओं में आपका ध्यान की जरूरत है
अपनी आकांक्षा होना ज्ञान के लिए माँग करते हैं
सभी भक्ति के साथ यह छड़ी
ज्ञान के अभाव आक्रोश का कारण बनता हे
एक औरत भी राष्ट्र के अनुसार
वह मति में और बाहर चला जाता है जानता है कि क्या
उसके अवलोकन में सटीक होना करने के लिए
एक औरत अंतज्ञान के कुछ प्रकार की जरूरत है ।

4. नारी तुम हो सबकी आशा

नारी तुम हो सबकी आशा
किन शब्दों में दूँ परिभाषा ?
नारी तुम हो सबकी आशा ।
सरस्वती का रूप हो तुम
लक्ष्मी का स्वरूप हो तुम

बढ़ जाये जब अत्याचारी
दुर्गा-काली का रूप हो तुम ।
किन शब्दों में दूँ परिभाषा ?
नारी तुम हो सबकी आशा ।
खुशियों का संसार हो तुम
प्रेम का आगार हो तुम
घर आँगन को रोशन करती
सूरज की दमकार हो तुम ।
किन शब्दों में दूँ परिभाषा ?
नारी तुम हो सबकी आशा ।

कहानियाँ (Stories)

1. सती अनसूया

भारतवर्ष की सती-साध्वी नारियों में अनसूया का स्थान बहुत ऊँचा है। इनका जन्म अत्यन्त उच्च कुल में हुआ था। ब्रहमाजी के मानस पुत्र तपस्वी महर्षि अत्रि को इन्होंने पति के रूप में प्राप्त किया था। अपनी सतत सेवा तथा प्रेम से उन्होंने महर्षि अत्रि के हृदय को जीत लिया था।

भगवान् को अपने भक्तों का यश बढ़ाना होता है तो वे नाना प्रकार की लीलाएँ करते हैं। श्रीलक्ष्मीजी, श्रीसरस्वतीजी को अपने पतिव्रत का बड़ा अभिमान था। तीनों देवियों के अहंकार को नष्ट करने के लिये भगवान ने नारद जी के मन में प्रेरणा की। फलतः वे श्रीलक्ष्मीजी के पास पहुँचे। नारदजी को देखकर लक्ष्मीजी का मुख-कमल खिल उठा। लक्ष्मीजी ने कहा–'आइये, नारदजी ! आप तो बहुत दिनों के बाद आये कहिये, क्या हाल हैं ?'

नारद जी बोले–'माताजी ! क्या बताऊँ, कुछ बताते नहीं बनता। अबकी बार मैं घूमता हुआ चित्रकूट की ओर चला गया। वहाँ मैं महर्षि अत्रि के आश्रमपर पहुँचा। माताजी ! मैं तो महर्षि की पत्नी अनसूयाजी का

दर्शन करके कृतार्थ हो गया। तीनों लोकों में उनके समान पतिव्रता और कोई नहीं है।' लक्ष्मीजी को यह बात बहुत बुरी लगी। उन्होंने पूछा–नारद ! क्या वह मुझसे भी बढ़कर पतिव्रता है ?' नारदजी ने कहा–'माताजी ! आप ही नहीं, तीनों लोकों में कोई भी स्त्री सती अनसूया की तुलना में किसी भी गिनती में नहीं है।' इसी प्रकार देवर्षि नारद ने सती और सरस्वती के पास जाकर उनके मन में भी सती अनसूया के प्रति ईर्ष्या की अग्नि जला दी। अन्त में तीनों देवियों ने त्रिदेवों से हठ करके उन्हें सती अनसूया के सतीत्व की परीक्षा लेने के लिये बाध्य कर दिया।

ब्रह्म, विष्णु और महेश महर्षि अत्रि के आश्रम पर पहुँचे। तीनों देव मुनिवेष में थे। उस समय महर्षि अत्रि अपने आश्रमपर नहीं थे। अतिथि के रूप में आये हुए त्रिदेवों का सती अनसूया ने स्वागत-सत्कार करना चाहा, किन्तु त्रिदेवों ने उसे अस्वीकार कर दिया।

सती अनसूया ने उनसे पूछा –'मुनियों ! मुझसे कौन-सा ऐसा अपराध हो गया, जो आपलोग मेरे द्वारा की हुई पूजाग्रहण नहीं कर रहे हैं ?' मुनियों ने कहा–'देवि ! यदि आप बिना वस्त्र के हमारा आतिथ्य करें तो हम आपके यहाँ भिक्षा ग्रहण करेंगे। यह सुनकर सती अनसूया सोच में पड़ गयीं। उन्होंने ध्यान लगाकर देखा तो सारा रहस्य उनकी समझ में आ गया वे बोलीं–मैं आप लोगों का विवस्त्र होकर आतिथ्य करूँगी। यदि मैं सच्ची पतिव्रता हूँ और मैंने कभी भी कामभाव से किसी पर-पुरुषका चिन्तन नहीं किया हो तो आप तीनों छः-छः माह के बच्चे बन जायँ।'

पतिव्रता का इतना कहना था कि त्रिदेव छः-छः माह के बच्चे बन गये। माता ने विवस्त्र होकर उन्हें अपना स्तनपान कराया और उन्हें पालने में खेलने के लिये डाल दिया इस प्रकार त्रिदेव माता अनसूया वात्सल्य प्रेम के बन्दी बन गये। इधर जब तीनों देवियों ने देखा कि हमारे पति तो आये ही नहीं तो वे चिन्तित हो गयीं। आखिर तीनों अपने पतियों का पता लगाने के लिये चित्रकूट गयीं। संयोग से वहीं नारद जी से उनकी मुलाकात हो गयी। त्रिदेवियों ने उनसे अपने पतियों का पता पूछा। नारदने कहा कि वे लोग तो आश्रममें बालक बनकर खेल रहे हैं। त्रिदेवियों ने अनुसूयाजी से आश्रम में प्रवेश की आज्ञा माँगी। अनसूया जी ने उनसे उनका परिचय पूछा। त्रिदेवियों ने कहा–'माताजी ! हम तो आपकी बहुएँ हैं। आप हमें क्षमा कर दें और हमारे पतियों को लौटा दें।' अनसूयाजी का हृदय द्रवित हो

गया। उन्होंने बच्चे पर जल छिड़ककर उन्हें उनका पूर्व रूप प्रदान किया और अन्ततः उन त्रिदेवों की पूजा-स्तुति की। त्रिदेवों ने प्रसन्न होकर अपने-अपने अंशों से अनुसूया के यहाँ पुत्ररूप में प्रकट होने का वरदान दिया।

Reference: http://kathapuran.blogspot.in/2012/10/blog-post_2217.html

2. शबरी की महत्ता

शबरी यद्यपि जाति की भीलनी थी, किंतु उसके हृदय में भगवान की सच्ची भक्ति भरी हुई थी। बाहरी से वह जितनी गंदी दीख पड़ती थी, अंदर से उसका अंतःकरण उतना ही पवित्र और स्वच्छ था। वह जो कुछ करती भगवान के नाम पर करती, भगवान की दर्शन की उसे बड़ी लालसा थी और उसे विश्वास भी था कि एक दिन उसे भगवान के दर्शन अवश्य होंगे। शबरी जहाँ रहती थी एक दिन उसे भगवान के दर्शन अवश्य होंगे। शबरी जहाँ रहती थी उस वन में अनेक ऋषियों के आश्रम थे। उसकी उन ऋषियों की सेवा करने और उनसे भगवान की कथा सुनने की बड़ी इच्छा रहती थी। अनेक ऋषियों ने उसे नीच जाति की होने के कारण कथा सुनाना स्वीकार नहीं किया और श्वान की भाँति दुत्कार दिया। किंतु इससे उसके हृदय में न कोई क्षोभ उत्पन्न हुआ और न निराशा। उसने ऋषियों की सेवा करने की युक्ति निकाल ली।

वह प्रतिदिन ऋषियों की आश्रम से सरिता तक का पथ बुहारकर कुश-कंटकों से रहित कर देती और उनके उपयोग के लिए जंगल से लकड़ियाँ काटकर आश्रम के सामने रख देती। शबरी का यह क्रम महीनों चलता रहा, किंतु ऋषि को यह पता न चला कि उनकी यह परोक्ष सेवा करने वाला है कौन? इस गोपनीय का कारण यह था कि शबरी आधी रात रहे ही जाकर अपना काम पूरा कर आया करती थी। जब वह कार्यक्रम बहुत समय तक अविरल रूप से चलता रहा तो ऋषियों को अपने परोक्ष सेवक का पता लगाने की अतीव जिज्ञासा हो उठी। निदान उन्होंने एक रात जागकर पता लगा लिया कि यह वही भीलनी है जिसे अनेक बार दुत्कार कर द्वार से भगाया जा चुका था।

तपस्वियों अत्यंत महिला की सेवा स्वीकार करने में परंपराओं पर आघात होते देखा और उसे उनके धर्म-कर्मों में किसी प्रकार भाग न

लेने के लिए धमकाने लगे। मातंग ऋषि से यह न देखा गया। वे शबरी को अपनी कुटी के समीप ठहराने के लिए ले गए। भगवान राम जब वनवास गए तो उन्होंने मातंग ऋषि को सर्वोपरि मानकर उन्हें सबसे पहले छाती से लगाया और शबरी के झूठे बेर प्रेमपूर्वक रख-चखकर खाए।

Reference:http://literature.awgp.org/hindibook/ShortStories/prernaprad_katha_2/shabri_ki_mahtta

3. सावित्री की कथा

सावित्री प्रसिद्ध तत्त्वज्ञानी राजर्षि अश्वपति की एकमात्र कन्या थी। अपने वर की खोज में जाते समय उसने निर्वासित और वनवासी राजा द्युमत्सेन के पुत्र सत्यवान् को पतिरूप में स्वीकार कर लिया। जब देवर्षि नारद ने उनसे कहा कि सत्यवान् की आयु केवल एक वर्ष की ही शेष है तो सावित्री ने बडी दृढता के साथ कहा- जो कुछ होना था सो तो हो चुका। माता-पिता ने भी बहुत समझाया, परन्तु सती अपने धर्म से नहीं डिगी!

सावित्री का सत्यवान् के साथ विवाह हो गया। सत्यवान् बडे धर्मात्मा, माता-पिता के भक्त एवं सुशील थे। सावित्री राजमहल छोडकर जङ्गल की कुटिया में आ गयी। आते ही उसने सारे वस्त्राभूषणों को त्यागकर सास-ससुर और पति जैसे वल्कल के वस्त्र पहनते थे वैसे ही पहन लिये और अपना सारा समय अपने अन्धे सास-ससुर की सेवा में बिताने लगी। सत्यवान् की मृत्यु का दिन निकट आ पहुँचा।

सत्यवान् अगिन्होत्र के लिये जङ्गल में लकडियाँ काटने जाया करते थे। आज सत्यवान् के महाप्रयाण का दिन है। सावित्री चिन्तित हो रही है। सत्यवान् कुल्हाडी उठाकर जङ्गल की तरफ लकडियाँ काटने चले। सावित्री ने भी साथ चलने के लिये अत्यन्त आग्रह किया। सत्यवान् की स्वीकृति पाकर और सास-ससुर से आज्ञा लेकर सावित्री भी पति के साथ वन में गयी। सत्यवान लकडियाँ काटने वृक्षपर चढे, परन्तु तुरंत ही उन्हें चक्कर आने लगा और वे कुल्हाडी फेंककर नीचे उतर आये। पति का सिर अपनी गोद में रखकर सावित्री उन्हें अपने आञ्चल से हवा करने लगी।

थोडी देर में ही उसने भैंसे पर चढे हुए, काले रंग के सुन्दर अंगोंवाले, हाथ में फाँसी की डोरी लिये हुए, सूर्य के समान तेजवाले एक भयङ्कर

देव-पुरुष को देखा। उसने सत्यवान् के शरीर से फाँसी की डोरी में बँधे हुए अँगूठे के बराबर पुरुष को बलपूर्वक खींच लिया। सावित्री ने अत्यन्त व्याकुल होकर आर्त स्वर में पूछा- हे देव! आप कौन हैं और मेरे इन हृदयधन को कहाँ ले जा रहे हैं? उस पुरुष ने उत्तर दिया- हे तपस्विनी! तुम पतिव्रता हो, अत: मैं तुम्हें बताता हूँ कि मैं यम हूँ और आज तुम्हारे पति सत्यवान् की आयु क्षीण हो गयी है, अत: मैं उसे बाँधकर ले जा रहा हूँ। तुम्हारे सतीत्व के तेज के सामने मेरे दूत नहीं आ सके, इसलिये मैं स्वयं आया हूँ। यह कहकर यमराज दक्षिण दिशा की तरफ चल पडे।

सावित्री भी यम के पीछे-पीछे जाने लगी। यम ने बहुत मना किया। सावित्री ने कहा- जहाँ मेरे पतिदेव जाते हैं वहाँ मुझे जाना ही चाहिये। यह सनातन धर्म है। यम बार-बार मना करते रहे, परन्तु सावित्री पीछे-पीछे चलती गयी। उसकी इस दृढ निष्ठा और पातिव्रतधर्म से प्रसन्न होकर यम ने एक-एक करके वररूप में सावित्री के अन्धे सास-ससुर को आँखें दीं, खोया हुआ राज्य दिया, उसके पिता को सौ पुत्र दिये और सावित्री को लौट जाने को कहा। परन्तु सावित्री के प्राण तो यमराज लिये जा रहे थे, वह लौटती कैसे? यमराज ने फिर कहा कि सत्यवान् को छोडकर चाहे जो माँग लो, सावित्री ने कहा-यदि आप प्रसन्न हैं तो मुझे सत्यवान् से सौ पुत्र प्रदान करें। यम ने बिना ही सोचे प्रसन्न मन से तथास्तु कह दिया। वचनबद्ध यमराज आगे बढे। सावित्री ने कहा- मेरे पति को आप लिये जा रहे हैं और मुझे सौ पुत्रों का वर दिये जा रहे हैं। यह कैसे सम्भव है? मैं पति के बिना सुख, स्वर्ग और लक्ष्मी, किसी की भी कामना नहीं करती। बिना पति मैं जीना भी नहीं चाहती।

वचनबद्ध यमराज ने सत्यवान् के सूक्ष्म शरीर को पाशमुक्त करके सावित्री को लौटा दिया और सत्यवान् को चार सौ वर्ष की नवीन आयु प्रदान की।

Reference: https://hi.wikipedia.org/wiki/ सावित्री_एवं_सत्यवान

4. ब्रह्मवादिनी वेदज्ञ ऋषि गार्गी

माना जाता है कि राजा जनक प्रतिवर्ष अपने यहां शास्त्रार्थ करवाते थे। एक बार जनक ने श्रेष्ठ ब्रह्मज्ञानी की परीक्षा लेने के लिए एक शास्त्रार्थ सभा का आयोजन किया।

उन्होंने शास्त्रार्थ विजेता के लिए सोने की मुहरें जड़ित 1000 गायों को दान में देने की घोषणा कर रखी थी। उन्होंने कहा था कि शास्त्रार्थ के लिए जो भी पधारे हैं उनमें से जो भी श्रेष्ठ ज्ञानी विजेता बनेगा वह इन गायों को ले जा सकता है। निर्णय लेना अति दुविधाजनक था, क्योंकि अगर कोई ज्ञानी अपने को सबसे बड़ा ज्ञानी माने तो वह ज्ञानी कैसे कहलाएं?

ऐसी स्थिति में ऋषि याज्ञवल्क्य ने अति आत्मविश्वास से भरकर अपने शिष्यों से कहा, 'हे शिष्यो! इन गायों को हमारे आश्रम की ओर हांक ले चलो।' इतना सुनते ही सब ऋषि याज्ञवल्क्य से शास्त्रार्थ करने लगे। याज्ञवल्क्य ने सबके प्रश्नों का यथाविधि उत्तर दिया।

उस सभा में वेदज्ञ स्त्री गार्गी भी उपस्थित थी। याज्ञवल्क्य से शास्त्रार्थ करने के लिए गार्गी उठीं और पूछा कि हे ऋषिवर! क्या आप अपने को सबसे बड़ा ज्ञानी मानते हैं, जो आपने गायों को हांकने के लिए अपने शिष्यों को आदेश दे दिया?

याज्ञवल्क्य ने कहा कि माँ! मैं स्वयं को ज्ञानी नहीं मानता परन्तु इन गायों को देख मेरे मन में मोह उत्पन्न हो गया है।

गार्गी ने कहा कि आपको मोह हुआ, लेकिन यह इनाम प्राप्त करने के लिए योग्य कारण नहीं है। अगर सभी सभासदों की आज्ञा हो तो में आपसे कुछ प्रश्न पूछना चाहूँगी। अगर आप इनके संतोषजनक जवाब दे पाएं तो आप इन गायों को निश्चित ही ले जाएं।'

सभी ने गार्गी को आज्ञा दे दी। गार्गी का प्रश्न था, 'हे ऋषिवर! जल के बारे में कहा जाता है कि हर पदार्थ इसमें घुलमिल जाता है तो यह जल किसमें जाकर मिल जाता है?'

गार्गी का यह पहला प्रश्न बहुत ही सरल था, लेकिन याज्ञवल्क्य प्रश्न में उलझकर क्रोधित हो गए। बाद में उन्होंने आराम से और ठीक ही कह दिया कि जल अन्तत: वायु में ओतप्रोत हो जाता है। फिर गार्गी ने पूछ लिया कि वायु किसमें जाकर मिल जाती है और याज्ञवल्क्य का उत्तर था कि अंतरिक्ष लोक में।

पर गार्गी याज्ञवल्क्य के हर उत्तर को प्रश्न में बदलती गई और इस तरह गंधर्व लोक, आदित्य लोक, चन्द्रलोक, नक्षत्र लोक, देवलोक, इन्द्रलोक, प्रजापति लोक और ब्रहमलोक तक जा पहुंची और अन्त में गार्गी ने फिर वही प्रश्न पूछ लिया कि यह ब्रहमलोक किसमें जाकर मिल जाता है?

इस पर गार्गी पर क्रोधित होकर याज्ञवक्ल्य ने कहा, 'गार्गी, माति प्राक्षीर्मा ते मूर्धा व्यापप्त्'। अर्थात गार्गी, इतने प्रश्न मत करो, कहीं ऐसा न हो कि इससे तुम्हारा मस्तक फट जाए।

अच्छा वक्ता वही होता है जिसे पता होता है कि कब बोलना और कब चुप रहना है और गार्गी अच्छी वक्ता थी इसीलिए क्रोधित याज्ञवल्क्य की फटकार चुपचाप सुनती रही।

दूसरे प्रश्न में गार्गी ने अपनी जीत की कील ठोंक दी। उन्होंने अपने प्रतिद्वन्द्वी यानी याज्ञवल्क्य से दो प्रश्न पूछने थे तो उन्होंने बड़ी ही लाजवाब भूमिका बांधी।

गार्गी ने पूछा, 'ऋषिवर सुनो। जिस प्रकार काशी या अयोध्या का राजा अपने एक साथ दो अचूक बाणों को धनुष पर चढ़ाकर अपने दुश्मन पर लक्ष्य साधता है, वैसे ही मैं आपसे दो प्रश्न पूछती हूं।' गार्गी बड़े ही आक्रामक मूड में आ गई।

याज्ञवल्क्य ने कहा- हे गार्गी, पूछो।

गार्गी ने पूछा, 'स्वर्गलोक से ऊपर जो कुछ भी है और पृथ्वी से नीचे जो कुछ भी है और इन दोनों के मध्य जो कुछ भी है, और जो हो चुका है और जो अभी होना है, ये दोनों किसमें ओतप्रोत हैं?'

गार्गी का पहला प्रश्न 'स्पेस' और दूसरा 'टाइम' के बारे था। स्पेस और टाइम के बाहर भी कुछ है क्या? नहीं है, इसलिए गार्गी ने बाण की तरह पैने इन दो प्रश्नों के जरिए यह पूछ लिया कि सारा ब्रह्माण्ड किसके अधीन है?

याज्ञवल्क्य ने कहा- एतस्य वा अक्षरस्य प्रशासने गार्गी।' यानी कोई अक्षर, अविनाशी तत्व है जिसके प्रशासन में, अनुशासन में सभी कुछ ओतप्रोत है। गार्गी ने पूछा कि यह सारा ब्रह्माण्ड किसके अधीन है तो याज्ञवल्क्य का उत्तर था- अक्षरतत्व के! इस बार याज्ञवल्क्य ने अक्षरतत्व के बारे में विस्तार से समझाया।

इस बार गार्गी अपने प्रश्नों के जवाब से इतनी प्रभावित हुई कि जनक की राजसभा में उसने याज्ञवल्क्य को परम ब्रह्मिष्ठ मान लिया। इसके बाद गार्गी ने याज्ञवल्क्य की प्रशंसा कर अपनी बात खत्म की तो सभी ने माना कि गार्गी में जरा भी अहंकार नहीं है। गार्गी ने याज्ञवल्क्य को प्रणाम किया और सभा से विदा ली। गार्गी का उद्येश्य ऋषि याज्ञवल्क्य को हराना नहीं था।

जैसे कि पहले ही कहा गया है कि गार्गी वेदज्ञ और ब्रह्माज्ञानी थी तो वे सभी प्रश्नों के जवाब जानती थी। यहां इस कहानी को बताने का तात्पर्य यह है कि अर्जुन की ही तरह गार्गी के प्रश्नों के कारण 'बृहदारण्यक उपनिषद की ऋचाओं का निर्माण हुआ। यह उपनिषद वेदों का एक हिस्सा है।

5. रानी लक्ष्मीबाई : वीरता और शौर्य की बेमिसाल कहानी

रानी लक्ष्मीबाई (Rani Lakshmi Bai) का जन्म 19 नवंबर, 1828 को काशी के असीघाट, वाराणसी में हुआ था । इनके पिता का नाम मोरोपंत तांबे और माता का नाम 'भागीरथी बाई' था । इनका बचपन का नाम 'मणिकर्णिका' रखा गया परन्तु प्यार से मणिकर्णिका को 'मनु' पुकारा जाता था ।

मनु जब मात्र चार साल की थीं, तब उनकी मां का निधन हो गया। पत्नी के निधन के बाद मोरोपंत मनु को लेकर झांसी चले गए। रानी लक्ष्मी बाई का बचपन उनके नाना के घर में बीता, जहां वह "छबीली" कहकर पुकारी जाती थी. जब उनकी उम्र 12 साल की थी, तभी उनकी शादी झांसी के राजा गंगाधर राव के साथ कर दी गई

उनकी शादी के बाद झांसी की आर्थिक स्थिति में अप्रत्याशित सुधार हुआ। इसके बाद मनु का नाम लक्ष्मीबाई रखा गया ।

अश्वारोहण और शस्त्र-संधान में निपुण महारानी लक्ष्मीबाई ने झांसी किले के अंदर ही महिला-सेना खड़ी कर ली थी, जिसका संचालन वह स्वयं मर्दानी पोशाक पहनकर करती थीं। उनके पति राजा गंगाधर राव यह सब देखकर प्रसन्न रहते। कुछ समय बादरानी लक्ष्मीबाई (Rani Lakshmi Bai) ने एक पुत्र को जन्म दिया, पर कुछ ही महीने बाद बालक की मृत्यु हो गई।

पुत्र वियोग के आघात से दु:खी राजा ने 21 नवंबर, 1853 को प्राण त्याग दिए। झांसी शोक में डूब गई। अंग्रेजों ने अपनी कुटिल नीति के चलते झांसी पर चढ़ाई कर दी। रानी ने तोपों से युद्ध करने की रणनीति बनाते हुए कड़कबिजली, घनगर्जन, भवानीशंकर आदि तोपों को किले पर अपने विश्वासपात्र तोपची के नेतृत्व में लगा दिया।

14 मार्च, 1857 से आठ दिन तक तोपें किले से आग उगलती रहीं। अंग्रेज सेनापति ह्यूरोज लक्ष्मीबाई की किलेबंदी देखकर दंग रह गया। रानी रणचंडी का साक्षात रूप रखे पीठ पर दत्तक पुत्र दामोदर राव

को बांधे भयंकर युद्ध करती रहीं। झांसी की मुट्ठी भर सेना ने रानी को सलाह दी कि वह कालपी की ओर चली जाएँ। झलकारी बाई और मुंदर सखियों ने भी रणभूमि में अपना खूब कौशल दिखाया। अपने विश्वसनीय चार-पाँच घुड़सवारों को लेकर रानी कालपी की ओर बढ़ीं। अंग्रेज सैनिक रानी का पीछा करते रहे। कैप्टन वाकर ने उनका पीछा किया और उन्हें घायल कर दिया।

22 मई, 1857 को क्रांतिकारियों को कालपी छोड़कर ग्वालियर जाना पड़ा। 17 जून को फिर युद्ध हुआ। रानी के भयंकर प्रहारों से अंग्रेजों को पीछे हटना पड़ा। महारानी की विजय हुई, लेकिन 18 जून को ह्यूरोज स्वयं युद्धभूमि में आ डटा। रानी लक्ष्मीबाई (Rani Lakshmi Bai) ने दामोदर राव को रामचंद्र देशमुख को सौंप दिया। सोनरेखा नाले को रानी का घोड़ा पार नहीं कर सका। वहीं एक सैनिक ने पीछे से रानी पर तलवार से ऐसा जोरदार प्रहार किया कि उनके सिर का दाहिना भाग कट गया और आंख बाहर निकल आई। घायल होते हुए भी उन्होंने उस अंग्रेज सैनिक का काम तमाम कर दिया और फिर अपने प्राण त्याग दिए। 18 जून, 1857 को बाबा गंगादास की कुटिया में जहाँ इस वीर महारानी ने प्राणांत किया वहीं चिता बनाकर उनका अंतिम संस्कार किया गया।

रानी लक्ष्मीबाई (Rani Lakshmi Bai) ने कम उम्र में ही साबित कर दिया कि वह न सिर्फ बेहतरीन सेनापति हैं बल्कि कुशल प्रशासक भी हैं। वह महिलाओं को अधिकार संपन्न बनाने की भी पक्षधर थीं। उन्होंने अपनी सेना में महिलाओं की भर्ती की थी।

Reference: http://days.jagranjunction.com/2011/11/19/freedom-fighter-rani-lakshmi-bai/

6. शारदा देवी

शारदा देवी का जन्म 22 ड़िसम्वर 1853 को बंगाल प्रान्त स्थित जयरामबाटी नामक ग्राम के एक गरीव ब्राह्मण परिवार में हूआ। उनके पिता रामचन्द्र मुखोपाध्याय और माता श्यामासुन्दरी देवी कठोर परिश्रमी थे।

केवल 6 वर्ष की उम्र में इनका विवाह श्री रामकृष्ण से कर दिया गया था।

अठारह वर्ष की उम्र में वह अपने पति रामकृष्ण से मिलने दक्षिणेश्वर पहुचीं। रामकृष्ण इस समय कठिन आध्यात्मिक साधना में बारह वर्ष से ज्यादा समय व्यतीत कर चुके थे और आत्मसाक्षातकार के सर्वोच्च

स्तर को प्राप्त कर लिए थे। वे बड़े प्यार से शारदा को ग्रहण किये और गृहस्थी के साथ साथ आध्यात्मिक जीवन व्यतीत करने की शिक्षा भी दिये। शारदा पवित्र जीवन व्यतीत करते हुए, रामकृष्ण की शिष्या बन गई। रामकृष्ण शारदा को जगन्माता के रूप में देखते थे। 1872 ई. के फलाहारीणी काली पूजा की रात को वे शारदा को जगन्माता के रूप में पूजा किये। दक्षिणेश्वर में आनेबाले भक्तों को शारदा देवी बच्चों के रूप में देखती थी और उनकी सेवा करती थी।

शारदा देवी का दिन प्रातः ३:०० बजे शुरू होता था। गंगास्नान के बाद वे जप और ध्यान करती थी। रामकृष्ण ने उन्हें दिव्य मंत्र सिखाये थे और लोगो को दीक्षा देने और उन्हें आध्यात्मिक जीवन में मार्गदर्शन देने हेतु ज़रूरी सूचना भी दी थी। शारदा देवी को श्री रामकृष्ण की प्रथम शिष्या के रूप में देखा जाता हैं। अपने ध्यान में दिए समय के अलावा , वे बाकी का समय रामकृष्ण और भक्तो (जिनकी संख्या बढ़ती जा रही थी) के लिए भोजन बनाने में व्यतीत करती थी।

1886 ई. में रामकृष्ण के देहान्त के वाद शारदा देवी तीर्थ दर्शन करने चली गयी। वहाँ से लौटने के बाद वे अत्यन्त संकट की स्थिति में कामारपुकुर में रहने लगी। उनकी यह दशा को देखते हुए रामकृष्ण के भक्त उन्हें कलकत्ता लेकर आ गये। कलकत्ता आने के बाद उनके जीवन में परिवर्तन आया और वे दीक्षा देकर शिष्य बनाने लगी। प्रारंभिक वर्षों में स्वामी योगानन्द ने उनकी सेवा का दायित्व लिये थे। बाद में स्वामी सारदानन्द ने उनके रहने के लिए कलकत्ता में उद्वोधन भवन का निर्माण करवाया था।

कठिन परिश्रम की दवाब और बारबार मलेरिया के संक्रमण के कारण उनका तबीयत बिगड़ता गया। 21 जुलाई 1920 को शारदा देवी ने नश्वर शरीर त्याग किया। बेलुड़ मठ में उनके समाधि स्थल पर एक भव्य मंदिर का निर्माण किया गया है।

7. कृष्ण भक्ति की धुरी : मीराबाई

मीराबाई के बालमन में कृष्ण की ऐसी छवि बसी थी कि यौवन काल से लेकर मृत्यु तक मीराबाई ने कृष्ण को ही अपना सब कुछ माना। जोधपुर के राठौड़ रतनसिंह जी की इकलौती पुत्री मीराबाई का जन्म सोलहवीं शताब्दी में हुआ था। बचपन से ही वे कृष्ण-भक्ति में रम गई थीं।

मीराबाई का कृष्ण प्रेम बचपन की एक घटना की वजह से अपने चरम पर पहुंचा था। मीराबाई के बचपन में एक दिन उनके पड़ोस में किसी बड़े आदमी के यहां बारात आई थी। सभी स्त्रीयाँ छत से खड़ी होकर बारात देख रही थीं। मीराबाई भी बारात देख रही थीं, बारात को देख मीरा ने अपनी माता से पूछा कि मेरा दूल्हा कौन है? इस पर मीराबाई की माता ने कृष्ण की मूर्ति के तरफ इशारा कर कह दिया कि वही तुम्हारे दूल्हा हैं। यह बात मीरा बाई के बालमन में एक गांठ की तरह बंध गई।

बाद में मीराबाई का विवाह महाराणा सांगा के पुत्र भोजराज से कर दिया गया। इस शादी के लिए पहले तो मीराबाई ने मना कर दिया पर जोर देने पर वह फूट-फूट कर रोने लगीं और विदाई के समय कृष्ण की वही मूर्ति अपने साथ ले गईं जिसे उनकी माता ने उनका दूल्हा बताया था। मीराबाई ने लज्जा और परंपरा को त्याग कर अनूठे प्रेम और भक्ति का परिचय दिया था। विवाह के दस बरस बाद इनके पति का देहांत हो गया था। पति की मृत्यु के बाद ससुराल में मीराबाई पर कई अत्याचार किए गए। इनके देवर राणा विक्रमजीत को इनके यहाँ साधु संतों का आना-जाना बुरा लगता था। पति के परलोकवास के बाद इनकी भक्ति दिन प्रति दिन बढ़ती गई। ये मंदिरों में जाकर वहां मौजूद कृष्णभक्तों के सामने कृष्णजी की मूर्ति के आगे नाचती रहती थीं।

कहते हैं मीराबाई के कृष्ण प्रेम को देखते हुए और लोक लज्जा के वजह से मीराबाई के ससुरालवालों ने उन्हें मारने के लिए कई चालें चलीं पर सब विफल रहीं। घर वालों के इस प्रकार के व्यवहार से परेशान होकर वह द्वारका और वृंदावन गईं। मीराबाई जहां जाती थीं, वहां उन्हें लोगों का सम्मान मिलता था। मीराबाई कृष्ण की भक्ति में इतना खो जाती थीं कि भजन गाते-गाते वह नाचने लगती थीं।

मीरा की महानता और उनकी लोकप्रियता उनके पदों और रचनाओं की वजह से भी है। ये पद और रचनाएं राजस्थानी, ब्रज और गुजराती भाषाओं में मिलते हैं। हृदय की गहरी पीड़ा, विरहानुभूति और प्रेम की तन्मयता से भरे हुए मीरा के पद हमारे देश की अनमोल संपत्ति हैं। आँसुओं से गीले यँ पद गीतिकाव्य के उत्तम नमूने हैं। मीराबाई ने अपने पदों में श्रृंगार और शांत रस का प्रयोग विशेष रुप से किया है। भावों की सुकुमारता और निराडंबरी सहजशैली की सरसता के कारण मीरा की व्यथासिक्त पदावली बरबस सबको आकर्षित कर लेती हैं।

मीराबाई ने चार ग्रंथों की रचना की। बरसी का मायरा, गीत गोविंद टीका, राग गोविंद और राग सोरठ के पद मीरबाई द्वारा रचे गए ग्रंथ हैं. इसके अलावा मीराबाई के गीतों का संकलन "मीराबाई की पदावली' नामक ग्रन्थ में किया गया है।

कहा जाता है कि मीराबाई रणछोड़ जी में समा गई थीं। मीराबाई की मृत्यु के विषय में किसी भी तथ्य का स्पष्टीकरण आज तक नहीं हो सका है।

मीराबाई ने भक्ति को एक नया आयाम दिया है। एक ऐसा स्थान जहां भगवान ही इंसान का सब कुछ होता है। दुनिया के सभी लोभ उसे मोह से विचलित नहीं कर सकते। एक अच्छा-खासा राजपाट होने के बाद भी मीराबाई वैरागी बनी रहीं। मीराजी की कृष्ण भक्ति एक अनूठी मिसाल रही है।

Reference: http://days.jagranjunction.com/2011/03/23/meerabai-krishna/

8. प्रेरक कथा : राजा दशरथ की सीख

राजा दशरथ जब अपने चारों बेटों की बारात लेकर राजा जनक के द्वार पर पहुँचे तो राजा जनक ने सम्मानपूर्वक बारात का स्वागत किया।

तभी दशरथजी ने आगे बढ़कर जनकजी के चरण छू लिए।

चौंककर जनकजी ने दशरथजी को थाम लिया और कहा- 'महाराज, आप बड़े हैं, वरपक्ष वाले हैं, ये उल्टी गंगा कैसे बहा रहे हैं?'

इस पर दशरथजी ने बड़ी सुंदर बात कही- 'महाराज, आप दाता हैं, कन्यादान कर रहे हैं। मैं तो याचक हूं, आपके द्वार कन्या लेने आया हूं। अब आप ही बताएं कि दाता और याचक दोनों में कौन बड़ा है?'

यह सुनकर जनकजी के नेत्रों से अश्रुधारा बह निकली। भाग्यशाली हैं वे जिनके घर होती हैं बेटियां!

हर बेटी के भाग्य में पिता होता है, लेकिन हर पिता के भाग्य में बेटी नहीं होती।

Reference:http://hindi.webdunia.com/kids-stories/motivational-story-115100900033_1.html

9. नारी सम्मान

“kke dk le; Fkk A ohj ejkBk f”kokth jktx< nqxZ dh cSBd esa ?kwe jgs Fks A mudas e[k ij fpUrk dh Nk;k Fkh A jg & jgdj mudh vk[kksa ds lkeus dY;k.k iUr dh lhek ij yxs f”kfoj dk n`”; vk tkrk Fkk A ogka eqxyksa vkSj ejkBksa esa Hkh’k.k ;q/n py jgk Fkk A

rHkh mudsa egkea=h eksjksiUr ogka vk, vkSj cksys]^^ Jheur] ,d “kqHk lekpkj gS A dY;k.k iUr esa vc gekjh irkdk ygjk jgh gS A lsukifr lksuno us dY;k.k ds nqxZ dks thr fy;k gS A** ^^ okg ! ;g rks lpeqp iz lUurk dh ckr gS A gekjh lsuk ds ;q/n dkS”ky ls vgen dks eqg dh [kkuh iM+h gS A ;g rks gekjs fy, xoZ dh ckr gS A** f”kokth cksys A

rHkh fdys ds ckgj]^^ Jheur dh t; lsukifr dh t;** dh vkokt+sa xwtus yxh A f”kokth us mBdj g’kZ iwoZd lksuno dks xys yxk fy;k A os cksys]^^ lksuno th] dY;k.k thrus ds fy, cgqr & cgqr c/kkbZ gesa viuh lsukifr dh ohjrk ij xoZ gS A** eksjksiUr us lsukifr dh ckr dks le>kr fd;k A os cksys]^^ vc vki tks [ktkuk yk, gSa og Hkh vd Jheur dh lsok esa iLrqr dhft, A** ^^ bl ckj esa vkids ds fy, vuqie Hkh yk;k gwa A ** mudks ihNs & ihNs pkj dgkj ,d ikydh mBk, Hkrj vk x, A lksuno us dgkjksa dks ckgj tkus dk b”kkjk djrs cksys vki bls n[kdj vo”; iz lUu gksa tk,xs A ikydh n[kdj f”kokth pkSd mBs vkSj cksys]^^ vjs bl ikydh esa D;k gS lksuno ** ^^ egkjkt ikydh esa lcls lqUnj vgen dh iq=o/kw gS ftldh lqUnjrk dh ppkZ n”k ej esa gS A eSa bls Jheur ds fy, migkj Lo:i yk;k gw A** ;g dgrs gq, lksuno us ikydh dk ijnk gVk fn;k A

lksuno dh ckr lqurs gh f”kokth dk pgjk dkz/k ls rerek mBk os vklku ls mB [kM+s gq, vko”k iwoZd cksys] ^^ lsukifr ;g dSlh fot; gS \ ijL=h dk vieku dj rqeus viuh fot; ds xkSjo dks /kwy/kwuk dj fn;k gS ,d ohj dks ;g “kksHkk ugha nsrk A**

f‘kokth ds ;s “kCn lqudj vgen dh iq=o/kq ikydh ls ckgj vkdj ,d vkSj leprh gqbZ [kM+h gks xbZ A f”kokth us mldh vkSj n[kk vkSj utjsa >qdk yh A os cksys]^^ {kekdjsa A esjs lsukifr dh e[krk ls vkidk vkt ;g vieku lguk iMk A eSa vkidh lqUnjrk dh iwtk gh dj ldrk gw A ijL=h esjs fy, eka ds leku gS A **

प्रहसन (Skit)

विषय (Topics)

1. स्त्री शिक्षा
2. कन्या भ्रूण हत्या
3. दहेज प्रथा

भारत की प्राचीन आदर्श नारियाँ

1. द्रौपदी
2. अहल्या
3. सीता
4. तारा
5. मन्दोदरी
6. कुन्ती
7. शबरी
8. दमयन्ती
9. शाण्डिली
10. अनसूया
11. सावित्री •
12. वाचकन्वी गार्गी
13. मैत्रेयी
14. मदालसा
15. देवहूति
16. अरुन्धती

इतिहास में अमिट रहेंगी पांच पत्नियां

1. अनुसूया : पतिव्रता देवियों में अनुसूया का स्थान सबसे ऊंचा है। वे अत्रि-ऋषि की पत्नी थीं। एक बार सरस्वती, लक्ष्मी और दुर्गा में यह विवाद छिड़ा कि सर्वश्रेष्ठ पतिव्रता कौन है? अंत में तय यही हुआ कि अत्रि पत्नी अनुसूया ही सर्वश्रेष्ठ पतिव्रता हैं। इस बात की परीक्षा लेने के लिए अत्रि जब बाहर गए थे तब त्रिदेव अनुसूया के आश्रम में ब्राह्मण के भेष में भिक्षा मांगने लगे और

अनुसूया से कहा कि जब आप अपने संपूर्ण वस्त्र उतार देंगी तभी हम भिक्षा स्वीकार करेंगे। तब अनुसूया ने अपने सतीत्व के बल पर उक्त तीनों देवों को अबोध बालक बनाकर उन्हें भिक्षा दी। माता अनुसूया ने देवी सीता को पतिव्रता का उपदेश दिया था।

2. द्रौपदी : द्रौपदी को कौन नहीं जानता। पांच पांडवों की पत्नी द्रौपदी को सती के साथ ही पांच कुवांरी कन्याओं में भी शामिल किया जाता है। द्रौपदी के पिता पांचाल नरेश राजा ध्रुपद थे। एक प्रतियोगिता के दौरान अर्जुन ने द्रौपदी को जीत लिया था।

पांडव द्रौपदी को साथ लेकर माता कुंती के पास पहुंचे और द्वार से ही अर्जुन ने पुकार कर अपनी माता से कहा, 'माते! आज हम लोग आपके लिए एक अद्भुत भिक्षा लेकर आए हैं।' इस पर कुंती ने भीतर से ही कहा, 'पुत्रों! तुम लोग आपस में मिल-बांट उसका उपभोग कर लो।' बाद में यह ज्ञात होने पर कि भिक्षा वधू के रूप में हैं, कुंती को अत्यन्त दुख हुआ किन्तु माता के वचनों को सत्य सिद्ध करने के लिए द्रौपदी ने पांचों पांडवों को पति के रूप में स्वीकार कर लिया।

3.सुलक्षणा : रावण के पुत्र मेघनाद (इंद्रजीत) की पत्नी सुलक्षणा को पंच सती में शामिल किया गया है।

4.सावित्री : महाभारत अनुसार सावित्री राजर्षि अश्वपति की पुत्री थी। उनके पति का नाम सत्यवान था जो वनवासी राजा द्युमत्सेन के पुत्र थे। सावित्री के पति सत्यवान की असमय मृत्यु के बाद, सावित्री ने अपनी तपस्या के बल पर सत्यवान को पुनर्जीवित कर लिया था। इनके नाम से वट सावित्री नामक व्रत प्रचलित है जो महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र के लिए करती हैं। यह व्रत गृहस्थ जीवन के मुख्य आधार पति-पत्नी को दीर्घायु, पुत्र, सौभाग्य, धन समृद्धि से भरता है।

5. मंदोदरी : मंदोदरी रामायण के पात्र, लंकापति रावण की पत्नी थी। हेमा अप्सरा से उत्पन्न रावण की पटरानी जो मेघनाद की माता तथा मयासुर की कन्या थी। रावण को सदा अच्छी सलाह देती थी और कहा जाता है कि अपने पति के मनोरंजनार्थ इसी ने शतरंज के खेल का प्रारंभ किया था। इसकी गणना भी पंचकन्याओं में है। सिंघलदीप की राजकन्या और एक मातृका का भी नाम मंदोदरी था।

क्रांतिकारी महिलाएँ

1. रानी लक्ष्मी बाई
2. बेगम हजरत महल
3. रानी द्रोपदी बाई
4. रानी ईश्वरी कुमारी
5. चौहान रानी
6. अवंतिका बाई लोधो
7. महारानी तपस्विनी
8. ऊदा देवी
9. बालिका मैना
10. वीरांगना झलकारी देवी
11. तोपख़ाने की कमांडर जूही
12. पराक्रमी मुन्दर
13. रानी हिंडोरिया
14. रानी तेजबाई
15. जैतपुर की रानी
16. नर्तकी अजीजन
17. ईश्वरी पाण्डेय

Class - VI

तुक (Rhyme)

1. नन्हा मुन्ना राही हूँ

नन्हा मुन्ना राही हूँ,
देश का सिपाही हूँ,
बोलो मेरे संग,
जय हिंद जय हिंद जय हिंद...|
Nanha Munna Raahi Hoon,
Desh Ka Sipahi Hoon,
Bolo Mere Sang,
Jai Hind Jai Hind Jai Hind.....

Reference: http://hindiquotes.org/nanha-munna-raahi-hun-hindi-kids-poem/

2. हम भाई हम

कौन करेगा देश की सेवा?
हम भाई हम
कौन चलेगा सच्चा रास्ता ?
हम भाई हम
कौन बोलेगा मीठी भाषा ?
हम भाई हम
कौन बनेगा अच्छा बच्चा?
हम भाई हम
Kaun karega desh ki seva?
Hum bhai hum
Kaun chalega saccha raasta?
Hum bhai hum.
Kaun bolega meethi bhaasha?
Hum bhai hum
Kaun banega accha baccha?
Hum bhai hum.

Reference:http://www.indif.com/kids/hindi_rhymes/contibuted_nursery_rhymes_67.aspx

देशभक्ति के गीत (Patriotic Songs)

1. राष्ट्रीय गीत रबीन्द्रनाथ ठाकुर

जन गण मन अधिनायक जय हे
भारत भाग्यविधाता
पंजाब, सिन्धु, गुजरात, मराठा
द्राविड़, उत्कल बंगा
विन्ध्य हिमाचल यमुना गंगा
उच्छल जलधि तरंगा
तव शुभ नामे जागे
तव शुभ आशीष मागे
गाहे तव जयगाथा
जन गण मंगलदायक जय हे
भारत भाग्यविधाता
जय हे, जय हे, जय हे
जय जय जय जय हे!

2. सारे जहाँ से अच्छा मुहमद इक़बाल

सारे जहाँ से अच्छा, हिन्दोस्तां हमारा
हम बुलबुले हैं इसकी, वो गुलसितां हमारा
परबत वो सबसे ऊँचा, हमसाया आसमाँ का
वो संतरी हमारा, वो पासबाँ हमारा, सारे...
गोदी में खेलती हैं, जिसकी हज़ारों नदियां
गुलशन है जिसके दम से, रश्क-ए-जिनां हमारा
सारे....
मजहब नहीं सिखाता, आपस में बैर रखना
हिन्दी हैं हम वतन हैं, हिन्दोस्तां हमारा, सारे...
saare jahaan se achcha hindostaan hamaraa
hum bul bulain hai is kee, ye gulsitan hamaraa
parbat vo sabse unchaa hum saaya aasma kaa
vo santaree hamaraa, vo paasbaan hamaraa

godee mein khel tee hain is kee hazaaron nadiya
gulshan hai jinke dum se, rashke janna hamaraa
mazhab nahee sikhataa apas mein bayr rakhnaa
hindee hai hum, vatan hai hindostaan hamaraa

3. हम होंगे कामयाब - गिरिजा कुमार माथुर

होंगे कामयाब,
हम होंगे कामयाब एक दिन
हो, हो,
मन में है विश्वास, पूरा है विश्वास
हम होंगे कामयाब एक दिन।
हम चलेंगे साथ-साथ
डाल हाथों में हाथ
हम चलेंगे साथ-साथ, एक दिन
मन में है विश्वास, पूरा है विश्वास
हम चलेंगे साथ-साथ एक दिन।
होगी शांति चारों ओर, एक दिन
हो, हो,
मन में है विश्वास, पूरा है विश्वास
होगी शांति चारों ओर एक दिन।
हो, हो,
नहीं डर किसी का आज एक दिन
मन में है विश्वास, पूरा है विश्वास
नहीं डर किसी का आज एक दिन।
Honge kaamyaab, honge kaamyaab,
ham honge kaamyaab ek din
Ho ho
mann mai hai vishwaas, pura hai vishwaas
Ham honge kaamyaab ek din.........
Ham chalenge saath saath,
daale haatho mai haath
Ham chalenge saath saath ek din

mann mai hai vishwaas, pura hai vishwaas
Ham chalenge saath saath ek din
Hogee shaantee chaaro aur ek din
Ho ho
Nahee darr kisee kaa aaj ek din
mann mai hai vishwaas, pura hai vishwaas
Nahee darr kisee kaa aaj ke din

भाषण विषयक (Oratorical)

विषय (Topics)

1. स्वतंत्रता दिवस
2. शहीद भगत सिंह
3. राष्ट्रीय एकता और अखंडता
4. मेरा देश महान
5. भारत का ध्वज (तिरंगा)
6. गणतंत्र दिवस
7. परमवीर चक्र

कविताएँ (Poems)

1. तिरंगा लहराएंगे... - हरजीत निषाद

भागी परतंत्रता ।
आई स्वतंत्रता ।
देश के सपूतों नें ,
दिखलाई वीरता ।
वीरों की ललकार ।
देशभक्त की पुकार ।
आगे बढ़ी तरुणाई ,

राष्ट्र का करने सिंगार ।
शौर्य को जगाएंगे ।
भारत को सजाएंगे ।
रक्षक हम आजादी के ,
गौरव को बढ़ाएंगे ।
राष्ट्र गीत गाएंगे ।
तिरंगा लहराएंगे ।
पर्व है आजादी का ,
गर्व से मनाएंगे ।

2. मेरा भारत

प्यारा प्यारा मेरा देश,
सजा-संवरा मेरा देश,
दुनिया जिस पर गर्व करे -
नयन-सितारा मेरा देश.
चांदी-सोना मेरा देश,
सफल-सलोना मेरा देश,
सूरज जैसा आलौकित -
सुख का कोना मेरा देश.
Pyara pyara mera desh,
sajaa-sanwaara mera desh,
duniya jis par garv kare--
nayan sitaara mera desh.
chaandi-sona mera desh,
safal salona mera desh,
suraj jaisa aalwkit--
sukh ka kona mera desh

3. कविता - तुम ही हो माता

तुम ही हो माता, पितातुमहीहो
तुम ही हो बंधू, सखा तुम ही हो
tumheehomaataa, pitaa tum heeho
tumheehobndhoo, sakhaa tum heeho
तुम ही हो साथी, तुम ही सहारे
कोई ना अपना सिवा तुम्हारें
तुम ही हो नैय्या, तुम ही खिवय्या
tumheehosaathee, tum heesahaare
koinaaapanaasiwaatumhaaren
tumheehonaiyyaa, tum heekhiwayyaa
जो खिल सके ना वो फुल हम हैं
तुम्हारें चरणों की धुल हम हैं
दया की दृष्टि सदा ही रखना
jokhil sake naa wo ful ham hain
tumhaare charanon kee dhul ham hain
dayaa kee drishti sadaa hee rakhnaa

4. अद्भुत पराक्रम

भरा है वीरों से यह देश ;
युद्ध औ ‘ मृत्यु जिन्हें हैं खेल ?
देश की खातिर हंसते हुए
विविध कष्टों को जाते झेक्तल ।
वीरता भारत है रही
जगत में युग - युग में विख्यात ?
सुनाता हूँ मैं तुमको आज
अभी थोड़े ही दिन की बात ।

छिड़ा था ' काश्मीर ' में युद्ध !
लड़ रहे भारत - पाकिस्तान ।
मृत्यु की खुली हुई थी हाट ;
हो रहे प्राणों के बलिदान ।
किया था नर - वीरों ने तभी
देश के लिए युद्ध घमासान ।
दिखा करके अद्भुत वीरत्व ,
कमाई जग में कीर्ति महान् ?

हो रहा था ' टिथवल ' में युद्ध -----
वहीं का बतलाता हूँ हाल ।
पराक्रम का अद्भुत दृष्टान्त ?
वीरता का अति दिव्य कमाल ?

कहानियाँ (Stories)

1. वीर छत्रपति शिवाजी

भारतभूमि हमेशा ही वीरों की जननी रही है। यहाँ समय-समय पर ऐसे वीर हुए जिनकी वीर गाथा सुन हर भारतवासी का सीना गर्व से तन जाता है। भारतभूमि के महान वीरों में एक नाम वीर छत्रपति शिवाजी का भी आता है जिन्होंने अपने पराक्रम से औरंगजेब जैसे महान मुगल शासक की सेना को भी परास्त कर दिया था। एक महान, साहसी और चतुर हिंदू शासक के रूप में छत्रपति शिवाजी को यह जग हमेशा याद करेगा।

कम साधन होने के बाद भी छत्रपति शिवाजी ने अपनी सेना को एक संयोजित ढंग से रण में माहिर बनाया। अपनी बहादुरी, साहस एवं चतुरता से उन्होंने औरंगजेब जैसे शक्तिशाली मुगल सम्राट की विशाल सेना से कई बार जोरदार टक्कर ली और अपनी शक्ति को

बढ़ाया। छत्रपति शिवाजी कुशल प्रशासक होने के साथ-साथ एक समाज सुधारक भी थे। वे कई लोगों का धर्म परिवर्तन कराकर उन्हें पुन हिन्दू धर्म में लाए। छत्रपति शिवाजी बहुत ही चरित्रवान व्यक्ति थे। वे महिलाओं का बहुत आदर करते थे। महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार करने वालों और निर्दोष व्यक्तियों की हत्या करने वालों को कड़ा दंड देते थे।

छत्रपति शिवाजी की अभूतपूर्व सफलता का रहस्य मात्र उनकी वीरता एवं शौर्य में निहित नहीं है, अपितु उनकी आध्यात्मिकता का भी उनकी उपलब्धियों में बहुत बडा योगदान है। उल्लेखनीय है कि मराठा सरदार से छत्रपति बनने के मार्ग में बहुत सारी बाधाएं आईं किंतु उन सबका उन्मूलन करते हुए वह अपने लक्ष्य पर पहुंच कर ही रहे।

औरंगजेब भी था शिवाजी के आगे फेल

मुगल बादशाह औरंगजेब अपनी विराट शाही सेना के बावजूद उनका बाल बांका भी नहीं कर सका और उसके एक बडे भूभाग पर उन्होंने अधिकार प्राप्त कर लिया। छल से उन्हें और उनके किशोर लडके को आगरे में कैद करने में औरंगजेब ने सफलता प्राप्त की, तो शिवाजी अपनी बुद्धिमता और अपनी इष्ट देवी तुलजा भवानी की कृपा के बल पर बंधन मुक्त होने में सफल हो गए। असहाय जनता के लिए शिवाजी पहले-पहल एक समर्थ रक्षक बनकर उभरे। छत्रपति निस्संदेह भारत-माता के प्रथम सुपुत्र सिद्ध हुए, जिन्होंने देशवासियों के अंदर नवीन उत्साह का संचार किया।

शिवाजी यथार्थ में एक आदर्शवादी थे। उन्होंने मुगलों, बीजापुर के सुल्तान, गोवा के पुर्तगालियों और जंजीरा स्थित अबीसीनिया के समुद्री डाकुओं के प्रबल प्रतिरोध के बावजूद दक्षिण में एक स्वतंत्र हिन्दू राज्य की स्थापना की। उन्हीं के प्रयासों से भविष्य में विशाल मराठा साम्राज्य की स्थापना हुई. उनके गुरू दक्षिण भारत में एक महान संत गुरु रामदास थे। शिवाजी का गुरू प्रेम भी जगप्रसिद्ध था।

शिवाजी की 1680 में कुछ समय बीमार रहने के बाद अपनी राजधानी पहाड़ी दुर्ग राजगढ़ में 3 अप्रैल को मृत्यु हो गई। आज भी देश में छत्रपति शिवाजी का नाम एक महान सेनानी और लड़ाके के रूप में लिया जाता है जिनकी रणनीति का अध्ययन आज भी लोग करते हैं।

Reference: http://days.jagranjunction.com/2012/02/19/biography-os-veer-chhatrapati-shivaji/

2. राजा विक्रम और मकड़ी

राजा विक्रम एक शांति प्रिय राजा थे| उनके राज्य में चारों तरफ शांति और समृद्धि थी| लोग राजा से बहुत प्रसन्न थे| राजा भी प्रजा का बहुत ख्याल रखते थे| एक बार पडोसी राज्य के राजा ने उनके राज्य पर अचानक हमला कर दिया| राजा विक्रम इस के लिए तैयार नहीं थे| लड़ाई में राजा विक्रम की हार हो गयी किसी तरह से अपनी जान बचाकर राजा विक्रम जंगल में जाकर एक गुफा में छिप गए| जब राजा विक्रम गुफा में बैठे थे तो एक मकड़ी ने उन का ध्यान अपनी ओर खीचा| मकड़ी ऊपर दीवाल पर चढ़ रही थी,पर बार बार नीचे गिर जाती थी| हर बार मकड़ी कुछ ऊपर जाकर नीचे गिर जाती थी| लेकिन मकड़ी ने हार नहीं मानी| ५-६ (5-6) बार नीचे गिरी और ५-६ (5-6) बार दुबारा ऊपर चड़ी| आंखिर में मकड़ी ऊपर चड़ने में कामयाब होगई| राजा विक्रम ने सोचा कि अगर एक मकड़ी बार बार कोशिश करने से सफल हो सकती है तो मैं भी बार बार कोशिस करने पर सफल हो सकता हूँ| मुझे हिम्मत नहीं हारनी चाहिए| राजा विक्रम ने हिम्मत कर के अपनी सेना को दुबारा से एकत्र किया| कुछ समय बाद राजा विक्रम ने अपने दुश्मन पर धावा बोल दिया और राजा ब्रूश की इस बार जीत हुई| राजा विक्रम को अपना खोया हुआ राज्य फिर से मिल गाया| राजा विक्रम फिर से पहले की तरह अपना राज काज चलाने लग गए|

शिक्षा: बार बार कोशिश करने पर कोई भी काम मुश्किल नहीं होता है|

3. प्रजा धर्म और यूनान का राजदूत

मौर्य साम्राज्य (Ashoka State) में बार यूनान के राजदूत का आना हुआ तो उसने मौर्य साम्राज्य के महामंत्री चाणक्य की प्रशंसा प्रत्येक मनुष्य जो वँहा का रहने वाला और आस पास के लोगो के मुख से सुनी तो उसे भी चाणक्य से मिलने की इच्छा हुई कि देखूँ तो सही इतना प्रभावशाली व्यक्ति है कौन आखिर ?

दरबार से पता पूछने के बाद राजदूत चाणक्य से मिलने के लिए उनके निवास स्थान गंगा के किनारे चल दिया । वँहा पहुँचने के बाद देखता है कि गंगा के किनारे एक आकर्षक व्यक्तित्व का धनी लम्बा

चौड़ा पुरुष नहा रहा था । जब वह आदमी नहा कर कपड़े धोने लगा तो राजदूत ने पास जाकर उस व्यक्ति से पूछा कि क्या आप चाणक्य का घर जानते है । इस पर उस व्यक्ति ने सामने एक झोंपडी की और इशारा किया ।

राजदूत को भरोसा ही नहीं हुआ कि किसी राज्य का महामंत्री इस साधारण - सी झोंपड़ी में रहता होगा, लेकिन फिर भी वो उस झौपडी की और चल पड़ा और भीतर जाकर उसने उस झोंपडी को खाली पाया । यह देखकर राजदूत को लगा कि गंगा के किनारे उसे मिले उस व्यक्ति ने उसका मजाक बनाया है ऐसा सोचकर वो मुझे लगा तो क्या देखता है कि वही व्यक्ति उसके सामने खड़ा है ।

यह देखकर वो राजदूत उस व्यक्ति से कहने लगा " अपने तो कहा था न कि चाणक्य यही रहते है लेकिन यंहा तो कोई नहीं है अपने मेरे साथ मजाक किया है क्या ?" इस पर वह व्यक्ति कहने लगा महाशय मैं ही चाणक्य हूँ कहिये क्या प्रयोजन है ? इस पर राजदूत हैरान रह गया कहने लगा "मौर्य सम्राज्य के महामंत्री और इतनी सरल दिनचर्या और वो भी इस झौपडी में निवास , कमाल है विश्वास ही नहीं होता "

चाणक्य ने बड़ी सादगी से जवाब दिया कि अगर मैं महलों और राजभवन की सुविधाओं के बीच रहने लग जाँऊ तो प्रजा के हिस्से में झोपडी आ जाएगी इसलिए मैं प्रजा धर्म का निर्वहन करते हुए यहाँ रहता हूँ ।

Reference: http://www.guide2india.org/ashoka-history-in-hindi-story/

4. नागरिक का फर्ज

एक बार की बात है चीन के महान दार्शनिक कन्फ्यूशियस अपने चेलो के साथ एक पहाड़ी से गुजर रहे थे । थोड़ी दूर चलने के बाद वो एक जगह अचानक रुक गये और कन्फ्यूशियस बोले " कही कोई रो रहा है " वह आवाज को लक्ष्य करके उस और बढ़ने लगे । शिष्य भी पीछे हो लिए एक जगह उन्होंने देखा कि एक स्त्री रो रही है ।

कन्फ्यूशियस ने उसके रोने का कारण पूछा तो स्त्री ने कहा इसी स्थान पर उसके पुत्र को चीते ने मार डाला । इस पर कन्फ्यूशियस ने उस स्त्री से कहा तो तुम तो यहाँ अकेली हो न तुम्हारा बाकी का परिवार कंहा है ? इस पर स्त्री ने जवाब दिया हमारा पूरा परिवार

इसी पहाड़ी पर रहता था लेकिन अभी थोड़े दिन पहले ही मेरे पति और ससुर को भी इसी चीते ने मार दिया था । अब मेरा पुत्र और मैं यहाँ रहते थे और आज चीते ने मेरे पुत्र को भी मार दिया ।

इस पर कन्फ्यूशियस हैरान हुए और बोले कि अगर ऐसा है तो तुम इस खतरनाक जगह को छोड़ क्यों नहीं देती । इस पर स्त्री ने कहा " इसलिए नहीं छोडती क्योंकि कम से कम यंहा किसी अत्याचारी का शासन तो नहीं है ।" और चीते का अंत तो किसी न किसी दिन हो ही जायेगा ।

इस पर कन्फ्यूशियस ने अपने शिष्यों से कहा निश्चित ही यह स्त्री करूणा और सहानुभूति की पात्र है लेकिन फिर भी एक महत्वपूरण सत्य से इसने हमें अवगत करवाया है कि एक बुरे शासक के राज्य में रहने से अच्छा है किसी जंगल या पहाड़ी पर ही रह लिया जाये । जबकि मैं तो कहूँगा एक समुचित व्यवस्था यह है कि जनता को चाहिए कि ऐसे बुरे शासक का जनता पूर्ण विरोध करें और सत्ताधारी को सुधरने के लिए मजबूर करे और हर एक नागरिक इसे अपना फर्ज़ समझे ।

Reference: http://www.guide2india.org/confucius-short-story-in-hindi/

प्रहसन (Skit)

विषय (Topics)

1. परमवीर चक्र
2. मेरा देश महान
3. शहीद भगत सिंह

परमवीर चक्र हासिल करनेवाले वीरों की सूची

	नाम	तिथि
1.	मेजर सोमनाथ शर्मा	- 3 नवंबर, 1947
2.	लांस नायक करम सिंह	- 13 अक्टूबर, 1948
3.	सेकेंड लेफ़्टीनेंट राम राघोबा राणे	- 8 अप्रैल, 1948
4.	नायक यदुनाथ सिंह	- फरवरी 1948
5.	कंपनी हवलदार मेजर पीरू सिंह	- 17-18जुलाई, 1948
6.	कैप्टन गुरबचन सिंह सलारिया	- 5 दिसम्बर, 1961

7.	मेजर धनसिंह थापा	- 20 अक्टूबर, 1962
8.	सूबेदार जोगिंदर सिंह	- 23 अक्टूबर, 1962
9.	मेजर शैतान सिंह तेरहवीं	- 18 नवंबर, 1962
10.	कंपनी क्वार्टर मास्टर हवलदार अब्दुल हामिद	- 10 सितंबर, 1965
11.	लेफ्टीनेंट कर्नल आर्देशिर तारापोर	- 15 अक्टूबर, 1965
12.	लांस नायक अलबर्ट एक्का	- 3 दिसम्बर, 1971
13.	फ्लाईंग आफिसर निर्मलजीत सिंह सेखों	- 14 दिसम्बर, 1971
14.	लेफ्टीनेंट अरुण क्षेत्रपाल	- 16 दिसम्बर, 1971
15.	मेजर होशियार सिंह	- 17 दिसम्बर, 1971
16.	नायब सूबेदार बन्ना सिंह	- 23 जून, 1987
17.	मेजर रामास्वामी परमेश्वरन	- 25 नवंबर, 1987
18.	लेफ्टीनेंट मनोज कुमार पांडे	- 3 जुलाई, 1999
19.	ग्रेनेडियर योगेन्द्र सिंह यादव	- 4 जुलाई, 1999
20.	राइफलमैन संजय कुमार	- 5 जुलाई, 1999
21.	कैप्टन विक्रम बत्रा	- 6 जुलाई, 1999

भारत के राष्ट्रीय चिन्ह

1.	राष्ट्रीय ध्वज	- तिरंगा
2.	राष्ट्रभाषा	- हिंदी
3.	राष्ट्रीय पक्षी	- मोर
4.	राष्ट्रीय पुष्प	- कमल
5.	राष्ट्रीय पेड़	- बरगद
6.	राष्ट्र-गान	- जन-गण-मन
7.	राष्ट्रीय नदी	- गंगा
8.	राष्ट्रीय जलीय जीव	- मीठे पानी की डॉलफिन
9.	राजकीय प्रतीक	- सारनाथ स्थित अशोक के सिंह स्तंभ की अनुकृति
10.	राष्ट्रीय पंचांग	- शक संवत
11.	राष्ट्रीय पशु	- बाघ
12.	राष्ट्रीय गीत	- वंदे मातरम्
13.	राष्ट्रीय फल	- आम
14.	राष्ट्रीय खेल	- हॉकी

Class - VII

भाषण विषयक (Oratorical)

विषय (Topics)

1. माता पिता का आदर करना
2. क्यों महत्व है गुरुदक्षिणा
3. आदर्श अध्यापक
4. आदर्श बालक
5. मेरी माँ

कविताएं (Poems)

1. माता-पिता — सोनलपंवार

माता-पिता ,
ईश्वर की वो सौगात है ,
जो हमारे जीवन की अमृतधार है !
आपसे ही हमारी एक पहचान है ,
वरना हम तो इस दुनिया से अनजान थे !
आपके आदर्शों पर चलकर ही ,
हर मुश्किल का डटकर सामना करना सीखा है हमने !
आपने ही तो इस जीवन की दहलीज़ पर हमें ,
अंगुली थामे चलना और आगे बढ़ना सिखाया है ,
वरना एक कदम भी न चल पाने से हम हैरान थे !
आपके प्यार और विश्वास ने काबिल बनाया है हमें ,
जीवन के हर मोड पर आज़माया है हमें ,
वरना हम तो जीवन की कसौटियों से परेशान थे !

आपने हमेशा हर कदम पर सही राह दिखायी है हमें ,
अच्छे और बुरे की पहचान करायी है हमें !
आपने दिया है जीवन का ये नायाब तोहफा हमें ,
जिसे भुला पाना भी हमारे लिए मुश्किल है !
आपकी परवरिश ने ही दी है नेक राह हमें ,
वरना हम तो इस नेक राह के काबिल न थे !
आपसे ही हमारे जीवन की शुरुआत है ,
आपसे ही हमारी खुशियाँ और आबाद है ,
आप ही हमारे जीवन का आधार है ,
आप से हैं हम ,
और आप से ही ये सारा जहांन है !

2. माँ

सब कुछ न्यौछावर कर देती, पर माँगती कुछ नहीं ।
माँ से बढ़कर दुनिया में कोई दूजा ओर महान नहीं ।
खुद भूखी रह लेती है पर अमृत मुझे पिलाती है ।
खुद गीले में सोती है सूखे में हमें सुलाती है
न जान डाले बच्चे में तो उसमें आती जान नहीं
माँ से बढ़कर दुनिया में कोई दूजा और महान नहीं
बच्चे को हँसती देखती है तो मन ही मन खुश होती है
बच्चे के दुख देख के माता खून के आँसू रोती है ।
माँ से बढ़कर ईश्वर का सच पूछो कोई वरदान नहीं ।
माँ से बढ़कर दुनिया में कोई दूजा और महान नहीं ।
रोजा है या रफ सब पर माँ के उपकार हुए ।
माँ की गोदी में सब खेले जितने भी गुरु अवतार हुए ,
माँ के एहसानों का बदला दे सकता इंसान नहीं
माँ से बढ़कर दुनिया में कोई दूजा और महान नहीं ।

3. मेरी माँ — नीशी अग्रवाल

'माँ' जिसकी कोई परिभाषा नहीं,
जिसकी कोई सीमा नहीं,
जो मेरे लिए भगवान से भी बढ़कर है
जो मेरे दुख से दुखी हो जाती है
और मेरी खुशी को अपना सबसे बड़ा सुख समझती है
जिसकी छाया में मैं अपने आप को महफ़ूज़
समझती हूँ, जो मेरा आदर्श है
जिसकी ममता और प्यार भरा आँचल मुझे
दुनिया से सामना करने की शक्ति देता है
जो साया बनकर हर कदम पर
मेरा साथ देती है
चोट मुझे लगती है तो दर्द उसे होता है
मेरी हर परीक्षा जैसे
उसकी अपनी परीक्षा होती है
माँ एक पल के लिए भी दूर होती है तो जैसे
कहीं कोई अधूरापन सा लगता है
हर पल एक सदी जैसा महसूस होता है
वाकई माँ का कोई विस्तार नहीं
मेरे लिए माँ से बढ़कर कुछ नहीं।

Reference: http://hindi.webdunia.com/mothers-day-2009/मेरी-माँ-109050900034_1.htm

4. गुरु वंदना — अभिनव कुमार

अज्ञान तिमिर को दूर करे
वो ज्ञान की लौ फैलाते हैं
हे गुरुवर ! आपकी चरणों में
हम शत-शत शीश झुकाते हैं
साक्षात त्रिदेव के रूप हैं वो
उनके दर्शन से पाप कटे
गुरुदेव कृपा जिसे मिल जाये
वो पल भर में इतिहास रचे
हर संकट उनसे दूर रहे
जो तेरी छाया पाते हैं
हे गुरुवर ! आपकी चरणों में
हम शत-शत शीश झुकाते हैं !

अब याचक बन कर हे गुरुवर !
'कुंदन' तेरे दर आया है
तुझसे विद्या धन पाने को
खाली झोली फैलाया है
जिसने भी पाया ज्ञान तेरा
सर्वत्र वो पूजे जाते हैं
हे गुरुवर ! आपकी चरणों में
हम शत-शत शीश झुकाते हैं !
हम पापी हैं और कपटी भी
सम्मान तेरा क्या कर पायें
इस योग्य भी नहीं हम गुरुवर
तुझको कुछ अर्पण कर पायें
कुछ टूटे-फूटे शब्दों में
हम तेरी महिमा गाते हैं
हे गुरुवर ! आपकी चरणों में
हम शत-शत शीश झुकाते हैं !

Reference: http://kundan1992.jagranjunction.com/2013/09/05/गुरु-वंदना/

5. गुरुवर तुझसे है वंदना — नृपेश शाह

ऐ मेरे गुरुवर मेरी तुझसे है वंदना,
करता रहूँ चरणों में तेरे सदा वंदना,
जय-जय गुरु संघना, जय-जय संत संघना
ऐसी शक्ति मुझको देना, करता रहूँ मैं भक्ति प्रभु ना,
चूक करूँ कोई ना, यही तुझसे है वंदना
जय-जय गुरु संघना, जय-जय संत संघना
ऐसी शक्ति मुझको देना,
क्रोध ना करूँ कभी, लोभ ना करूँ कभी,
करता रहु मंत्रणा, यही तुझसे है वंदना
जय-जय गुरु संघना, जय-जय संत संघना

Reference : http://www.poemocean.com/recording/5328/

निबंध लेखन (Essay Writing)

विषय (Topics)

1. मेरी माँ
2. गुरू-शिष्य-सम्बन्ध
3. आदर्श बालक

नाटक (Drama)

विषय (Topics)

1. कार्तिकेय ओर् गणेश (मातृ पितृ वन्दनं)
2. श्रवण कुमार
3. श्रीकृष्ण की गुरुदक्षिणा
4. एकलव्य की गुरुभक्ति

सामूहिक चर्चा (Group Discussion)

विषय (Topics)

1. माता पिता का आदर करना
2. क्यों महत्व है गुरुदक्षिणा
3. आदर्श अध्यापक
4. आदर्श बालक

कहानी लिखना (Story Writing)

The participants have to tell any stories from Indian mythology related to the Theme.

कविता लिखना (Poem Writing)

The participants have to write a poem in Hindi Related to the Theme.

Class - VIII

भाषण विषयक (Oratorical)

विषय (Topics)

1. पारिस्थितिकी
2. पारिस्थितिकी के संरक्षण
3. हाथी
4. गाय
5. पारिस्थिति की गिरावट
6. पशु वध

कविताएं (Poems)

1. फूल और काँटा — अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध'

हैं जन्म लेते जगह में एक ही,
एक ही पौधा उन्हें है पालता,
रात में उन पर चमकता चांद भी,
एक ही सी चाँदनी है डालता।

मेह उन पर है बरसता एक सा,
एक सी उन पर हवाएँ हैं बहीं,
पर सदा ही यह दिखाता है हमें,
ढंग उनके एक से होते नहीं।

छेदकर काँटा किसी की उंगलियाँ,
फाड़ देता है किसी का वर वसन,
प्यार-डूबी तितलियों का पर कतर,
भँवर का है भेद देता श्याम तन।

फूल लेकर तितलियों को गोद में,

भँवर को अपना अनूठा रस पिला,
निज सुगन्धों और निराले ढंग से,
है सदा देता कली का जी खिला।
है खटकता एक सबकी आँख में,
दूसरा है सोहता सुर शीश पर,
किस तरह कुल की बड़ाई काम दे,
जो किसी में हो बड़प्पन की कसर।

Reference: http://kavitakoshse.blogspot.in/2009/07/blog-post.html

2. गाय और इन्सान — विनय कुमार गुप्ता

एक बार एक कसाई गाय को
काट रहा था
और गाय हँस रही थी....
ये सब देख के कसाई बोला..
"मै तुम्हे मार रहा हूँ
और तुम मुझपर हँस क्यो रही हो...?"
गाय बोलीः जिन्दगी भर मैने घास के
सिवा कुछ नही खाया...
फिर भी मेरी मौत इतनी दर्दनाक है.
तो
हे इंसान जरा सोच
तु मुझे मार के खायेगा तो
तेरा अंत
कैसा होगा...?.

कृप्या पशु पक्षियों की हत्या न करे उन्होने आपका क्या बिगाड़ा। जब ऊपर वाले ने खाने के लिए इतनी चीज़े बनायी है तो जानवरों को मारकर क्यों खाते हो।

3. मुझे कहता है -'माँ'और'माई'.

मुझे कहता है -'माँ'और'माई'.!!
ले जाएगा मुझे कोई कसाई..!!!
ग्वाला दूध दुह चुका था
और अब थन को,
बूंद- बूंद निचोड़ रहा था.
उधर खूंटे से बंधा बछड़ा भूख से बिलबिला रहा था.!!
इसे देखकर ममता ममताई
गाय कुछ कसमसाई.
उसकी ममता उभर आयी.
उसने अपना एक पैर उठाया,
ग्वाले ने पीठ पर डंडा चलाया.!!
भूखे बछड़े की आँखों में
तब गर्म खून उतर आया.
फिर संवेदनशील
गाय ने ही उसे समझाया,!!
बेटा! अब दूध की आस छोड़,
तू चारे से अपनी भूख मिटा.
यह मानव तो बहुत भूखा है..
दूध और अन्न की कौन कहे कभी-कभी,
बालू- सीमेंट- सरिया- पुल
और सड़क भी पचा जाता है.!!
फिर भी इसकी भूख नहीं मिटती, पेट नहीं भरता.
मुझे तो बुढापे तक सहनी है इसकी पिटाई.
जब हो जाउंगी अशक्त, ले जाएगा मुझे कोई कसाई.
फिर भी भूल जाती सबकुछ ,
जब यह पुचकारता है मुझे कहता है -'माँ'और'माई'.!!
'माँ'और'माई'.'माँ'और'माई'.'माँ'और'माई'...!!!

Reference: http://gokrantimanch.blogspot.in/2013/10/blog-post_2579.html

4. गाय हमारी माता है — अर्चना त्यागी

गाय हमारी माता है और हम है इसके बच्चे,
देखो तो सही, माँ कितनी सच्ची है और बच्चे कितने गंदे,
और बच्चे कितने गंदे |

क्या हम काबिल हैं कहलाने के इसके प्यारे बच्चे,
माँ हमारी कितनी काबिल पर बच्चे इसके कितने कच्चे,
पर बच्चे इसके कितने कच्चे |

वो हमें सींचती है अपना अमृत सा दूध देकर,
फिर भी हमारा पेट नहीं भरता इसका सबकुछ लेकर,
इसका सब कुछ लेकर |

क्या हम बच्चे इतने नादान, की कर नहीं सकते सुबकुछ आसान,
वो तो है तत्पर हमारे लिए, पर क्या हम हो पाए है उसके,
आज, अभी और इसी समय, पूछो अपने दिल से,
गर कहते हो माँ उसे, तो मानते क्यों नहीं माँ उसे |

गर्व से कहो गाय हमारी माता है,
और हम उसके अटूट सहारा हैं,
हम उसके अटूट सहारा हैं ||

5. मत करना मनमानी — प्रभुदयाल श्रीवास्तव

हाथी दादा थे जंगल में सबसे वृद्‌ध सयाने,
डरे नहीं वे कभी किसी से किए काम मनमाने।
आया मन तो सूंड़ बढ़ाकर ऊंचा पेड़ गिराया,
जिस पर चढ़ा हुआ था बंदर नीचे गिरकर आया।
कभी सूंड़ में पानी भरकर दर्जी पर फुर्राते,
मुझको दे दो शर्ट पजामे हुक्म रोज फरमाते।

तब पशुओं ने शेर चचा से कर दी लिखित शिकायत,
शेर चचा ने आनन-फानन बुलवाई पंचायत।
पंचायत ने किया फैसला करता जो मनमानी,
बंद करेंगे पांच साल तक उसका हुक्का पानी।
माफी मांगी तब हाथी ने लिखकर किया निवेदन,
आगे अब न होगी ऐसी गलती करता हूं ऐसा प्रण।
तुमसे भी कहते हैं बच्चों मत करना मनमानी,
बंद तुम्हारा किया जाएगा वरना हुक्का पानी।

6. हाथी - घनश्याम मैथिल 'अमृत'सदा झूमता आता हाथी,

सदा झूमता आता हाथी,
सदा झूमता जाता हाथी।
पर्वत जैसी काया इसकी,
भारी भोजन खाता हाथी।
सूंड से भोजन सूंड से पानी,
भर-भर सूंड नहाता हाथी।
छोटी आँखें कान सूप से,
दाँत बड़े दिखलाता हाथी।
राजा रानी शान समझते,
बैठा पीठ घुमाता हाथी।
अपनी पर जो आ जाए तो,
सबको नाच नचाता हाथी।

7. पर्यावरण का पाठ **लालबहादुर श्रीवास्तव**

आओ आंगन-आंगन अपने
चम्पा-जूही-गुलाब-पलास लगाएं
सौंधी-सौंधी खूशबू से अपना

चमन चंदन-सा चमकाएं
हरियाली फैलाकर
ऑक्सीजन बढ़ाएँ
फैले प्रदूषित वातावरण को मिटाएँ
आओ, हम सब नन्हे-मुन्नो
घर-घर अलख जगाएं
पर्यावरण का पाठ
जगभर को पढ़ाएँ।

Reference: http://hindi.webdunia.com/kids-poems

8. हाथी डॉ. रूपचन्द्र शास्त्री "मयंक"

सूंड उठाकर नदी किनारे
पानी पीता हाथी।
सजी हुई है इसके ऊपर
सुन्दर-सुन्दर काठी।।
इस काठी पर बैठाकर
यह वन की सैर कराता।
बच्चों और बड़ों को
जंगल दिखलाने ले जाता।।
भारी तन का, कोमल मन का,
समझदार साथी है।
सर्कस में करतब दिखलाता
प्यारा लगता हाथी है।।

निबंध लेखन (Essay Writing)

विषय (Topics)

1. हाथी
2. गाय
3. पारिस्थिति की के संरक्षण
4. पारितंत्र
5. प्राकृतिक संसाधनों के दोहन
6. पारिस्थिति की गिरावट

नाटक (Drama)

विषय (Topics)

1. श्री गणेश और तुलसी जी की कहानी
2. कामधेनु गाय की कथा
3. गजेन्द्र मोक्ष की कथा
4. भगवती तुलसी की कथा

सामूहिक चर्चा (Group Discussion)

विषय (Topics)

1. पारिस्थिति संरक्षण की आवश्यकता
2. पशु वध
3. प्राकृतिक संसाधनों का नियंत्रित दोहन जरूरी है

कहानी लिखना (Story Writing)

The participants have to tell any stories from Indian mythology related to the Theme.

कविता लिखना (Poem Writing)

The participants have to write a poem in Hindi Related to the Theme.

Class - IX

भाषण विषयक (Oratorical)

विषय (Topics)

1. पेड़ लगाओ
2. वन संरक्षण
3. वन्य जीव संरक्षण
4. बाघों का पुनर्वास

कविताएं (Poems)

1. क्या होता जो पेड़ न होते

कितना सूना होता आँगन ,
कहाँ डालता झूला सावन ।
पग - पग होता घूप का डेरा ,
पंछी करते कहाँ बसेरा ।
कहाँ टपकते ओस के मोती ,
कहाँ नहाता नया सवेरा ।
पर्वत रहते नंग - धडंग ,
नाक - सी बहती नदी बेरंग ।
कहाँ फूटती नई पत्तियाँ ,
धरती को लग जाता जंग ।
दुनिया होती नीली काली ,
तरसते देखन को हरियाली ,
पेड़ न होते छाँव न होती ,
कहीं पथिक को ठाँव न होती ।

झर - झर गिरती बर्फ कहाँ पर ,
कौन थामता बाँह बढाकर ।
कंकरीट के होते जंगल ,
कहाँ मनाता कोई मंगल ।
कोई झेलता इतना प्रदूषण
है कृतज्ञ धरती का कण - कण ।

2. पेड़ बड़ा उपकारी है - रमावध राम

प्रकृति की सारी चीज़ों से,
होती भलाई हमारी है.
इन सब में देखा जाये तो,
पेड़ बड़ा उपकारी है.
प्रदूषण को शोषित कर,
शुद्ध बनाये ऑक्सीजन.
जिसमें हम साँसें लेकर,
जीते हैं सुरक्षित जीवन.
पंछी इस पर करें बसेरा,
कितना ही सुख पाते हैं.
प्रातः सबसे पहले उठकर,
गीत खुशी के गाते हैं.
मिट्टी के कटाव को रोके,
चाहूं ओर सुगंध फैलाते हैं.
अपनी सुंदरता से ये,
धरती को स्वर्ग बनाते हैं.
गर्मी में इसकी छाया,
तन को देती शीतलता.
स्वयं ना अपना फल ये खाए,
औरों के लिए फलता.

3. धरा की पुकार - शिव प्रकाश मीणा

धरती माँ कर रही है पुकार ।
पेङ लगाओ यहाँ भरमार ।।
खूशहाली आयेगी देश में ।
किसान हल चलायेगा खेत में ।।
वृक्ष लगाओ वृक्ष बचाओ ।
हरियाली लाओ देश में ।।
सभी अपने-अपने दिल में सोच लो ।
सभी दस-दस वृक्ष खेत में रोप दो ।।
बारिस होगी फिर तेज ।
मरू प्रदेश का फिर बदलेगा वेश ।।
रेत के धोरे मिट जायेंगे ।
हरियाली राजस्थान मे दिखायेंगे ।।
दुनियां देख करेगी विचार ।
राजस्थान पानी से होगा रिचार्ज ।।

Reference: http://www.hindisahitya.org/38001

4. हवा की धुन पर वन की डाली-डाली गाए - परवीन शाकिर

हवा की धुन पर बन की डाली डाली गाये
कोयल कूके जंगल की हरियाली गाये
रुत वो है जब कोंपल की ख़ुशबू सुर माँगे
पुरवा के हमराह उमरिया बाली गाये
मोरनी बनकर पुरवा संग मैं जब भी नाचूँ
पूर्व भी बन में मतवाली होकर गाये
रात गए मैं बिंदिया खोजने जब भी निकलूँ
कंगन खनके और कानों की बाली गाये
रंग मनाया जाए ख़ुशबू खेली जाए
फूल हँसे पत्ते नाचें और माली गाये

Reference:
http://www.kavitakosh.org/kk/हवा_की_धुन_पर_वन_की_डाली-डाली_गाए_/_परवीन_शाकिर

5. वन महोत्सव गीत - श्रीमती लीला तिवानी

सावन आया रे, सावन आया रे
हरियाली का गीत सुनाता सावन आया रे
खुशहाली की बीन बजाता सावन आया रे, सावन आया रे।।
सूखी धरती लगती थी कल जन्म-जन्म की प्यासी
सावन की बूंदों ने आकर उसकी प्यास बुझा दी
वन के वृक्षों से हैं मिलती अनगिनत चीज़ें हमको
वृक्ष बचाने को ही सावन सरसाता है इनको
सावन आया रे,सावन आया रे।।
आओ मिलकर वृक्ष लगाएं वृक्ष की महिमा गाएं
वन-महोत्सव आयोजन कर सबको यही सिखाएं।।

Reference: http://navbharattimes.indiatimes.com/articleshow/8875079.cms

6. वन में नाचे मोर...

पवन - पवन का शोर ,
वन में नाचे मोर ।
मेघा बरसे घनघोर ,
वन में नाचे मोर ।।
पंख फैलाएँ रूप सलोना ,
सर पे ताज दिखे अनोखा ।
मोर के सुनहरे - सुनहरे पंख ,
मोर का है अलग रंग ।।
हवा चले और शाम ढले ,
सुबह - सुबह का भोर ।
मेघा बरसे घनघोर ,
वन में नाचे मोर ।।

Reference: http://kavitasankalan.blogspot.in/2013/06/van-me-nache-mor.html

7. पेड़-पौधे चिराग हैं वन के **-अजहर हाशमी**

वन में वृक्षों का वास रहने दे!
झील झरनों में सांस रहने दे!
वृक्ष होते हैं वस्त्र जंगल के
छीन मत ये लिबास रहने दे!
वृक्ष पर घोंसला है चिड़िया का
तोड़ मत ये निवास रहने दे!
पेड़-पौधे चिराग हैं वन के
वन में बाकी उजास रहने दे!
वन विलक्षण विधा है कुदरत की
इस अमानत को खास रहने दे!

Reference: http://hindi.webdunia.com/article/hindi-poems/पेड़-पौधे-चिराग-हैं-वन-के-111060500024_1.htm

निबंध लेखन (Essay Writing)

विषय (Topics)

1. पेड़ लगाओ
2. वन संरक्षण
3. वन्य जीव संरक्षण
4. वृक्षारोपण

नाटक (Drama)

विषय (Topics)

1. वन्य जीव संरक्षण
2. वृक्ष अमूल्य धरोहर है
3. वन संरक्षण

सामूहिक चर्चा (Group Discussion)

विषय (Topics)

1. वन्यजीवों का संरक्षण क्यों जरूरी हे
2. वन संरक्षण क्यों जरूरी हे
3. भारत में वन्य जीवन
4. वृक्ष अमूल्य धरोहर है
5. पर्यावरण के संरक्षण के लिए वृक्षारोपण को जनअभियान बनाए

कहानी लिखना (Story Writing)

The participants have to tell any stories from Indian mythology related to the Theme.

कविता लिखना (Poem Writing)

The participants have to write a poem in Hindi Related to the Theme.

Class - X

भाषण विषयक (Oratorical)

विषय (Topics)

1. पर्यावरण संरक्षण
2. गंगा प्रदूषण
3. गर्मी का मौसम
4. हिमालय पर्वत
5. जल संरक्षण
6. बारिश के पानी का संग्रहण
7. ग्लोबल वार्मिंग

कविताएं (Poems)

1. पर्यावरण प्रदूषण पर हिंदी कविता

रहा ना जल पीने लायक
वायु ना जीने लायक
भूमि भी हो गयी है बंझर
कैसा है ये मंझर ?
कान फोड़ती आवाजों का
फैला घातक शोर
उर्वरकों की बीमारी का
भूमि में है जोर।
पानी बिजली कि बर्बादी
नित बढ़ती ये आबादी
कूड़ेदान बनी ये नदियाँ
कलुषित हुयी ये पूरवईयां।

लुप्त हो रहे वन जंगल
लुप्त हो रहे प्राणी
लुप्त हो रही है नदियाँ
और लुप्त हो रही धानी।
जल, वायु और ये भूमि
कुछ भी स्वच्छ अब रहा नहीं
रोग मिल रहे ऐसे-ऐसे
जिनकी कोई दवा नहीं।

2. आओ पर्यावरण बचायें - कैलाशशर्मा

आओ पर्यावरण बचायें,
धरती माँ का क़र्ज़ चुकायें।
सब कुछ पाया धरती माँ से,
बदले में क्या दिया है हमने?
कुदरत की सौगात के बदले,
दूषित आँचल किया है हमने।
नदियों के निर्मल पानी में
बहा गन्दगी अपनी हमने।
गंगा यमुना को दूषित कर
दिया विनाश निमंत्रण हमने।
जंगल काट रहे हैं सारे,
बाँध बनाते हैं नदियों पर।
आसमान छूती इमारतें
बोझ बढाती हैं धरती पर।
अब भी समय, सुधारो गलती,
समय हाथ से निकल न जाये।
करो विकास, मगर यह सोचो,
कर्म तुम्हारा, न धरा मिटाये।

Reference: http://bachhonkakona.blogspot.in/2012/06/blog-post.html

3. कुछ अनसुलझे प्रश्न

जब मात्र-सतात्मक है समस्त सृष्टि ,
धरती है माता, प्रकृति है माता ,
गंगा मईया व् समस्त नदियाँ ,
वोह भी हैं अपनी मातायें, गौ माता ,
निज जननी । और आदि शक्ति
करे अपने विभिन्न रूपों में संचालित समस्त सृष्टि ,
नारी के इन दिव्य व् विस्तृत रूपों में ,
इनके दया, प्रेम ,करुणा ,
सहनशक्ति ,सहजता ,
और निस्वार्थ सेवा जैसे अलौकिक गुणों में,
जब समाहित है सम्पूर्ण विश्व
के सञ्चालन की शक्ति।
यह विश्वसनीय और प्रमाणिक
तथ्य है न की असत्य ,
यदि होता शत-प्रतिशत नारी का
शासन समस्त सृष्टि में ,
तो सारे जगत में होती शांति ,प्रेम ,
भाईचारे , सुख- ऐश्वर्य की वृष्टि।

Reference: http://www.hindisahitya.org/50805

4. संभल जाओ ऐ दुनिया वालो - डी. के. निवातियाँ

संभल जाओ ऐ दुनिया वालो
वसुंधरा पे करो घातक प्रहार नही !
रब करता आगाह हर पल
प्रकृति पर करो घोर अत्यचार नही !!
लगा बारूद पहाड़, पर्वत उड़ाए
स्थल रमणीय सघन रहा नही !
खोद रहा खुद इंसान कब्र अपनी
जैसे जीवन की अब परवाह नही !!

लुप्त हुए अब झील और झरने
वन्यजीवो को मिला मुकाम नही !
मिटा रहा खुद जीवन के अवयव
धरा पर बचा जीव का आधार नहीं !!

नष्ट किये हमने हरे भरे वृक्ष,लताये
दिखे कही हरयाली का अब नाम नही !
लहलाते थे कभी वृक्ष हर आँगन में
बचा शेष उन गलियारों का श्रृंगार नही !

कहा गए हंस और कोयल, गोरैया
गौ माता का घरो में स्थान रहा नही !
जहाँ बहती थी कभी दूध की नदिया
कुंए,नलकूपों में जल का नाम नही !!

तबाह हो रहा सब कुछ निश् दिन
आनंद के आलावा कुछ याद नही
नित नए साधन की खोज में
पर्यावरण का किसी को रहा ध्यान नही !!

विलासिता से शिथिलता खरीदी
करता ईश पर कोई विश्वास नही !
भूल गए पाठ सब रामयण गीता के,
कुरान,बाइबिल किसी को याद नही !!
त्याग रहे नित संस्कार अपने
बुजुर्गो को मिलता सम्मान नही !
देवो की इस पावन धरती पर
बचा धर्म -कर्म का अब नाम नही !!
संभल जाओ ऐ दुनिया वालो
वसुंधरा पे करो घातक प्रहार नही !
रब करता आगाह हर पल
प्रकृति पर करो घोर अत्यचार नही !!

Reference: http://www.hindisahitya.org/49492

5. जल संरक्षण - कुलदीप वशिष्ठ

जल ही जीवन का आधार है
जल ही प्रकृति का सार है
बिन जल ये समस्त चराचर
कल्पना से बाहर है
जल ही तो धरती की शान है
जल है तो जहान है
जल संरक्षण महान है ।
प्रभु ने जल बनाकर
दिया जीवन का संदेश
पैदा किए समस्त जीव जन्तु
खुद भी लिया मानव का भेष

सागर और नदी बनाए
जल सजाने को
घोर पाप बतलाया
व्यर्थ जल बहाने को
कहती यही गीता और कुरान है
जल है तो जहान है
जल संरक्षण महान है ।

Reference: http://www.hindisahitya.org/hindipoems/poem-on-water

6. मान लेना वसंत आ गया — डी. के. निवातियाँ

मान लेना वसंत आ गया
बागो में जब बहार आने लगे
कोयल अपना गीत सुनाने लगे
कलियों में निखार छाने लगे
भँवरे जब उन पर मंडराने लगे
मान लेना वसंत आ गया... रंग बसंती छा गया !!
खेतो में फसल पकने लगे
खेत खलिहान लहलाने लगे
डाली पे फूल मुस्काने लगे
चारो और खुशबु फैलाने लगे
मान लेना वसंत आ गया... रंग बसंती छा गया !!
आमो पे बौर जब आने लगे
पुष्प मधु से भर जाने लगे
भीनी भीनी सुगंध आने लगे
तितलियाँ उनपे मंडराने लगे
मान लेना वसंत आ गया... रंग बसंती छा गया !!
सरसो पे पीले पुष्प दिखने लगे

वृक्षों में नई कोंपले खिलने लगे
प्रकृति सौंदर्य छटा बिखरने लगे
वायु भी सुहानी जब बहने लगे
मान लेना वसंत आ गया... रंग बसंती छा गया !!
धूप जब मीठी लगने लगे
सर्दी कुछ कम लगने लगे
मौसम में बहार आने लगे
ऋतु दिल को लुभाने लगे
मान लेना वसंत आ गया... रंग बसंती छा गया !!
चाँद भी जब खिड़की से झाकने लगे
चुनरी सितारों की झिलमिलाने लगे
योवन जब फाग गीत गुनगुनाने लगे
चेहरों पर रंग अबीर गुलाल छाने लगे
मान लेना वसंत आ गया... रंग बसंती छा गया !!

Reference: http://www.hindimerihindi.in/2015/02/poem-on-nature-in-hindi-poems-on-nature.html#.VZ5IySuUctQ

7. कुदरत

हे ईस्वर तेरी बनाई यह धरती , कितनी ही सुन्दर
नए - नए और तरह - तरह के
एक नही कितने ही अनेक रंग !
कोई गुलाबी कहता ,
तो कोई बैंगनी , तो कोई लाल
तपती गर्मी मैं
हे ईस्वर , तुम्हारा चन्दन जैसे व्रिक्स
सीतल हवा बहाते
खुशी के त्यौहार पर
पूजा के वक़्त पर

हे ईस्वर , तुम्हारा पीपल ही
तुम्हारा रूप बनता
तुम्हारे ही रंगो भरे पंछी
नील अम्बर को सुनेहरा बनाते
तेरे चौपाये किसान के साथी बनते
हे ईस्वर तुम्हारी यह धरी बड़ी ही मीठी

Reference:
http://www.hindimerihindi.in/2015/02/poem-on-nature-in-hindi-poems-on-nature.html#.VZ5lySuUctQ

8. चन्द्र - सुलोचना वर्मा

ये सर्व वीदित है चन्द्र
किस प्रकार लील लिया है
तुम्हारी अपरिमित आभा ने
भूतल के अंधकार को
क्यूँ प्रतीक्षारत हो
रात्रि के यायावर के प्रतिपुष्टि की
वो उनका सत्य है
यामिनी का आत्मसमर्पण
करता है तुम्हारे विजय की घोषणा
पाषाण-पथिक की ज्योत्सना अमर रहे
युगों से इंगित कर रही है
इला की सुकुमार सुलोचना
नही अधिकार चंद्रकिरण को
करे शशांक की आलोचना

Reference:
http://www.hindimerihindi.in/2015/02/poem-on-nature-in-hindi-poems-on-nature.html#.VZ5lySuUctQ

9. दिनकर - सुलोचना वर्मा

मेरी निशि की दीपशिखा
कुछ इस प्रकार प्रतीक्षारत है
दिनकर के एक दृष्टि की
ज्यूँ बाँस पर टँगे हुए दीपक
तकते हैं आकाश को
पंचगंगा की घाट पर
जानती हूँ भस्म कर देगी
वो प्रथम दृष्टि भास्कर की
जब होगा प्रभात का आगमन स्निग्ध सोंदर्य के साथ
और शंखनाद तब होगा
घंटियाँ बज उठेंगी
मन मंदिर के कपाट पर
मद्धिम सी स्वर-लहरियां करेंगी आहलादित प्राण
कर विसर्जित निज उर को प्रेम-धारा में
पंचतत्व में विलीन हो जाएगी बाती
और मेरा अस्ताचलगामी सूरज
क्रमशः अस्त होगा
यामिनी के ललाट पर

Reference: http://www.hindimerihindi.in/2015/02/poem-on-nature-in-hindi-poems-on-nature.html#.VZ5lySuUctQ

10. धरती माता

धरती हमारी माता है,
माता को प्रणाम करो |
बनी रहे इसकी सुंदरता,
ऐसा भी कुछ काम करो |
आओ हम सब मिलजुल कर,

इस धरती को ही स्वर्ग बना दें |
देकर सुंदर रूप धरा को ,
कुरूपता को दूर भगा दें |
नैतिक ज़िम्मेदारी समझ कर,
नैतिकता से काम करें |
गंदगी फैला भूमि पर
माँ को न बदनाम करें |
माँ तो है हम सब की रक्षक
हम इसके क्यों बन रहे भक्षक
जन्म भूमि है पावन भूमि,
बन जाएँ इसके संरक्षक |
कुद्रत ने जो दिया धरा को
उसका सब सम्मान करो |
न छेड़ो इन उपहारों को,
न कोई बुराई का काम करो |
धरती हमारी माता है,
माता को प्रणाम करो |
बनी रहे इसकी सुंदरता,
ऐसा भी कुछ काम करो |

Reference: http://www.hindimerihindi.in/2015/03/poem-on-cleanliness-and-environment-in-hindi.html#.VZ5MKCuUctQ

निबंध लेखन (Essay Writing)

विषय (Topics)

1. ग्लोबल वार्मिंग
2. गंगा प्रदूषण
3. हिमालय पर्वत
4. जल
5. प्रदूषण
6. जल संरक्षण
7. पर्यावरण
8. बारिश के पानी का संग्रहण

नाटक (Drama)

विषय (Topics)

1. गंगा
2. पर्यावरण संरक्षण
3. जल संरक्षण

सामूहिक चर्चा (Group Discussion)

विषय (Topics)

1. प्रदूषण क्या है?
2. जल और स्वच्छता
3. पर्यावरण की रक्षा और विकास के लिए जनभागीदारी की जरूरत
4. बारिश के पानी का संग्रहण

कहानी लिखना (Story Writing)

The participants have to tell any stories from Indian mythology related to the Theme.

कविता लिखना (Poem Writing)

The participants have to write a poem in Hindi Related to the Theme.

Class - XI

भाषण विषयक (Oratorical)

विषय (Topics)

1. नारी का सम्मान
2. नारी शिक्षा
3. धर्मग्रंथों में नारी
4. कन्या भ्रूण हत्या
5. दहेज प्रथा

कविताएं (Poems)

1. नर से बड़ा नारी का दर्जा

विश्व के हर क्षेत्र में अग्रसर है नारी ।।
महिलायें क्यों पीछे रहतीं , कैसी है यह लाचारी ।
नर से बड़ा नारी का दर्जा , आदिशक्ति भी नारी ।।
सृष्टि रचयिता आदिशक्ति , जिनकी है दुनिया सारी ।
जिस धरती पर जनम लिया, वो भारत माता नारी ।।
मिलता है आहार जहाँ से धरती माता नारी ।
भारत की पावन धरती पर गंगा जमुना नारी ।।
नारी का कोई मरम न जाना , नारी द्रौपदी की सारी ।
लाखों रोग को हरने वाली , लक्षमी जी भी नारी ।।
जिनकी कृपा से शब्द निकलता , सरस्वती भी नारी ।
नारी ही दुर्गा, काली , जो असुरों का संहार किया ।।
जब - जब देश पर संकट आया रणचण्डी का अवतार लिया ।
जिसने हमको जनम दिया , वो भी भारत की नारी ।।
बाँधे कलाई कच्चा धागा , बहन हमारी नारी ।

सतयुग , द्दापर , त्रेता में , प्रथम स्थान था नारी का ।।
रूढ़िवादिता दूर करो, अब कलियुग भी नारी का ।
अंतरिक्ष पर जाने वाली , कल्पना भारत की पहली नारी ।।
रहा अधूरा सपना उसका , बने कल्पना हर नारी ।।

2. परिवार को भी शिक्षा की जरूरत है

परिवार को भी शिक्षा की जरूरत है
औरत का स्वयं का उल्लेख करने के लिए अधिक है
शिक्षित महिलाओं राष्ट्र को बचाने के
एक औरत शिक्षा के क्षेत्र में जब
उस औरत तो एक हवेली का निर्माण कर सकते हैं
एक अचल संपति नहीं कल्पना
सभी योग्य शिक्षा की वजह से
साथी महिलाओं में आपका ध्यान की जरूरत है
अपनी आकांक्षा होना ज्ञान के लिए मांग करते हैं
सभी भक्ति के साथ यह छड़ी
ज्ञान के अभाव आक्रोश का कारण बनता हे
एक औरत भी राष्ट्र के अनुसार
वह मति में और बाहर चला जाता है जानता है कि क्या
उसके अवलोकन में सटीक होना करने के लिए
एक औरत अंतज्ज्ञान के कुछ प्रकार की जरूरत है ।
गहरी भावना के साथ ज्ञान के बारे में सोचो
निरक्षरों मात्र भ्रम है , लेकिन कुछ भी नहीं पता
एक मज़बूत राष्ट्र शिखा द्वारा बनाया गया है
निरक्षरता जलता है और एक राष्ट्र नष्ट कर देता है
एक घातक स्थिति में एक राष्ट्र
जरूरतों के संयोजन में पुरुषों और महिलाओं को शिक्षित
उनके विभिन्न व्यवसायों में उन्हें समर्थन
वे एकजुट और मजबूत हो सकता है और राष्ट्र का
निर्माण करेंगे

निरक्षर महिलाओं प्रलोभन के लिए आसान हैं
वे भ्रष्टाचार के घरों में रहते हैं
पैसा कमाने का जल्दी से उनकी हताशा है
एक अमीर आदमी के शिविर अपने गंतव्य है
एक शिक्षित महिला को एक अच्छी प्रतिष्ठा है
वह गिरावट की ओर जाता हे , जो कि समर्थन नहीं करता
उसका उद्देश्य हलचल पैदा करने के लिए नहीं है
वह समर्थन करता है और राष्ट्र के निर्माण के लिए
संघर्ष करता है
एक शिक्षित महिला संचार में कौशल का उपयोग करता है
वह बात करता है तो वह एक ऐसी स्थिति को सही
वह उन सभी बुरी कनेक्शन काट देंगे
उसने कहा कि वह भ्रष्टाचार से नफरत करता रिश्वत दी जा नहीं करेंगे
सहयोग में काम कर जानकार लोगों
शिक्षा के बिना उन लोगों को रोजगार न करें
वे अपने संग्रह में शामिल नहीं हैं
एक ही कोई शिक्षा के साथ महिलाओं के लिए होता है
ज्ञान आवश्यक है कि यह एक दायित्व है
पुरुषों , महिलाओं दोनों शिक्षा की जरूरत
ज्ञान सब बुरा समाधान नष्ट कर देता है
शिक्षा ज्ञान राष्ट्र बचाता है ।

3. नारी तुम हो सबकी आशा

नारी तुम हो सबकी आशा
किन शब्दों में दूँ परिभाषा ?
नारी तुम हो सबकी आशा।
सरस्वती का रूप हो तुम
लक्ष्मी का स्वरुप हो तुम
बढ़ जाये जब अत्याचारी

दुर्गा-काली का रूप हो तुम.
किन शब्दों में दूँ परिभाषा ?
नारी तुम हो सबकी आशा।
खुशियों का संसार हो तुम
प्रेम का आगार हो तुम
घर आँगन को रोशन करती
सूरज की दमकार हो तुम।
किन शब्दों में दूँ परिभाषा ?
नारी तुम हो सबकी आशा।
ममता का सम्मान हो तुम
संस्कारों की जान हो तुम
स्नेह, प्यार और त्याग की
इकलौती पहचान हो तुम।
किन शब्दों में दूँ परिभाषा ?
नारी तुम हो सबकी आशा।
कभी कोमल फूल गुलाब सी
कभी शक्ति के अवतार सी
नारी तेरे रूप अनेक
तू ईश्वर के चमत्कार सी।
किन शब्दों में दूँ परिभाषा ?
नारी तुम हो सबकी आशा।

निबंध लेखन (Essay Writing)

विषय (Topics)

1. नारी का सम्मान
2. नारी शिक्षा
3. धर्मग्रंधों में नारी
4. देश की तरक्की में साक्षर नारी का योगदान
5. दहेज प्रथा

नाटक (Drama)

विषय (Topics)

1. कन्नगी
2. सावित्री की कथा
3. दहेज प्रथा

सामूहिक चर्चा (Group Discussion)

विषय (Topics)

1. नारी का सम्मान
2. महिला साक्षरता आज की आवश्यकता
3. महिला सुरक्षा के लिए क्या करें..?
4. देश की तरक्की में साक्षर नारी का योगदान
5. कन्या भ्रूण हत्या की घटनाएं रोकने के उपाय
6. दहेज प्रथा: कारण और निराकरण

कहानी लिखना (Story Writing)

The participants have to tell any stories from Indian mythology related to the Theme.

कविता लिखना (Poem Writing)

The participants have to write a poem in Hindi Related to the Theme.

Class - XII

देशभक्ति के गीत (Patriotic Songs)

1. राष्ट्रीय गीत **रबीन्द्रनाथ ठाकुर**

जन गण मन अधिनायक जय हे
भारत भाग्यविधाता
पंजाब सिन्धु गुजरात मराठा
द्राविड़ उत्कल बंगा
विन्ध्य हिमाचल यमुना गंगा
उच्छल जलधि तरंगा
तव शुभ नामे जागे
तव शुभ आशीष मागे
गाहे तव जयगाथा
जन गण मंगलदायक जय हे
भारत भाग्यविधाता
जय हे, जय हे, जय हे
जय जय जय जय हे!

2. सारे जहाँ से अच्छा **मुहमद इक़बाल**

सारे जहाँ से अच्छा, हिन्दोस्तां हमारा
हम बुलबुले हैं इसकी, वो गुलसितां हमारा
पर्वत वो सबसे ऊँचा, हमसाया आसमाँ का
वो संतरी हमारा, वो पासवां हमारा, सारे...
गोदी में खेलती हैं, जिसकी हज़ारों नदियां
गुलशन है जिसके दम से, रश्क-ए-जिनां हमारा
सारे....

मजहब नहीं सिखाता, आपस में बैर रखना
हिन्दी हैं हम वतन हैं, हिन्दोस्तां हमारा, सारे...
saare jahaan se achcha hindostaan hamaraa
hum bul bulain hai is kee, ye gulsitan hamaraa
parbat vo sabse unchaa hum saaya aasma kaa
vo santaree hamaraa, vo paasbaan hamaraa
godee mein khel tee hain is kee hazaaron nadiya
gulshan hai jinke dum se, rashke janna hamaraa
mazhab nahee sikhataa apas mein bayr rakhnaa
hindee hai hum, vatan hai hindostaan hamaraa

3. हम होंगे कामयाब - गिरिजा कुमार माथुर

होंगे कामयाब,
हम होंगे कामयाब एक दिन
मन में है विश्वास, पूरा है विश्वास
हम होंगे कामयाब एक दिन।
हम चलेंगे साथ-साथ
डाल हाथों में हाथ
हम चलेंगे साथ-साथ, एक दिन
मन में है विश्वास, पूरा है विश्वास
हम चलेंगे साथ-साथ एक दिन।
होगी शांति चारों ओर, एक दिन
मन में है विश्वास, पूरा है विश्वास
होगी शांति चारों ओर एक दिन।
नहीं डर किसी का आज एक दिन
मन में है विश्वास, पूरा है विश्वास
नहीं डर किसी का आज एक दिन।

Honge kaamyaab, honge kaamyaab, ham honge kaamyaab ek din

Ho ho mann mai hai vishwaas, pura hai vishwaas

Ham honge kaamyaab ek din.........

Hogee shaantee chaaro aur -3 ek din

Ho ho mann mai hai vishwaas, pura hai vishwaas

Hogee shaantee chaaro aur ek din

Ham chalenge saath saath, daale haatho mai haath

Ham chalenge saath saath ek din

Ho ho ho mann mai hai vishwaas, pura hai vishwaas

Ham chalenge saath saath ek din

Nahee darr kisee kaa aaj -3 ke din

Ho ho mann mai hai vishwaas, pura hai vishwaas

Nahee darr kisee kaa aaj ke din

4. क़दम क़दम बढ़ाये जा   कप्तान राम सिंह

क़दम क़दम बढ़ाये जा

ख़ुशी के गीत गाये जा

ये ज़िंदगी है क़ौम की

तू क़ौम पे लुटाये जा

तू शेर-ए-हिन्द आगे बढ़

मरने से तू कभी न डर

उड़ा के दुश्मनों का सर

जोश-ए-वतन बढ़ाये जा

हिम्मत तेरी बढ़ती रहे

ख़ुदा तेरी सुनता रहे

जो सामने तेरे खड़े

तू ख़ाक़ में मिलाये जा

चलो दिल्ली पुकार के
क़ौमी-निशाँ संभाल के
लाल क़िले पे गाड़ के
लहराये जा लहराये जा

Reference :
https://hi.wikipedia.org/wiki/क़दम_क़दम_बढ़ाए_जा

5. झण्डा गीत - श्यामलाल गुप्त 'पार्षद'

विजयी विश्व तिरंगा प्यारा, झण्डा ऊँचा रहे हमारा।
सदा शक्ति सरसाने वाला
प्रेम-सुधा बरसाने वाला
वीरों को हरसाने वाला
मातृभूमि का तन-मन सारा, झण्डा ऊँचा रहे हमारा। 1।
लाल रंग बजरंगबली का
हरा अहल इस्लाम अली का
श्वेत सभी धर्मों का टीका
एक हुआ रंग न्यारा-न्यारा, झण्डा ऊँचा रहे हमारा। 2।
है चरखे का चित्र सँवारा
मानो चक्र सुदर्शन प्यारा
हरे रंग का संकट सारा
है यह सच्चा भाव हमारा, झण्डा ऊँचा रहे हमारा। 3।
स्वतन्त्रता के भीषण रण में
लखकर बढ़े जोश क्षण-क्षण में
काँपे शत्रु देखकर मन में
मिट जाये भय संकट सारा, झण्डा ऊँचा रहे हमारा। 4।
इस झण्डे के नीचे निर्भय
लें स्वराज्य हम अविचल निश्चय
बोलो भारत माता की जय
स्वतन्त्रता हो ध्येय हमारा, झण्डा ऊँचा रहे हमारा। 5।

आओ प्यारे वीरो आओ
देश-धर्म पर बलि-बलि जाओ
एक साथ सब मिल कर गाओ
प्यारा भारत देश हमारा, झण्डा ऊँचा रहे हमारा। 6।
शान न इसकी जाने पाये
चाहें जान भले ही जाये
विश्व विजय कर के दिखलायें
तब होवे प्रण पूर्ण हमारा, झण्डा ऊँचा रहे हमारा। 7।

Reference: https://hi.wikipedia.org/wiki /झण्डा_गीत

भाषण विषयक (Oratorical)

विषय (Topics)

1. राष्ट्रभक्ति
2. स्वतंत्रता दिवस
3. शहीद भगत सिंह
4. राष्ट्रीय एकता और अखंडता
5. मेरा देश महान
6. भारत का ध्वज (तिरंगा)
7. गणतंत्र दिवस
8. परमवीर चक्र

कविताएं (Poems)

1. तिरंगा लहराएंगे... - हरजीत निषाद

भागी परतंत्रता ।
आई स्वतंत्रता ।
देश के सपूतों नें ,
दिखलाई वीरता ।

वीरों की ललकार ।
देशभक्त की पुकार ।
आगे बढ़ी तरुणाई ,
राष्ट्र का करने सिंगार ।
शौर्य को जगाएंगे ।
भारत को सजाएंगे ।
रक्षक हम आजादी के ,
गौरव को बढ़ाएंगे ।
राष्ट्र गीत गाएंगे ।
तिरंगा लहराएंगे ।
पर्व है आजादी का ,
गर्व से मनाएंगे ।

2. आज तिरंगा फहराता है **सजीवनमयंक**

आज तिरंगा फहराता है अपनी पूरी शान से।
हमें मिली आज़ादी वीर शहीदों के बलिदान से।।
आज़ादी के लिए हमारी लंबी चली लड़ाई थी।
लाखों लोगों ने प्राणों से कीमत बड़ी चुकाई थी।।
व्यापारी बनकर आए और छल से हम पर राज किया।
हमको आपस में लड़वाने की नीति अपनाई थी।।
हमने अपना गौरव पाया, अपने स्वाभिमान से।
हमें मिली आज़ादी वीर शहीदों के बलिदान से।।
गांधी, तिलक, सुभाष, जवाहर का प्यारा यह देश है।

जियो और जीने दो का सबको देता संदेश है।।
प्रहरी बनकर खड़ा हिमालय जिसके उत्तर द्वार पर।
हिंद महासागर दक्षिण में इसके लिए विशेष है।।
लगी गूँजने दसों दिशाएँ वीरों के यशगान से।
हमें मिली आज़ादी वीर शहीदों के बलिदान से।।
हमें हमारी मातृभूमि से इतना मिला दुलार है।
उसके आँचल की छैयाँ से छोटा ये संसार है।।
हम न कभी हिंसा के आगे अपना शीश झुकाएँगे।
सच पूछो तो पूरा विश्व हमारा ही परिवार है।।
विश्वशांति की चली हवाएँ अपने हिंदुस्तान से।
हमें मिली आज़ादी वीर शहीदों के बलिदान से।।

Reference: http://www.anubhuti-hindi.org/sankalan/mera_bharat/mera_bharat46.htm

3. मेरा भारत राजेंद्र किशन

जहाँ डाल-डाल पर सोने की चिड़िया करती है बसेरा
वो भारत देश है मेरा
जहाँ सत्य, अहिंसा और धर्म का पग-पग लगता डेरा
वो भारत देश है मेरा
ये धरती वो जहाँ ऋषि मुनि जपते प्रभु नाम की माला
जहाँ हर बालक एक मोहन है और राधा हर एक बाला
जहाँ सूरज सबसे पहले आ कर डाले अपना फेरा
वो भारत देश है मेरा
अलबेलों की इस धरती के त्योहार भी हैं अलबेले
कहीं दीवाली की जगमग है कहीं हैं होली के मेले

जहाँ राग रंग और हँसी खुशी का चारों ओर है घेरा
वो भारत देश है मेरा
जब आसमान से बातें करते मंदिर और शिवाले
जहाँ किसी नगर में किसी द्वार पर कोई न ताला डाले
प्रेम की बंसी जहाँ बजाता है ये शाम सवेरा
वो भारत देश है मेरा

Reference : http://www.anubhuti-hindi.org/sankalan/mera_bharat/mera_bharat20.htm

4. ऐ मेरे वतन के लोगों - कवि प्रदीप

ऐ मेरे वतन के लोगों, तुम खूब लगा लो नारा
ये शुभ दिन है हम सब का, लहरा लो तिरंगा प्यारा
पर मत भूलो सीमा पर, वीरों ने है प्राण गंवाए
कुछ याद उन्हें भी कर लो, कुछ याद उन्हें भी कर लो
जो लौट के घर न आए, जो लौट के घर न आए...
ऐ मेरे वतन के लोगो, ज़रा आंख में भर लो पानी
जो शहीद हुए हैं उनकी, ज़रा याद करो कुरबानी
ऐ मेरे वतन के लोगों ज़रा आंख में भर लो पानी
जो शहीद हुए हैं उनकी, ज़रा याद करो कुरबानी
तुम भूल न जाओ उनको, इसलिए सुनो ये कहानी
जो शहीद हुए हैं, उनकी, जरा याद करो कुरबानी...
जब घायल हुआ हिमालय, ख़तरे में पड़ी आज़ादी
जब तक थी सांस लड़े वो... जब तक थी सांस लड़े वो, फिर अपनी लाश बिछा दी
संगीन पे धर कर माथा, सो गए अमर बलिदानी
जो शहीद हुए हैं उनकी, ज़रा याद करो कुरबानी...
जब देश में थी दीवाली, वो खेल रहे थे होली

जब हम बैठे थे घरों में... जब हम बैठे थे घरों में, वो झेल रहे थे गोली

थे धन्य जवान वो अपने, थी धन्य वो उनकी जवानी

जो शहीद हुए हैं उनकी, ज़रा याद करो कुरबानी...

कोई सिख कोई जाट मराठा, कोई सिख कोई जाट मराठा,

कोई गुरखा कोई मदरासी, कोई गुरखा कोई मदरासी

सरहद पर मरनेवाला... सरहद पर मरनेवाला, हर वीर था भारतवासी

जो खून गिरा पर्वत पर, वो खून था हिंदुस्तानी

जो शहीद हुए हैं उनकी, ज़रा याद करो कुरबानी...

थी खून से लथ - पथ काया, फिर भी बंदूक उठाके

दस - दस को एक ने मारा, फिर गिर गए होश गंवा के

जब अंत समय आया तो.... जब अंत-समय आया तो, कह गए के अब मरते हैं

खुश रहना देश के प्यारो... खुश रहना देश के प्यारो

अब हम तो सफ़र करते हैं।.. अब हम तो सफ़र करते हैं

क्या लोग थे वो दीवाने, क्या लोग थे वो अभिमानी

जो शहीद हुए हैं उनकी, ज़रा याद करो कुरबानी

तुम भूल न जाओ उनको, इसलिए कही ये कहानी

जो शहीद हुए हैं, उनकी जरा याद करो कुरबानी

जय हिंद, जय हिंद, जय हिंद की सेना... जय हिंद, जय हिंद, जय हिंद की सेना..

जय हिंद, जय हिंद जय हिंद, जय हिंद जय हिंद, जय हिंद...

निबंध लेखन (Essay Writing)

विषय (Topics)

1. राष्ट्रभक्ति
2. स्वतंत्रता दिवस
3. शहीद भगत सिंह
4. राष्ट्रीय एकता और अखंडता
5. मेरा देश महान
6. भारत का ध्वज (तिरंगा)
7. गणतंत्र दिवस
8. परमवीर चक्र

नाटक (Drama)

विषय (Topics)

1. गणतंत्र दिवस
2. परमवीर चक्र
3. राष्ट्रभक्ति

सामूहिक चर्चा (Group Discussion)

विषय (Topics)

1. राष्ट्रभक्ति
2. राष्ट्रीय एकता और अखंडता
3. वर्तमान समय में नैतिक मूल्यों की आवश्यकता

कहानी लिखना (Story Writing)

The participants have to tell any stories from Indian mythology related to the Theme.

कविता लिखना (Poem Writing)

The participants have to write a poem in Hindi Related to the Theme.

पहेलियां (Puzzles)

1. एक चीज़ है ऐसी देखे चोर.... मगर चुरा न सके

   उत्तर: विद्‍या - ज्ञान

2. हम माँ बेटी तुम माँ बेटी चलो बाग में चलें तीन आम तोड़ कर पूरा-पूरा खाएँ

   उत्तर:(नानी, माँ और बेटी)

3. वो चीज़ कौन सी जिसका है आकार मगर नहीं है भार ।

   उत्तर: अक्षर

4. वो चीज़ जो गीता में नहीं

   उत्तर: झूठ

5. बिन हाथों के बिन पैरों के घूमें इधर- उधर
   उत्तर: अख़बार

6. जैसे जैसे मुझे तलाशो दिल की अड़चन खोलो प्यार मेरे से पायोगे रुह की भूख मिटाओगे

   उत्तर : किताब

7. एक चीज़ आई ऐसी सुबह चार टांगों पर दुपहर को दो पर शाम को तीन पर

   उत्तर : बचपन...जवां...और बुढ़ापा

8. सुबह-सुबह ही आता हूँ, दुनिया की खबर सुनाता हूँ, बिन मेरे उदास हो जाते, सबका प्यारा रहता हूँ।

   उत्तर : अख़बार

9. आदमी अपनी पुनि जिन्दगी मे सबसे ज्यादा क्या सुनता है

   उत्तर : अपना नाम

10. बाला था जब सबको भाया, बड़ा हुआ कुछ काम न आया।खुसरो कह दिया उसका नाँव, अर्थ कहो नहीं छाड़ो गाँव॥

    उत्तर : दिया

11. मऊ कटू तू काहे रोवय।।

उत्तर : प्याज

12. सूका कुँआ मS सेर नर्राय

उत्तर : मेंढक

13. ओंढो कुँआ मS भोंडो पानी, ओमS नाचय छम-छम रानी।

उत्तर : मेंढक।

14. एक आड़ा की झोपड़ी मS, नव लख गाय समाय।

उत्तर : मधुमक्खी का छाता (छत्ता)

15. बारी हती तब हरी हती, जवानी मS लाल गुलाल।

उत्तर : मिर्च

16. पाठा पS जनी भूरी भईस , ओको दूध अकारत जाय।

उत्तर : मेंढक

17. सबका पहले मS भयो, मSराS पाछअ मSरीS माय, धमा-धमी सी आई मS जेकाS पाछअ भयो बाप।

उत्तर : दूध, दही, मही, घी

18. चार घड़ा अमृत सी भर्या बिन ढकनी की उघड़ा पड़्या।

उत्तर : गाय के स्तन

19. चार भाई रौन्दन-खौन्दन दो भाई छुरी का बंधन एक भाई मक्खी उड़ान्या।

उत्तर : पशु के चार पैर, दो सींग, एक पूंछ

20. नान्ही सी डब्बी मS हाय-हाय का बीजा।

उत्तर : सूखी मिर्च।

21. बालपन मS कारा-कारा

जवानी मS लालम लाल

स्यानापन मS रंग जमावय

बुड्ढापन मS बकरी को कान।

उत्तर : पलाश के फूल

22. चार भाई चार रंग
फूल खिलय एक रंग
उत्तर : पान के पत्ते, पान से ओठ लाल होना

23. बड़ा बेसुरा बड़ा कुरूप
काला है भई उसका रूप
लेकिन उड़ना जाने है वो
मगर नहीं वो पतंग विमान
उसकी वाणी इतनी कढ़वी
पक जाते हैं सुनकर कान
बतलाओ तुम उसका नाम
उत्तर : कौवा

24. मेरे नाम के दो हैं मतलब
दोनों के हैं अर्थ निराले
एकअर्थ में सब्जी हूं मैं
एक अर्थ में पालने वाले
सोच रहे क्या, क्यों हो मौन
बतलाओ कि मैं हूं कौन
उत्तर : पालक

25. नीड़ नहीं वह कभी बनाती, बागों की रानी कहलाती।
काला रंग है उसका भैया, फिर भी सबके दिल को भाती।
उत्तर : वृक्ष

26. लच-लच लकड़ी टेक्या नहीं जाय
नार्या डखर रह्यो बोल्या नहीं जाय।
उत्तर : साँप

27. कोन पखेरू को नाव बतावय

दिन मऽ सोवय रात मऽ जागय।

उत्तर : चमगीदड़ (बन बागुर)

28. बालपन मऽ कारा-कारा

जवानी मऽ लालम लाल

स्यानापन मऽ रंग जमावय

बुड्ढापन मऽ बकरी को कान।

उत्तर : पलाश के फूल

29. औरस चौरस सव-सव खूटा

गाय मरखण्डी, दूध देय मीठा।

उत्तर : मधुमक्खी का छत्ता।

30. बारा आया पाव्हना, रोटी रान्धी एक

घास-घास सब नऽ खाई,रह्य गई एक की एक।

उत्तर : वृक्ष का तना।

31. दाढ़ी वालो पोर्या, हाट बजार बिकाय

देव का माथा पऽ चढ़य, एको अरथ बताय।

उत्तर : नारियल

32. हरा हूँ पर पता नहीं नकलची हूँ पर बंदर नहीं

उत्तर : तोता

33. इक छोटा सा सिपाही , उसकी खिच कर निक्कर लाई .! बताओ क्या ??

उत्तर : केला

34. चार भाई रौन्दन-खौन्दन , दो भाई छुरी का बंधन , एक भाई मक्खी उड़ान्या।

उत्तर : पशु के चार पैर, दो सींग, एक पूंछ

35. घन पाघन बत्तीस घन , कभी नी कटत बाबुर बन ,

उत्तर : छाया

36. काटय ते कटत नी, मारय ते मरत नी।

उत्तर : परछाई (छाया)

37. राजा को बेटा छल्ली, घर फोड़ निकल्यो गल्ली।

उत्तर : धुआँ

38. आड़ी-तेढ़ी बाँसरी बजावन वालो कोनऽ, दुरगा चली मायके, मनावन वालो कोनऽ।

उत्तर : नदी

39. झन्नाऊर बिन्नाऊर, बिन फोतला का चाऊर।

उत्तर : आकाश से गिरने वाली बर्फ (गार)

40. चार खूट चौलख तारा, ओमअ् हीण्डय दो बंजारा।

उत्तर : चार दिशाएँ व चाँद-सूरज

41. बाटी भर राई, घर-भर फैलाई।

उत्तर : तारे

42. ठाटी भरऽ पयसा, न तोसी गिनाय नी मऽसी गिनाय।

उत्तर : आकाश के तारे

43. लाल फूल गुलाब को, झलमल ऊते जिगाय, नी माली घरऽ ऊबजय, नी राजा घरऽ जाय।

उत्तर : सूरज

44. तुम न बुलाओ मैं आ जाऊँगी, न भाड़ा न किराया दूँगी,
घर के हर कमरे में रहूँगी, पकड़ न मुझको तुम पाओगे,
मेरे बिन तुम न रह पाओगे, बताओ मैं कौन हूँ?

उत्तर : हवा

45. गर्मी में तुम मुझको खाते, मुझको पीना हरदम चाहते,
मुझसे प्यार बहुत करते हो, पर भाप बनूँ तो डरते भी हो।
उत्तर : पानी

46. सीधी होकर, नीर पिलाती, उलटी होकर दीन कहलाती
उत्तर : नदी

47. एक नार कुँए में रहे, वाका नीर खेत में बहे।
जो कोई वाके नीर को चाखे, फिर जीवन की आस न राखे।।
उत्तर : तलवार

48. एक जानवर रंग रंगीला, बिना मारे वह रोवे।
उस के सिर पर तीन तिलाके, बिन बताए सोवे।।
उत्तर : मोर

49. एक थाल मोतियों से भरा, सबके सर पर औंधा धरा।
चारों ओर वह थाली फिरे, मोती उससे एक न गिरे।
उत्तर : आसमान

50. एक नार तरवर से उतरी, सर पर वाके पांव
ऐसी नार कुनार को, मैं ना देखन जाँव।।
उत्तर : मैंना

मुहावरे (Proverbs)

1. जाति ना पूछो साधु की; पूछ लीजिए ज्ञान।

   Meaning: A person's merit should be determined by his inherent qualities and contributions as an individual, not by superficial traits which fail to capture the essence of a person."

2. दूर के ढोल सुहाने होते हैं ।

   Meaning: We tend to like the ones we don't have

3. बंदर क्या जाने अदरक का स्वाद

   Meaning: Someone who can't understand can't appreciate.

4. घर का भेदी लंका ढाए

   Meaning: It is the insider who is dangerous and leaks secretive information to help out your enemies

5. जान है तो जहान है

   Meaning: Only if you are alive, things matter.

6. हाथ कंगन को आरसी क्या

   Meaning: What is visible doesn’t need evidence.

7. अन्धों में काना राजा ।

   Meaning: A one-eyed man is king amongst blind men.

8. घर की मुर्गी दाल बराबर : अपनी चीज़ की कद्र न होना ।

   Meaning: Self possessions are always undermined and other's possessions seem better.

9. अंत भला तो सब भला ।

Meaning: If the end is good, everything is good.

10. तुम जियो हजारों साल, साल के दिन हो पचास हजार ।

Meaning: May you live a long life.

11. चिड़िया फँसाना

Meaning: To entrap someone.

12. किताबी कीड़ा

Meaning: The one who read a lot.

13. आप भला तो जग भला ।

Meaning: If you are good, you will find that everyone else is good too.

14. घास काटना।

Meaning: defeating someone.

15. आम के आम गुठलियों के दाम

Meaning: Double benefit.

16. कहीं धूप कही छाया

Meaning: strange variation.

17. खोदा पहाड़ निकली चुहिया

Meaning: Infinitesimal result after much effort.

18. छोटा मुँह और बड़ी बात

To talk big without having a big position.

19. अक्ल के घोड़े दौड़ाना

Meaning: To indulge in mental gymnastics

20. ऊँट की चोरी और नीचे-नीचे

Meaning: To try to conceal what is conspicuous

21. गधा खेत खाए और कुम्हार मारा जाए

Meaning: To denounce a wrong person / To bark up a wrong tree

22. गधी से गिरकर गुस्सा कुम्हार पर उतारना

Meaning: To bark up a wrong tree

23. गधे को भी घोड़ा बनाना ।

Meaning: To make donkey run faster than the horse

24. गधे पर चढ़ाना

Meaning: To disgrace, to humiliate

25. गधे से घोड़े का काम लेना । (Gadhe Se Ghode Ka Kam Lena) in English

Meaning: To get better results from a person than his qualities admit of

26. जंगल में मंगल ।

Meaning : A paradise in wilderness

27. जंगल में मोर नाचा किसने देखा ।

Meaning : Moss in a mountain and wit in a poor mans breast are little thought of Wood in a wilderness

28. शेर की खाल में गधा ।

Meaning : An ass in lions skin

29. नानी के आगे ननिहाल की बातें ।

Meaning : Old Birds Are Not To Be Caught By Chaff

30. नाचने लगे तो घूंघट गया

Meaning : Poverty breeds contempt

31. अच्छा व्यवहार करने वाली महिलाएं कभी-कभी ही इतिहास बनाती हैं.

Meaning : Well-behaved women seldom make history.

32. हर चीज से बढ़कर, अपने जीवन की नायिका बनिए शिकार नहीं

Meaning : Above all, be the heroine of your life, not the victim."

33. आप एक आदमी को शिक्षित करते हैं तो आप एक आदमी को शिक्षित करते हैं;

आप एक औरत को शिक्षित करते हैं तो आप एक पीढ़ी को शिक्षित करते हैं।

Meaning : You educate a man; you educate a man.

You educate a woman; you educate a generation.

34. औरतें गिर सकती हैं जब मर्द में कोई ताकत ना हो

Meaning : Women may fall when there's no strength in men.

35. दुनिए की सबसे बड़ी शक्ति नौजवानी और औरत की सुन्दरता है।

Meaning : The world's biggest power is the youth and beauty of a woman.

36. महिलाएं समाज की वास्तविक वास्तुकार होती हैं ।

Meaning : Women are the real architects of society.

37. पुरुषों के प्रण महिलाओं के गद्दार हैं !

Meaning : Men's vows are women's traitors!

38. औरतें प्यार करने के लिए बनी हैं , समझने के लिए नहीं .

Meaning : Women are made to be loved, not understood.

39. हर सफल आदमी के पीछे एक औरत है

Meaning : Behind every successful man is a woman,

40. मौन औरतों के लिए एक आभूषण है ।

Meaning : Silence is an ornament for wome

41. महिलाआ की इनायत उनकी खूबसूरती से अधिक प्रभाव डालती हैं ।

Meaning : Grace in women has more effect than beauty.

42. औरतों के लिए आंसू कुछ नहीं बस आँख का पसीना हैं

Meaning : For women's tears are but the sweat of eyes.

43. नाच न जाने आँगन टेढ़ा

Meaning : A bad workman quarrels with his tools

44. न बासी बचे न कुत्ता खाए

Meaning : To live from hand to mouth

45. मधुर वचन सौ क्रोध न साही ।

Meaning : A soft answer turns away wrath

Bibliography

1. Books
   1) Ramayana - Valmiki
   2) Padma Purana
   3) Srimad Bhagavad-Gita
   4) Panchatantra - Vishnu Sharma
2. Website
   1) http://4yashoda.blogspot.in
   2) http://creative.sulekha.com
   3) http://days.jagranjunction.com
   4) http://hindi.indiawaterportal.org
   5) http://hindi.webdunia.com
   6) http://hindiquotes.org
   7) http://kathapuran.blogspot.in
   8) http://literature.awgp.org
   9) http://meher-joshi.blogspot.in
   10) http://nathjimaharajmahabharat.blogspot.in
   11) http://vedicastrologyandvaastu.blogspot.in
   12) http://www.achhikhabar.com
   13) http://www.anubhuti-hindi.org
   14) http://www.hindinest.com
   15) http://www.hindisahitya.org
   16) http://www.hindisahityadarpan.in
   17) http://www.poemocean.com
   18) http://www.pravakta.com
   19) https://hi.wikipedia.org
   20) http://kids.dadabhagwan.org
   21) http://www.guide2india.org

Notes

Notes

IMCTF ORGANISING COMMITTEE

Convenor

Smt. Sheela Rajendra,
Deputy Dean, Director & Correspondent, PSBB Schools.,

Co-Convenors

Sri. M.N.Venkatesan,
Joint Secretary,
Vivekananda Educational Society

Sri. R.J.Bhuvanesh,
CEO, Kaligi Ranganathan
Group of Schools

Sri. Rajendran,
CEO, DAV School,
Adambakkam

Secretary

Smt. Mohini Chordia
AM Jain Group of Schools

Members

Sri. Mukesh Mehta
AB Parekh
Senior Secondary School

Brother Vijayan,
Amrita Vidyalayam

Sri. Vikas Arya
Vice President
Arya Samaj

Sri. Sankar Ramakrishnan
Sankara Group of Schools

Sri. Atul Nangia
Punjab Association Group of Schools

IMCTF Co-ordinators

Sri. Thyagaragan
Member, Core Team
Mobile : 7299069730

Sri. Swamy
Member, Core Team
Mobile : 7299069731

Sri. Venkat
Member, Core Team
Mobile : 7299069732

IMCTF Pledge

*I revere **"Trees"** as symbol of **Forests***

*I revere **"Snakes"** as symbol of **Wild Life***

*I revere **"Cows"** as symbol of all **Living Beings***

*I revere **"Ganga"** as symbol of **Nature***

*I revere **"Mother Earth"** as Symbol of **Environment***

*I revere my **"Parents"** as symbol of **Human Values***

*I revere my **"Teachers"** as symbol of **Learning***

*I revere **"Women"** as symbol of **Motherhood***

*I revere **"War Heroes"** as symbol of **Bharat***

THE PLEDGE

I revere **"Trees"** as symbol of **Forests**

I revere **"Snakes"** as symbol of **Wild Life**

I revere **"Cows"** as symbol of **All Living Beings**

I revere **"Ganga"** as symbol of **Nature**

I revere **"Mother Earth"** as Symbol of **Environment**

I revere my **"Parents"** as symbol of **Human Values**

I revere my **"Teachers"** as symbol of **Learning**

I revere **"Women"** as symbol of **Motherhood**

I revere **"War Heroes"** as symbol of **Bharath**

Initiative for Moral and Cultural Training Foundation [IMCTF]

Head Office: 4th Floor, Ganesh Towers, 152, Luz Church Road,Mylapore, Chennai - 600 004.

Admin. Office : 2nd Floor, "Gargi", New No: 6 (Old 20), Balaiah Avenue, Luz, Mylapore, Chennai - 600 004.

E-Mail: imcthq@gmail.com Website : www.imct.org.in